डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel
Search rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 22.02.2021 से 28.02.2021

होशंगाबाद जिले का नाम अब नर्मदापुरम् होगा

नर्मदा के किनारे सीमेंट कांक्रीट का जंगल नहीं बनने देंगे – मुख्यमंत्री

"होशंगाबाद, पुण्य सलिला मां नर्मदा के तटों तथा उनके तट पर बसे नगरों का विकास प्राकृतिक रूप से किया जाएगा, वहां हम सीमेंट कांक्रीट का जंगल नहीं बनने देंगे। साथ ही नर्मदा जल की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। होशंगाबाद जिले का नाम अब नर्मदापुरम् होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने होशंगाबाद जिले के सेठानी घाट पर माघ शुक्ल सप्तमी नर्मदा जयंती के अवसर पर मां नर्मदा की पूजा के बाद आमजन को संबोधित करते हुये कहीं।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान होशंगाबाद के सेठानी घाट पर आमजन को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर पालिका को निर्देश दिए हैं कि होशंगाबाद नगर का लंबित सीवेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। नर्मदा जल में गंदा पानी नहीं मिलना चाहिए।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जिला अस्पताल होशंगाबाद का उन्नयनीकरण कर इसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया जाएगा। दशहरा मैदान का भी विकास किया जाएगा। नगर में ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा।

माफिया के विरुद्ध जारी रहेगी कार्रवाई

श्री चौहान ने पुलिस अधीक्षक होशंगाबाद को सख्त निर्देश दिये कि गुंडे बदमाशों, खनिज माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही करें, नहीं तो मैं आपके विरुद्ध कार्रवाई करूंगा। उन्होंने कहा कि चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, उनकी संपत्ति नीलाम की जाए। बेटियों के विरुद्ध अपराध करने वालों को कठोरतम सजा दी जाए।

प्रतिदिन एक पेड़ लगायेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने नर्मदा जयंती पर यह संकल्प लिया है कि मैं आज से एक वर्ष तक रोज एक पेड़ लगाऊंगा। आज मैंने अमरकंटक एवं होशंगाबाद में एक-एक पेड़ लगाया है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे कम से कम वर्ष में एक बार पेड़ लगाएं।

बुधनी महोत्सव अगले वर्ष से प्रारंभ किया जाएगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगले वर्ष से बुधनी महोत्सव प्रारंभ किया जायेगा, जो नर्मदा जयंती के अवसर पर आयोजित होगा। श्री चौहान ने कहा कि बुधनी को मिनी स्मार्ट सिटी बनाने के लिये मास्टर प्लान तैयार कराया जा रहा है। बुधनी में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से सुपर स्पेशलिटी शासकीय चिकित्सालय का निर्माण कराया जायेगा। हर घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

बेटियों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए संकल्पित हैं मुख्यमंत्री

सांसद श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में बेटियों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए संकल्पित हैं और उसके लिए हर संभव कार्य किया जा रहा है। मां नर्मदा जयंती के अवसर पर उन्होंने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

विधायक श्री सीताशरण शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने प्रदेश को माफिया मुक्त करने की दिशा में सराहनीय कार्य किए हैं। श्री शर्मा ने क्षेत्र के विकास के संबंध में कुछ मांगें श्री चौहान के सम्मुख रखीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने पूरा करने का आश्वासन दिया।

नर्मदा जयंती के अवसर पर मां नर्मदा के पावन जल में हजारों दीप प्रज्ज्वलित कर प्रवाहित किए गए।

अमरकंटक में की मां नर्मदा की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर सपत्नीक धार्मिक एवं पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की उत्तरोत्तर तरक्की, खुशहाली और नागरिकों की सुख-समृद्धि की कामना की। नर्मदा जन्मोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना उपरान्त 108 कन्याओं का पूजन किया। कन्या पूजन के बाद कन्या भोज भी आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री के निर्देश

जनजातीय छात्रावास शीघ्र प्रारंभ किये जायें

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जनजातीय छात्रावास शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कक्षा 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड तथा महाविद्यालयीन परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छात्रावासों का संचालन आरंभ किया जा रहा है। छात्रावासों में कोविड-19 से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों का पालन अनिवार्य होगा।

42 हजार विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

इस निर्णय से विद्यालय स्तर के सामान्य छात्रावास और आवासीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लगभग 34 हजार तथा महाविद्यालयीन स्तर के 8 हजार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। प्रदेश में 1195 सीनियर छात्रावास, 152 महाविद्यालयीन छात्रावास, 126 विशिष्ट संस्थाएं जैसे आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तथा गुरूकुलम् विद्यालय जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित हैं।

अभिभावकों की सहमति आवश्यक

कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए छात्रावासों में साफ-सफाई, स्वच्छता तथा सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छात्रावासों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को ही रहने की अनुमति दी जाएगी। यह सुविधा 9वीं तथा 11वीं के विद्यार्थियों के लिये नहीं होगी। आश्रम, जूनियर छात्रावासों को अभी नहीं खोला जाएगा। छात्रावासों में रहने के लिए अभिभावकों की सहमति आवश्यक होगी।

प्रत्येक छात्रावास में पृथक से एक क्वारेंटाइन रूम बनाया जाएगा। छात्रावासों में कोविड-19 से बचाव के लिए लागू गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित कराने के लिए छात्रावास अधीक्षकों का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण कराया जाएगा।

खास खबर

महाविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल को प्रभावी बनायें

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के लिये महाविद्यालयों में स्थापित प्लेसमेंट सेल को प्रभावी बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि प्लेसमेंट सेल द्वारा अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोज़गार उपलब्ध कराया जाये। उच्च शिक्षा विभाग में संचालित स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के प्रभारी शिक्षक ही इस प्लेसमेंट सेल के प्रभारी होंगे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

जुलाई-2021 से शुरू होगा न्यूनतम समान पाठ्यक्रम

भोपाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिये चरणबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। पहले चरण में स्नातक प्रथम वर्ष के लिये पाठ्यक्रम तैयार किया जायेगा। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में न्यूनतम समान पाठ्यक्रम जुलाई-2021 से संचालित किया जायेगा। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत राज्य स्तरीय टॉक्स फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहीं। बैठक में समिति के सदस्यों से सुझाव लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों का सकल पंजीयन बढ़ाने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से योजना तैयार की जायेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका होगी। बेहतर प्रत्यायन और रैंकिंग प्राप्त करते हुए अधिकाधिक शासकीय स्वशासी महाविद्यालयों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक जिले में कम से कम एक महाविद्यालय को आदर्श बनाया जायेगा। एकल संकाय महाविद्यालयों को बहुसंकाय महाविद्यालय में उन्नयन करने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने शोध कार्यों एवं नवाचारों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग पर जोर दिया। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति बेहतर ढंग से लागू की जायेगी। बैठक में रखे गये सुझावों को ध्यान में रखकर चार सदस्यीय समिति बनाकर विभिन्न पाठ्यक्रमों में संशोधन की कार्यवाही की जायेगी। स्नातक प्रथम वर्ष से शोध कार्यों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पाठ्यक्रमों में लोक संस्कृति एवं लोक भाषा का ध्यान रखा जायेगा।

प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने बताया कि नई शिक्षा नीति में सकल पंजीयन अनुपात को 50 प्रतिशत तक ले जाने के लिये लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये एक चुनौती के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही रोज़गारपरक शिक्षा से जोड़ा जाये, तो यह हमारी उपलब्धि होगी।

मध्यप्रदेश का अति सघन वन क्षेत्र 2437 वर्ग किलोमीटर बढ़ा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वन विभाग की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वन विभाग की समीक्षा करते हुये प्रदेश में अति सघन वन क्षेत्र में 2437 वर्ग किलोमीटर अर्थात 2 लाख 43 हजार 700 हेक्टेयर की वृद्धि होने पर वन समितियों और वन विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिये बड़ी उपलब्धि है। भारतीय वन सर्वेक्षण 2019 की रिपोर्ट में यह तथ्य प्रदर्शित किए गए हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2005 में प्रदेश में अति सघन वन क्षेत्र 4239 वर्ग किलोमीटर था, जो 2019 में बढ़ कर 6676 वर्ग किलोमीटर अर्थात 6 लाख 67 हजार 600 हेक्टेयर हो गया है।

मुख्यमंत्री ने समुदाय की भागीदारी से वनावरण में वृद्धि होने पर वन समितियों के कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि वनावरण बढ़ाने वाली वन समितियों को प्रोत्साहित और पुरस्कृत किया जायेगा। वन समितियों को सशक्त बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा वे स्वयं वन क्षेत्र विस्तार में बेहतर कार्य करने वाली वन समितियों के द्वारा लगाये गये वनों का अवलोकन करेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि वनावरण में वृद्धि के साथ ही वन आधारित गतिविधियों तथा वनोपजों के संग्रहण और विक्रय में रोज़गार के अवसर बढ़ाये जायें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

13 फरवरी

इसरो और मैप माय इंडिया बनायेंगे गूगल मैप की तरह स्वदेशी पोर्टल

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने लोकेशन और नेविगेशन सेवायें देने वाली कंपनी मैप माय इंडिया के साथ मिलकर देश के पहले घरेलू मैपिंग पोर्टल और भू-स्थानिक सेवायें शुरू करने की घोषणा की है। इस पोर्टल पर भारत का सही नक्शा तो दर्शाया ही जायेगा। साथ ही देश के लाखों गांवों और शहरों के गली-मोहल्लों की सही जानकारी उपलब्ध होगी। मैप माय इंडिया के सीईओ तथा कार्यकारी निदेशक रोहन वर्मा ने बताया कि इस पोर्टल के लिये इसरो की तरफ से सैटेलाइट इमेज और ऑब्जर्वेशन डाटा उपलब्ध कराया जायेगा, जबकि मैप माय इंडिया डिजिटल तरीके से सर्विस उपलब्ध करायेगा।

● चीन ने ब्रिटेन के टीवी चैनल बीबीसी वर्ल्ड न्यूज पर प्रतिबंध लगा दिया है। चीन ने यह प्रतिबंध रिपोर्टिंग के लिये निर्धारित गाइड लाइन का पालन नहीं करने का हवाला देते हुये लगाया है। चीन ने कोरोना महामारी और शिनजियांग प्रांत में उइगर अल्पसंख्यकों के साथ किये जा रहे अमानवीय व्यवहार को लेकर बीबीसी वर्ल्ड न्यूज की रिपोर्टिंग पर आपत्ति उठाई थी। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमिनिक रैब ने चीन में बीबीसी वर्ल्ड न्यूज का प्रसारण रोकने के निर्णय को अस्वीकार्य बताया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ब्रिटिश मीडिया रेगुलेटर ऑफ कॉम ने चीन के सरकारी अंग्रेजी चैनल सीजीटीएन (चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क) का लाइसेंस रद कर दिया था, जिसके बाद चीन ने जवाबी कदम उठाने की धमकी दी थी।

14 फरवरी

जीएसटी की चोरी पर निलंबित होगा जीएसटी पंजीयन

● केंद्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कर चोरी पर लगाम लगाने के लिये मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। एसओपी के तहत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के उल्लंघन पर जीएसटी पंजीयन निलंबित होगा। एसओपी में जीएसटी अधिकारियों को अब यह अधिकार दिया गया है कि वह ऐसे करदाताओं का जीएसटी पंजीयन तुरंत निलंबित कर सकते हैं, जिनके बिक्री रिटर्न यानी जीएसटीआर-1 फॉर्म और उनके आपूर्तिकर्ता द्वारा दायर रिटर्न में बड़ा अंतर होगा। जीएसटी अधिनियम का उल्लंघन या खामियां पाये जाने की स्थिति में अधिकारी पंजीयन रद कर सकते हैं।

● अरुणाचल प्रदेश के तवांग को भारतीय संघ में शामिल कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मेजर रालेंग्नाओ बॉब खातिंग को पहली बार सम्मानित करते उनके नाम पर तवांग में एक स्मारक की आधारशिला रखी गई। उल्लेखनीय है कि खातिंग तात्कालीन नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (नेफा) के सहायक राजनीतिक अधिकारी रह चुके हैं। उन्होंने 17 जनवरी 1951 में तवांग को भारत में मिलाने का काम किया था, इससे पहले तवांग स्वतंत्र तिब्बत प्रशासन का हिस्सा था।

15 फरवरी

फॉस्टैग नहीं लगवाया तो लगेगा दोगुना टोल टैक्स

● केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने फॉस्टैग को लेकर गाइड लाइन जारी की है। अब देशभर के टोल प्लाजाओं पर फॉस्टैग को अनिवार्य किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि अब फॉस्टैग लगवाने की डेडलाइन में इजाफा नहीं किया जायेगा। अब टोल प्लाजा पर चार पहिया या उससे बड़े वाहन फॉस्टैग से ही गुजर सकेंगे। अगर फॉस्टैग नहीं लगा होगा तो वाहनों पर दोगुना टोल वसूला जायेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव श्री गिरधर अरमने ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर कहा कि शत-प्रतिशत फॉस्टैग लागू करने में राज्य सहयोग करें।

● भारतीय खगोल वैज्ञानिकों ने एक विशाल ब्लैक होल 'वीएल लैकेर्ट' से बहुत तेज रोशनी दिखाई देने का दावा किया है। खगोलविदों के इस विश्लेषण से ब्लैक होल के द्रव्यमान और उत्सर्जन के स्रोत का पता लगाने में मदद मिलेगी। यह जानकारी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार इस तरह का विश्लेषण ब्रह्मांड की उत्पत्ति के विभिन्न चरणों के रहस्यों को सुलझाने और विभिन्न घटनाओं का पता लगाने में मददगार साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि वीएल लैकेर्ट पृथ्वी से एक करोड़ प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। यह उन प्रमुख ब्लैक होल में शुमार है, जिनके बारे में खगोलविदों के अंतर्राष्ट्रीय समूह 'होल अर्थ ब्लेजर टेलिस्कोप' ने आग की लपटों से निकलते प्रकाश का पूर्वानुमान लगाया था।

16 फरवरी

एनटीए ने स्थगित किया कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन सीमैट टेस्ट

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (सीमैट) 2021 को स्थगित कर दिया है। एनटीए ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने सीमैट की परीक्षा पैटर्न में बदलाव की घोषणा की है। एआईसीटीई ने प्रवेश परीक्षा में इनोवेशन और इंटरप्रिन्योरशिप का एक अतिरिक्त सेक्शन जोड़ा है। हालांकि यह सेक्शन परीक्षार्थियों के लिये वैकल्पिक होगा और इसमें 25 प्रश्न होंगे। परीक्षा पैटर्न में बदलाव को देखते हुये सीमैट परीक्षा स्थगित की गई है। पहले यह परीक्षा 22 और 27 फरवरी को आयोजित होनी थी, लेकिन अब यह परीक्षा मार्च या अप्रैल महीने में आयोजित हो सकती है। एनटीए ने परीक्षा के लिये रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया फिर शुरू कर दी है। अब 25 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन होंगे।

● अमेरिका में कोरोना वायरस के सात नये वेरिएंट मिले हैं। यह जानकारी अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन के आधार पर दी है। अध्ययन के अनुसार ये नये वेरिएंट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के स्वरूप से मिलते-जुलते हैं। हालांकि अभी यह जानकारी नहीं है कि ये वेरिएंट ब्रिटेन वाले वेरिएंट की तरह संक्रामक हैं या नहीं।

17 फरवरी

भारतीय रेलवे ट्रेनों में लगायेगी स्मार्ट विंडो

● भारतीय रेलवे अब सफर को स्मार्ट बनाने जा रही है। रेलवे ट्रेनों में स्मार्ट विंडो लगा रही है, जिससे ट्रेनों की खिड़कियों में परदे की जरूरत नहीं होगी। यह स्मार्ट विंडो पॉलिमर डिस्पर्सड लिक्विड क्रिस्टल आधारित शीशे से बनी होगी। इनकी खासियत है कि यात्रा के दौरान यात्री खुद तय करेंगे कि विंडो को पारदर्शी रखना है या नहीं। रेलवे ने पायलेट प्रोजेक्ट के तहत नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस के कोचों में स्मार्ट विंडो लगाई गई है। रेलवे इस स्मार्ट विंडो को लेकर यात्रियों से रायशुमारी करेगा। रेलवे ने कहा कि यात्रियों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर सभी ट्रेनों में स्मार्ट विंडो लगाने पर विचार किया जायेगा।

● ऑस्ट्रेलिया में गूगल और फेसबुक को समाचार सामग्री के लिये भुगतान करना पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा कि वह समाचारों के प्रकाशन के बदले में गूगल और फेसबुक द्वारा भुगतान किये जाने से जुड़े मसौदे में बदलाव करेगी। पहले मसौदे के तहत सरकार ने प्रत्येक समाचार पर क्लिक के एवज में भुगतान करने की व्यवस्था की थी, लेकिन अब इन तकनीकी कंपनियों को देश के मीडिया कंपनियों से ली गई समाचार सामग्री के लिये भुगतान करना होगा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने फेसबुक और गूगल के शीर्ष अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर मसौदे में बदलाव करने का निर्णय लिया है।

18 फरवरी

यूरोपियन स्पेस एजेंसी करेगी अंतरिक्ष यात्रियों की भर्ती

● यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए) अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिये नये अंतरिक्ष यात्रियों की भर्ती करेगी। ईएसए पिछले 11 वर्षों में पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों की भर्ती के लिये अभियान शुरू करेगी। ईएसए इसमें महिलाओं और विकलांग लोगों को चंद्रमा और मंगल ग्रह पर जाने वाले अभियानों के लिये शामिल करना चाहती है। ईएसए ने कहा कि 31 मार्च तक चलने वाले भर्ती अभियान के लिये बड़ी संख्या में लोग आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को इसके लिये कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। ईएसए ने कहा कि वह अपने क्रू मेंबर्स में विविधता को बढ़ाना चाहती है। इस भर्ती अभियान के तहत 26 स्थायी तथा रिज़र्व अंतरिक्ष यात्रियों की भर्ती होगी। भर्ती अभियान के लिये अभ्यर्थियों के पास नेचुरल साइंस, इंजीनियरिंग, मैथेमेटिक्स या कम्प्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री होना जरूरी है।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिये सख्त कदम उठाने जा रहा है। ईपीएफओ अपने सदस्यों को ऑनलाइन माध्यम से प्रोफाइल में बड़े बदलाव करने की अनुमति नहीं देगा। अब डॉक्यूमेंट जांच के बाद ही प्रोफाइल में बड़े बदलाव किये जा सकेंगे। ईपीएफओ के अनुसार ऑनलाइन करेक्शन के कारण कई बार रिकॉर्ड में गड़बड़ी की आशंका रहती है। ईपीएफओ ने एक सर्कुलर जारी कर कहा कि अब किसी कागजी प्रूफ के बिना किसी भी कर्मचारी के रिकॉर्ड में सुधार नहीं किया जाये। अगर नियोक्ता ने गलत डाटा अपलोड किया है, तो प्रूफ के साथ ही उसमें सुधार होगा।

19 फरवरी

फेसबुक ने ऑस्ट्रेलिया में खबरों को किया ब्लॉक

● खबरों के भुगतान को लेकर फेसबुक और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे टकराव के दौरान फेसबुक ने ऑस्ट्रेलिया में अपने यूजर्स को अपने प्लेटफॉर्म पर खबरें दिखाने या साझा करने पर रोक लगा दी है। फेसबुक ने यह कदम ऑस्ट्रेलियाई सरकार के उस प्रस्तावित कानून के विरोध में उठाया है, जिसमें खबरों के इस्तेमाल पर ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों को भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। यह कानून फेसबुक और गूगल जैसी कंपनियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। फेसबुक ने इस संबंध में जारी एक बयान में कहा कि उसके प्लेटफॉर्म पर ऑस्ट्रेलियाई प्रकाशक समाचार सामग्री प्रकाशित कर सकते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई यूजर्स इसे देख या साझा नहीं कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने फेसबुक के इस कदम की निंदा करते हुये इसे देश की संप्रभुता पर हमला तथा शक्ति का दुरुपयोग बताया है।

● जर्मनी में कोरोना महामारी ने एक बार फिर दहशत बना दी है। जर्मनी में ब्रिटेन से आया कोरोना का नया वेरिएंट ज्यादा घातक और संक्रामक हो गया है। जर्मनी के स्वास्थ्य मंत्री जेंस स्पान ने बताया कि ब्रिटेन का कोरोना वेरिएंट यहां ज्यादा घातक है। नये संक्रमित लोगों में 22 प्रतिशत मरीजों में इस तरह का वेरिएंट मिला है। यह स्ट्रेन लोगों को ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

R-45245/2021

R-45243/2021

वर्ष 38, अंक 08 22.02.2021 से 28.02.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

पथ-विक्रेता योजना

चालीस हजार विक्रेताओं को मिला ऋण

प्रदेश के बेटा-बेटी, भाई-बहन अपने स्वयं के काम-धंधे संचालित करें और सम्मान से जीवन जियें। यह हो गया तो मानूंगा कि मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हुआ। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। श्री चौहान भोपाल स्थित मिंटो हॉल में 40 हजार ग्रामीण पथ-विक्रेताओं को एक साथ दस-दस हजार रुपये के ऋण उपलब्ध कराने के लिये पट्टिका का अनावरण कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं के लिये योजना शुरू की गई थी। इससे प्रेरणा लेकर कोरोनाकाल में प्रभावित हुये छोटे कारोबारियों की मदद के लिये प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र के पथ-विक्रेताओं के लिये भी योजना शुरू की गई है। छोटे स्तर पर संचालित काम-धंधों के लिये पूंजी के साथ-साथ आवश्यक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे पथ-विक्रेता अपने काम को अधिक कुशलता से संचालित कर सकेंगे और उसमें लगातार विस्तार भी होगा। अब तक प्रदेश में 1 लाख 41 हजार से अधिक हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्वीकृत किये जा चुके हैं। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से कोरोना से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिये आवश्यक सावधानियों जैसे मास्क लगाना, दो गज की दूरी, बार-बार हाथ धोना और सेनेटाइजर का उपयोग जरूरी है। इसमें लापरवाही न बरती जाए। केरल और महाराष्ट्र में लगातार मामले बढ़ रहे हैं। आवश्यक सावधानियां बरत कर ही कोरोना से बचा जा सकता है। कोरोना चला गया है, यह मानकर लापरवाह होने का समय नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-कस्बों में छोटी पूंजी से संचालित हो सकने वाले कार्यों में उद्योगपति अपनी घुसपैठ न बना पायें। इसके लिये ही ग्रामीण पथ-विक्रेताओं को सरलता से ऋण उपलब्ध कराने और सूदखोरों के चंगुल से मुक्त रखने के लिये यह योजना संचालित की गई है। ग्राम स्तर पर लोग सशक्त हों, इस उद्देश्य से ही स्कूल यूनिफार्म की सिलाई का कार्य और पोषण आहार का काम स्व-सहायता समूहों को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पथ-विक्रेताओं को पहचान पत्र जारी किये जायेंगे। उनके काम के स्थान के निर्धारण के साथ-साथ पंजीयन प्रक्रिया भी अपनायी जायेगी। इस दिशा में और क्या नवाचार हो सकता है, उस संबंध में भी सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे। श्री चौहान ने कहा कि रोटी-कपड़ा और मकान, पढ़ाई-लिखाई और बीमारी में दवाई का इंतजाम सुनिश्चित करने के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के लोगों की जिंदगी को आसान बनाना है, इस दिशा में अगले 3 साल में गांवों के सभी घरों में नल से जल उपलब्ध कराने की योजना है। ग्रामीण पथ-विक्रेता योजना के ऋण वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने योजना के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ-विक्रेता योजना के अंतर्गत राज्य शासन की क्रेडिट गारंटी पर पथ-विक्रेताओं को रोज़गार की बेहतरी के लिये बैंकों से दस-दस हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें ऋण का ब्याज अनुदान भी राज्य शासन द्वारा दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 लॉकडाउन की वजह से छोटे कारोबारियों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। उनके व्यवसाय पुनः शुरू कराने के लिये यह योजना चलायी जा रही है। राज्य शासन द्वारा शुरू की गई इस योजना में अभी तक 14 लाख 15 हजार से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन कामगार सेतु पोर्टल में कराया जा चुका है। मध्यप्रदेश में अपने बलबूते पर छोटे-छोटे व्यवसाय करने वालों के लिये कोरोना काल के दौरान अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इन्हीं दिक्कतों को मद्देनजर रखकर मध्यप्रदेश सरकार यह योजना लायी है।

रोबोट महसूस करेंगे स्पर्श

रोबोट आज एक ऐसा यंत्र है, जिससे हम भलीभांति परिचित हैं। मानव जीवन की बेहतरी के लिये इसका उपयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। चिकित्सा विज्ञान भी एक ऐसा ही क्षेत्र है, जिसमें रोबोट का उपयोग बढ़ता जा रहा है। आज मौजूद सॉफ्ट रोबोट मनुष्य की भावनाओं के संपर्क में नहीं हो सकते हैं, लेकिन ये रोबोट मनुष्य के स्पर्श को महसूस करने के मामले में अच्छे साबित हो रहे हैं। कार्नेल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने सॉफ्ट विकृत रोबोटों के लिये कम लागत वाली एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसमें थपथपाने से लेकर घूंसे तक शारीरिक इंटरैक्शन की एक श्रृंखला का स्पर्श पर निर्भर हुये बिना पता लगाया जा सकेगा। इसके लिये रोबोट के अंदर लगा एक यूएसबी कैमरा रोबोट की त्वचा पर हाथ के इशारों की छाया की चाल को पकड़ लेता है। यह इसे मशीन-लर्निंग सॉफ्टवेयर के साथ वर्गीकृत करता है। यह नई सेंडोविजन तकनीक मानव-रोबोट सहयोग और कम्पेनियनशिप लैब की एक नई परियोजना है। इस तकनीक के लिये एक परीक्षण किया गया। इसके लिये शोधकर्ताओं ने तंत्रिका नेटवर्क पर आधारित एल्गोरिडा विकसित किया। यह पहले से रिकॉर्ड प्रशिक्षण डेटा का उपयोग छह स्पर्श इशारों के बीच अंतर करने के लिये करता है। परीक्षण के दौरान इसने 87.5 से 96 प्रतिशत तक सटीकता के साथ नतीजे दिये। इस प्रयोग को करने के लिये रोबोट के अंदर मौजूद कैमरों से पता लगाया जाता है कि मनुष्य इसे कैसे छू रहा है। छायाचित्रों को देखकर भी यह पता लगाया जा सकता है कि व्यक्ति की मंशा क्या है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | **28 फरवरी**

आवश्यकताओं को आविष्कार में बदलता है विज्ञान

"मैं अपनी असफलताओं का खुद जिम्मेदार हूं, अगर मैं असफल नहीं होता तो इतना सब कुछ कैसे सीख पाता।"

अपनी मेहनत और लगन से विज्ञान के क्षेत्र में महान ख्याति हासिल करने वाले भारत रत्न डॉ. चंद्रशेखर वेंकट रमन का यह कथन जीवन में नाकामयाबी को कामयाबी में बदलने की बात कहता है। इनके सम्मान में ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यानी आवश्यकताओं को आविष्कार में बदलने को समर्पित है यह दिवस।

28 फरवरी से क्या है राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का संबंध

भारत में प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। प्रोफेसर सी.वी. रमन (चंद्रशेखर वेंकट रमन) ने सन् 1928 में कोलकाता में इसी दिन एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी, जो 'रमन प्रभाव' के रूप में प्रसिद्ध है। रमन की इस खोज को 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस कारण 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1986 में राष्ट्रीय विज्ञान एवं तकनीकी संचार परिषद ने भारत सरकार को अनुशंसा की कि 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाए। इसके बाद सरकार द्वारा 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस घोषित किया गया और पहली बार 28 फरवरी, 1987 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना, विज्ञान के क्षेत्र में नए प्रयोगों के लिए प्रेरित करना तथा विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। इस दिन, विज्ञान संस्थान, प्रयोगशाला, विज्ञान अकादमी, स्कूल, कॉलेज तथा प्रशिक्षण संस्थानों में वैज्ञानिक गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वैज्ञानिकों के भाषण, निबंध, लेखन, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, विज्ञान प्रदर्शनी, सेमिनार तथा संगोष्ठी आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विज्ञान के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर हर वर्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में एक बड़ा आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए विशेष योगदान को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा किसी प्रतिष्ठित वैज्ञानिक का विज्ञान के लोकप्रिय विषय पर व्याख्यान भी आयोजित किया जाता है।

फ्यूचर ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम पर मनाया जाता है। वर्ष 2021 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम फ्यूचर ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन - इम्पैक्ट ऑन एजुकेशन, स्किल्स एंड वर्क (Future of Science Technology And Innovation : Impact on Education, Skills & Work) अर्थात् विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार का भविष्य : शिक्षा, कौशल और वर्क पर इसका असर है। इसकी थीम को साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट निश्चित करता है। एजुकेशन की यदि हम बात करें तो साइंस एंड टेक्नोलॉजी का इसमें बहुत महत्वपूर्ण सहयोग है। विज्ञान की मदद से हमारे ज्ञान में बढ़ोत्तरी होती है, साइंस और टेक्नोलॉजी की मदद से आज एजुकेशन में कई तरह के लाभ हमें मिल रहे हैं जैसे कि स्मार्ट क्लास रूम, जूम, गूगल आदि की मदद से कोरोना काल में वेबिनार तथा ऑनलाइन क्लास का फायदा स्टूडेंट्स और रिसर्चर सभी को मिला है। इसके अलावा ई-लाइब्रेरी, विभिन्न तरह के नॉलेज बढ़ाने

वाले एप भी उपलब्ध हैं। इसके साथ भी ई-बुक, मल्टीमीडिया डिवाइस आदि का लाभ भी हमें मिलता है। स्किल्स को बढ़ाने और किसी भी कार्य को करने में भी साइंस एंड टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का सहयोग मिलता है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी के इनोवेशन की वजह से काम आसान हुआ है तो समय और पैसों की बचत भी हुई है। कम्प्यूटर और लैपटॉप की मदद से कोई भी व्यक्ति अपना काम कम समय में बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर देता है। ये सभी इनोवेशन कभी सपने थे आज हकीकत हैं, ऐसे ही भविष्य में भी निरंतर इनोवेशन विज्ञान और तकनीक हमारे सामने लगातार करती रहेगी।

विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल सम्मान पाने वाले पहले एशियाई थे सीवी रमन

विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले डॉ. सीवी रमन पहले एशियाई वैज्ञानिक थे। 1920 में जब सीवी रमन समुद्री मार्ग से स्वदेश लौट रहे थे। तब उन्होंने भूमध्य सागर के जल में अनोखा नीला और दूधियापन का नजारा देखा था। तब कलकत्ता विश्वविद्यालय पहुंचते ही रमन ने वस्तुओं में प्रकाश के बिखरने का गहन अध्ययन शुरू कर दिया। लगभग सात वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद रमन इफेक्ट की खोज की गई। डॉ. रमन ने 28 फरवरी, 1928 को इस खोज की घोषणा की थी।

चांद पर पानी का पता भी रमन प्रभाव से चला

रोशनी की किरणें एक पारदर्शी पदार्थ से गुजरने के बाद बंट जाती हैं। रोशनी के अलग होने के प्रोसेस को रमन स्कैटरिंग का नाम दिया गया और रोशनी अलग होने के कारण को रमन इफेक्ट कहा गया। इंसिडेंट रे ऑफ लाइट की तरंगें बिखरी हुई किरणों से अलग होती हैं। रमन प्रभाव का उपयोग आज भी वैज्ञानिक क्षेत्रों में किया जा रहा है। भारत से अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान ने चांद पर पानी होने की घोषणा की तो इसके पीछे भी रमन स्पैक्ट्रोस्कोपी का ही कमाल था। फॉरेंसिक साइंस में भी रमन प्रभाव काफी उपयोगी साबित हो रहा है। अब यह पता लगाना आसान हो गया है कि कौन-सी घटना कब और कैसे हुई थी। सीवी रमन ने जब यह खोज की थी उस समय काफी बड़े और पुराने किस्म के यंत्र हुआ करते थे। आज रमन प्रभाव ने ही तकनीक को पूरी तरह बदल दिया है। अब हर क्षेत्र के वैज्ञानिक रमन प्रभाव के सहारे कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं। रमन प्रभाव के इस आविष्कार के लिए ही उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार दिया गया। 2013 में अमेरिकी केमिकल सोसाइटी ने रमन इफेक्ट को अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क का दर्जा दिया। इसके अलाव सीवी रमन को फैलो रॉयल सोसायटी, नाइट बैचलर, नोबेल प्राइज फिजिक्स, भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न, लेनिन पीस प्राइज आदि से सम्मानित किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले रमन पहले एशियाई और अश्वेत थे।

संगीत के प्रति था विशेष लगाव

चंद्रशेखर वेंकट रमन का जन्म तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में 7 नवम्बर, 1888 को हुआ था, जो कि कावेरी नदी के किनारे स्थित है। इनके पिता चंद्रशेखर अय्यर प्राध्यापक थे। वह भौतिकी और गणित के विद्वान और संगीत प्रेमी थे। चंद्रशेखर वेंकट रमन की मां पार्वती अम्माल थीं। उनके पिता वहां कॉलेज में अध्यापन का कार्य करते थे। उनके पिता को पढ़ने का बहुत शौक था। इसलिए उन्होंने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखी थी। रमन का विज्ञान और अंग्रेज़ी साहित्य की पुस्तकों से परिचय बहुत छोटी उम्र से ही हो गया था। संगीत के प्रति उनका लगाव और प्रेम भी छोटी आयु से आरंभ हुआ और आगे चलकर उनकी वैज्ञानिक खोजों का विषय बना। रमन ने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' में बीए में प्रवेश लिया। उन्होंने 'प्रेसीडेंसी कॉलेज' से ही एमए फिजिक्स से किया। प्रोफेसर आर.एल. जॉन्स वैज्ञानिक खोज के प्रति रमन की लगन को देखते हुए ही उन्हें शोध पेपर लिखकर लन्दन से प्रकाशित होने वाली 'फिलॉसफिकल पत्रिका' को भेजने की सलाह दी, जो सन् 1906 में पत्रिका के नवम्बर अंक में उनका पेपर प्रकाशित हुआ। उनका विवाह लोकसुंदरी नामक कन्या से हुआ, जिन्होंने हर कदम पर उनका पूरा सहयोग किया। साल 1934 में सर चंद्रशेखर वेंकट रमन को बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के निदेशक बने। साल 1952 में सीवी रमन को उपराष्ट्रपति बनाने के लिए प्रस्ताव दिया गया, जिसमें उन्हें सभी दलों के द्वारा समर्थन भी दिया जा रहा था। उन्होंने बेहद सहजभाव के साथ इस पद के लिए मना कर दिया था। 21 नवंबर, 1970 को सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की 82 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई थी।

भारत के विकास में अपना विशिष्ट योगदान दिया इन वैज्ञानिकों ने

प्रफुल चंद्र राय : प्रसिद्ध शिक्षाविद् और रसायनशास्त्री प्रफुल चंद्र राय को भारत की पहली फार्मास्यूटिकल कंपनी, बंगाल रसायन एवं फार्मास्यूटिकल्स के संस्थापक के रूप में जाना जाता है। रसायन और फार्मास्यूटिकल्स के क्षेत्र में इन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रामानुजन : विश्व के महान गणितज्ञ रामानुजन का जन्म 22 दिसम्बर 1887 को एक साधारण परिवार में हुआ था। बचपन से ही रामानुजन की गणित में विशेष रुचि थी। रामानुजन की गणित में विलक्षण प्रतिभा को देखकर अध्यापकों को यह विश्वास हो गया की वे एक दिन गणित में विशेष कार्य करेंगे। उन्होंने विश्लेषण और संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में विशेष योगदान दिया।

वेंकटरामन रामकृष्णन : तमिलनाडु के चिदंबरम जिले के भारतीय मूल के वेंकटरामन रामकृष्णन को साल 2009 में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उनको यह पुरस्कार कोशिका के अंदर प्रोटीन का निर्माण करने वाले राइबोसोम की कार्यप्रणाली व संरचना के उत्कृष्ट अध्ययन के लिए दिया गया था।

जयंत विष्णु नार्लीकर : महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जन्मे प्रसिद्ध वैज्ञानिक जयंत विष्णु नार्लीकर भौतिकी के वैज्ञानिक हैं। उन्होंने ब्रह्मांड की उत्पत्ति के लिए बिग बैंग की थ्योरी के अलावा नए सिद्धांत स्थायी अवस्था के सिद्धान्त (Steady State Theory) पर भी काम किया है। उन्होंने इस सिद्धान्त के जनक फ्रेड हॉयल के साथ मिलकर काम किया और हॉयल-नार्लीकर सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। कई पुरस्कारों से सम्मानित नार्लीकर ने विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञान साहित्य में भी अपना विशेष योगदान दिया है।

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

(फोटो गूगल से साभार)

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप में कॅरियर के अवसर - 2021

गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है, जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। गेल तेजी से बदलते व्यापारिक परिवेश में स्वच्छ ईंधन द्वारा औद्योगीकरण के नए युग के प्रवर्तक और एक स्वच्छ ऊर्जा कॉरिडोर चतुर्भुज के सृजक हैं, जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमापारीय अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी अजेय उपस्थिति के लिए अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है।

गेल गेट (GATE)–2021 के स्कोर के माध्यम से समर्पित, उत्साही एवं कर्मठ युवा स्नातक इंजीनियरों को तालिका–1 में दिए गए विवरणानुसार निम्नलिखित पदों के सामने दर्शायी गई श्रेणी के अनुसार रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

तालिका-1

#	पद	ग्रेड	अना रक्षित	ईडब्ल्यूएस	अ.जा.	अ.ज.जा.	ओबीसी (एनसीएल)	कुल	निम्नवर्णित श्रेणियों में पीडब्ल्यूडी द्वारा धारण योग्य चिह्नित पद
1	कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल)	ई-2	8	1	1	-	3	13	ओएच (ओए, ओएल)
2	कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)*	ई-2	5	1	2	2	2	12	एचएच, ओएच (ओएल)
	कुल		13	2	3	2	5	25	

*कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) का 01 रिक्ति पद पीडब्ल्यूडी–मल्टीपल डिसेबिलिटी [एचएच और ओएच (ओएल)] श्रेणी के लिए आरक्षित है।

प्रयुक्त संक्षिप्तियां
पीडब्ल्यूबीडी : बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (Persons with Benchmark Disability)
एचएच :अल्प बधिर (Hearing Impaired)
ओएच : अस्थिदोष दिव्यांग (Orthopaedically Impaired)
ओए : एक हाथ (One Arm)
ओएल : एक पैर (One Leg)

चिह्नित पद (जैसा कि उपर्युक्त **तालिका–1** में इंगित है) हेतु संबंधित श्रेणी(श्रेणियों) के बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं, भले ही उनके लिए कोई रिक्ति विशेष रूप से आरक्षित नहीं हो। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य मैरिट मानदंड के आधार पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए विचार किया जाएगा।

पीडब्ल्यूबीडी की संबंधित श्रेणी के अभ्यर्थी, जो विशेष रूप से उनके लिए आरक्षित पद हेतु आवेदन करते हैं, को आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा, यदि उनकी संबंधित अक्षमता 40% से अधिक है।

1. कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए न्यूनतम अनिवार्य योग्यता का विवरण तालिका–2 में नीचे दिया गया है:

तालिका-2

#	पद/क्षेत्र	अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यता
1	**कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल)**	केमिकल/ पेट्रोकेमिकल/ केमिकल टेक्नोलॉजी/ पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी में न्यूनतम **65%** अंकों के साथ इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में स्नातक।
2	**कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)**	इंस्ट्रूमेंटेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में न्यूनतम **65%** अंकों के साथ इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नातक।

2. अनिवार्य योग्यता के संबंध में नियम और शर्तें [जैसा तालिका–2 के संबंधित कॉलम में उल्लेख किया गया है]

2.1. प्रत्येक पद हेतु अनिवार्य न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उपर्युक्त **तालिका–2** में उल्लिखित के अनुसार होगी।

2.2. **केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम पर ही विचार किया जाएगा।**

2.3. सभी योग्यता(ए) अनिवार्यतः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त भारतीय डीम्ड विश्वविद्यालयों या एआईसीटीई अनुमोदित स्वायत्तशासी भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम/ संबंधित सांविधिक काउंसिल (जहां भी लागू हों) से प्राप्त होनी चाहिए।

2.4. निर्दिष्ट अनिवार्य योग्यता(ओं) में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत संस्थान/विश्वविद्यालय के नियम/मानदंडों के अनुसार मान्य होगा।

2.5. जहां भी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनायी गई पद्धति के अनुसार आवेदन पत्र में समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाये जाने चाहिए। अभ्यर्थी को संस्थान/विश्वविद्यालय से संबंधित प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा, जिसकी समूह चर्चा/साक्षात्कार के समय आवश्यकता होगी।

2.6. बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. इंजीनियरिंग को इंजीनियरिंग डिग्री माना जा सकता है।

2.7. जिन अभ्यर्थियों के पास संबंधित क्षेत्र की 05 वर्षीय बी.ई./बी.टेक.+ एम.ई. /एम.टेक. की इंजीनियरिंग में एकीकृत दोहरी डिग्री है, उन पर भी विचार किया जाएगा।

2.8. जो अभ्यर्थी वर्ष **2020** में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बी.ई./बी.टेक.+ एम.ई. / एम. टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पूरी कर ली है/ जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बी.ई./बी.टेक.+ एम.ई./एम.टेक. एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पाठ्यक्रम **(2020–21)** में अंतिम वर्ष में हैं, वे ई–2 ग्रेड में केमिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

2.9. जिन अभ्यर्थियों ने अपनी इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बी.ई./बी.टेक.+ एम.ई. / एम.टेक. एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) वर्ष **2020** में पूर्ण कर ली है तथा वे सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं, उन्हें न्यूनतम **65%** अंक अवश्य प्राप्त हुए होने चाहिए तथा अ.जा./अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम **60%** अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिएं।

2.10. जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग में 5 वर्षीय बी.ई./बी.टेक.+ एम.ई./एम.टेक. एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) पाठ्यक्रम **(2020–21)** के अंतिम वर्ष में हैं तथा वे सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं, उन्हें आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर/वर्ष की परीक्षा तक न्यूनतम **65%** अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिएं तथा अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी को आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर/वर्ष की परीक्षा तक न्यूनतम **60%** अंक अवश्य प्राप्त होने चाहिएं।

2.11. जो अभ्यर्थी वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रम (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 5 वर्षीय बी.ई./बी.टेक.+ एम.ई. / एम.टेक. एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) में अंतिम वर्ष **(2020–21)** में हैं, उनका चयन, उनके सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के होने के मामले में इंजीनियरिंग डिग्री में न्यूनतम **65%** अंक तथा अ.जा./अ.ज.जा. /पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के होने के मामले में न्यूनतम **60%** अंक प्राप्त होने तथा **31 अगस्त, 2021** तक उपर्युक्त निर्दिष्ट अंकों के प्रतिशत के साथ संबंधित विषय/ वर्ग में अर्हक इंजीनियरिंग डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण होने के दस्तावेजी प्रमाण के रूप में इंजीनियरिंग डिग्री प्रमाणपत्र (कम से कम अनंतिम प्रमाणपत्र) तथा सभी सेमेस्टर/वर्ष के अंक पत्र प्रस्तुत करने के अधीन होगा।

2.12. **जिन अभ्यर्थियों ने संबंधित विषय/वर्ग में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 5 वर्षीय बी.ई./बी.टेक.+ एम.ई/ एम.टेक. एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) वर्ष 2019 में अथवा उससे पहले उत्तीर्ण कर ली है, वे ई–2 ग्रेड में केमिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन में कार्यापालक प्रशिक्षु के पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं ।**

3. शैक्षिक योग्यता हेतु अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में प्रदत्त शिथिलता (छूट):

अ.जा., अ.ज.जाति एवं पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य योग्यता हेतु न्यूनतम प्रतिशत में निम्नानुसार छूट दी गई है–

जहां–कहीं भी अंकों का न्यूनतम अर्हता अंक **65% विनिर्दिष्ट है, वहां अनु. जाति, अनु.ज.जाति एवं पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता का शिथिलीकृत 60% होगा।**

यदि अ.जा./अ.ज.जाति/पीडब्ल्यूबीडी के आवेदक अनारक्षित चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें योग्यता के सामान्य मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम अर्हक प्रतिशत में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

4. ऊपरी आयु सीमा एवं आयु में छूट:

4.1. सभी क्षेत्रों में कार्यपालक प्रशिक्षु हेतु अधिकतम आयु सीमा दिनांक **16.03.2021** के अनुसार **26 वर्ष** होगी।

4.2. आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को 03 वर्ष की छूट दी जाएगी। पीडब्ल्यूबीडी–सामान्य, ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को 10 वर्ष की, पीडब्ल्यूबीडी–ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों को 13 वर्ष की एवं पीडब्ल्यूबीडी–अनुसूचित जाति/अनसूचित जनजाति हेतु 15 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। ऊपरी आयु सीमा में दी गई यह छूट केवल उन्हीं पदों के लिए लागू होगी, जो अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित हैं। यदि अ.जा./अ.ज.जाति/पीडब्ल्यूडी के अभ्यर्थी अनारक्षित चिन्हित पद हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें योग्यता के सामान्य मानकों के अंतर्गत रखा जाएगा एवं उन्हें ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी। पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी, चाहे पद आरक्षित है या नहीं बशर्ते पद पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों हेतु उपर्युक्त के रूप में चिन्हित किया गया हो। दिनांक 1.1.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी अभ्यर्थियों के लिए भी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

4.3. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ की सशस्त्र सैन्य बलों में छः माह या उससे अधिक निरंतर सेवा की है, उन्हें अपनी–वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि यह आयु अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तों को पूरा करता है/करती है।

4.4. **आयु में समस्त संभावित छूटों को मिला कर अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी** चाहिए।

उपरोक्त सभी लाभ कंपनी की लागू और समय–समय पर संशोधित नीति के अधीन होंगे।

5. चयन प्रक्रिया एवं आवेदन कैसे करें

5.1 वर्ष 2021 के दौरान गेल, केमिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन के क्षेत्रों में कार्यपालक प्रशिक्षुओं की भर्ती हेतु **ग्रेज्युएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग–2021** के अंकों **(GATE–2021–अंक)** का उपयोग करेगा।

5.2 केवल वे अभ्यर्थी ही गेल में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, जिन्होंने **गेट–2021** के लिए पहले ही पंजीकरण किया है तथा जो नीचे दी गई तालिका–3 में दिए गए विवरण के अनुसार निम्नलिखित प्रासंगिक गेट परीक्षा पत्रों में से एक में आयोजन संस्थान द्वारा अधिसूचित निर्देश और समयसीमा के अनुसार **गेट–2021** में उपस्थित होंगे:

तालिका–3

क्र.सं.	पद/क्षेत्र	गेट पेपर	कोड
1	कार्यपालक प्रशिक्षु (केमिकल)	केमिकल इंजीनियरिंग	सीएच
2	कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन)	इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग	आईएन

उपर्युक्त विज्ञापित प्रत्येक **02 क्षेत्रों** / शाखाओं के समकक्ष क्षेत्र/शाखाओं की सूची **तालिका–4** में नीचे दी गई है:

तालिका–4

गेल क्षेत्र	गेल क्षेत्र के समक्ष समकक्ष इंजीनियरिंग के क्षेत्र/शाखाएं जिन पर विचार किया जाएगा	अभ्यर्थी द्वारा तदनुरूप गेट–2021 में उपस्थित होना	तदनुरूप गेट–2021 पेपर का कोड
केमिकल	1. केमिकल	केमिकल इंजीनियरिंग	सीएच
	2. पेट्रोकेमिकल		
	3. केमिकल टेक्नोलॉजी		
	4. पेट्रोकेमिकल टेक्नोलॉजी		
इंस्ट्रूमेंटेशन	1. इंस्ट्रूमेंटेशन	इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग	आईएन
	2. इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल		
	3. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन		
	4. इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन		
	5. इलेक्ट्रॉनिक्स		
	6. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स		

कृपया ध्यान दें कि जिन अभ्यर्थियों के पास ऊपर विनिर्दिष्ट शाखा/क्षेत्र से अलग अन्य इंजीनियरिंग की डिग्री है, वे आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।

5.3 **गेट 2021 स्कोर तथा अपेक्षा के आधार पर उपर्युक्त विषयों में अभ्यर्थियों को कार्यपालक प्रशिक्षु के पद हेतु सामूहिक विचार विमर्श / अथवा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। कृपया नोट करें कि इस भर्ती कार्यक्रम के लिए केवल गेट–2021 स्कोर ही वैध हैं। वर्ष 2020 अथवा उससे पहले के गेट स्कोर वैध नहीं हैं।**

5.4 जिन अभ्यर्थियों ने गेट–2021 के लिए पंजीकरण किया है, उन्हें इसके सक्रियण पर गेट की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण संख्या के साथ गेट–2021 एडमिट कार्ड की प्राप्ति / डाउनलोडिंग पर अभ्यर्थियों को गेल की वेबसाइट **www.gailonline.com** के "कॅरियर" खंड पर गेट–2021 की पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए अलग से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस प्रयोजन के लिए संबंधित लिंक हमारी वेबसाइट **www.gailonline.com** के "कॅरियर" खंड में उपलब्ध कराया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि वैध गेट–2021 पंजीकरण संख्या के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

5.5 कृपया सुनिश्चित करें कि **आपके गेट–2021 एडमिट कार्ड पर उल्लिखित गेट–2021 पंजीकरण संख्या** ऑनलाइन आवेदन में सही ढंग से दर्ज की जाए। आपके **गेट–2021 एडमिट कार्ड** के अनुरूप ही नाम भरा जाए। **अभ्यर्थी द्वारा एक बार आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में दर्ज किए गए किसी भी डेटा / विवरण में परिवर्तन करने के संबंध में कोई अनुरोध मान्य नहीं होगा।**

5.6 अभ्यर्थियों को गेल की वेबसाइट **www.gailonline.com** के माध्यम से गेट–2021 की पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। संबंधित लिंक दिनांक 15.02.2021 को 1100 बजे से दिनांक 16.03.2021 को 1800 बजे तक उपलब्ध कराया जाएगा।

5.7 अभ्यर्थी केवल **एक पद/ क्षेत्र** के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक पद/ क्षेत्र के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5.8 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के बाद, सिस्टम द्वारा एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या जनरेट की जाएगी और सिस्टम में एक संदेश प्रदर्शित किया जाएगा कि ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा कर दिया गया है और अभ्यर्थी के पास विशिष्ट पंजीकरण संख्या का एक ऑटो जनरेट किया गया ईमेल प्राप्त होगा, जिसमें सूचित किया जाएगा कि उसका आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

5.9 ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, अभ्यर्थी को विशिष्ट पंजीकरण संख्या सहित सिस्टम द्वारा जनरेट किया गया आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना होगा। अभ्यर्थी को आवेदन में प्रदान की गई जगह में अपने हाल के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ को लगाना होगा और निर्देशों के अनुसार अपना हस्ताक्षर करना होगा और इसे सुरक्षित रूप से अपने पास रखना होगा। सामूहिक विचार–विमर्श और / या साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को सामूहिक विचार–विमर्श और / या साक्षात्कार के समय यही आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। **अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी कार्यालय में नहीं भेजना होगा।**

5.10 अभ्यर्थी द्वारा प्रयुक्त पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ उसके द्वारा गेट–2021 आवेदन फॉर्म में प्रयुक्त फोटोग्राफ के जैसा ही हो। यदि अभ्यर्थी को सामूहिक विचार–विमर्श और/ अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो उसे **गेट–2021 का मूल परीक्षा प्रवेश पत्र, गेट–2021 आधिकारिक स्कोर कार्ड**, उपर्युक्तानुसार **(बिन्दु सं. 5.9)** ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंट–आउट तथा निम्नानुसार अन्य संबंधित दस्तावेज (मूल एवं स्व–प्रमाणित प्रति का एक सेट दोनों) प्रस्तुत करने होंगे:

(i) जन्म तिथि के साक्ष्य से संबंधित दस्तावेज।

(ii) परिवर्तन दस्तावेज सहित योग्यताओं के संबंध में सभी प्रमाणपत्र/प्रशंसा पत्र (मैट्रिक से प्रारंभ करते हुए सभी सेमेस्टरों/वर्षानुसार अंक पत्र, डिग्री एवं डिप्लोमा प्रमाण पत्र)।

(iii) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरे गए अनुभव के पक्ष में नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पूर्ण एवं उचित प्रमाण पत्र/ दस्तावेज।

(iv) (क) पीडब्ल्यूबीडी के लिए लागू आरक्षण / रियायतों के लाभ का दावा करने के लिए, अभ्यर्थियों को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित अधिसूचना सं.जी.एस.आर 2(ई) दिनांक 30.12.2009 के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ख) **अ.जा./ अ.ज.जा. श्रेणी** से संबंधित अभ्यर्थियों को अपने दावे के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ग) **ओबीसी (नॉन–क्रीमी लेयर)** श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को आरक्षण के उद्देश्य से भारत सरकार/ केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अंतर्गत पदों में नियुक्ति हेतु, जैसा कि डीओपीटी ज्ञापन सं. 36036/2/2013–Estt. (Res.) दिनांक 30–05–2014 में निहित है, निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विज्ञापन के वर्ष में जारी किया गया अपना **नवीनतम** जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र में उल्लिखित जाति एवं समुदाय का नाम अनिवार्य रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल होना चाहिए। यदि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल होते हैं तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेते समय, यदि उन्हें बुलाया जाता है तो, एक स्व–वचनबद्ध पत्र देना होगा, जिसमें उन्हें यह सूचित करना होगा कि वे ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थी हैं।

(घ) **ईडब्ल्यूएस** श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण वाले अभ्यर्थियों को सामूहिक विचार–विमर्श और / या साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एक आय और संपत्ति प्रमाणपत्र, प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी का विवरण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के ज्ञापन सं. 36039/1/2019–Estt. (Res.) दिनांक 31.01.2019 में दिया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र गेल में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर मान्य होना चाहिए (प्रमाण पत्र जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा)।

(ङ) एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस एवं पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रारूप गेल की वेबसाइट **www.gailonline.com** के **"कॅरियर" खंड** से डाउनलोड किया जा सकता है।

(च) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण (भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के मामले में)।

सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास श्री मुकेशचन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्ट्राइव योजना के तहत प्रथम चरण में 8 शासकीय आईटीआई मण्डीदीप, खरगोन, उमरिया, रतलाम, बालाघाट, सिंगरौली, छिंदवाड़ा और एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल शामिल हैं। दूसरे चरण में 12 शासकीय आईटीआई शिवपुरी, देवास, शाजापुर, सिवनी, कटनी, टीकमगढ़, छपारा (सिवनी जिला), हरदा, छतरपुर, अनूपपुर, झाबुआ और आईटीआई खण्डवा शामिल हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 20 शासकीय आईटीआई को प्रशिक्षण, गुणवत्ता तथा इण्डस्ट्री लिंकेज बढ़ाने के लिये 150 से 250 लाख रुपये का अनुदान प्रति आईटीआई प्राप्त होगा। इस राशि से चयनित शासकीय आईटीआई द्वारा स्नातकों की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि, संचालित ट्रेडों में महिला नामांकन/प्रवेश में 16 प्रतिशत की वृद्धि, कुल नामांकन/प्रवेश में 25 प्रतिशत की वृद्धि और निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कुल प्रशिक्षणार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने जैसे चार प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति की जायेगी।

उचित मूल्य दुकान संचालकों के खाते में अंतरित होगी कमीशन राशि

भोपाल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत वितरित खाद्यान्न पर 37 करोड़ 73 लाख रुपये की कमीशन राशि 48 जिलों की उचित मूल्य दुकान संचालकों के खातों में ऑनलाइन अंतरित की जायेगी।

प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज अहमद किदवई ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित दर के अनुसार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न के विरुद्ध तदर्थ रूप से 2 माह की कमीशन राशि का भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत कमीशन की राशि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित दर से कम की प्राप्त होती है तो आगामी भुगतान में उक्त राशि का समायोजन कर भुगतान किया जाएगा।

विकास और मजबूत कानून-व्यवस्था हमारी प्राथमिकता - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में राष्ट्र शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में आम जनता के कल्याण को सुनिश्चित करते हुए सभी नागरिकों विशेष रूप से माताओं-बहनों के सम्मान पर आंच नहीं आने दी जाएगी। विकास और मजबूत कानून-व्यवस्था हमारी प्राथमिकता है। राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सबको मिले, इसके लिए पारदर्शी व्यवस्था लागू हो, बात पढ़ाई-लिखाई की हो या रोज़गार, खाद्यान्न वितरण या उपचार की, कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कहीं किसी भेदभाव को स्थान नहीं दिया जाएगा। सभी वर्गों के मध्य सद्भाव आवश्यक है। यही भाईचारा हमारी ताकत भी है। भारत भूमि ने सदैव इस भावना को बल भी दिया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्र शक्ति फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ नेता स्वर्गीय आरिफ बेग की 86वीं जयंती पर भोपाल में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का प्रदेश के व्यवस्थित, तीव्र विकास और सुदृढ़ कानून व्यवस्था लागू करने के लिए अभिनंदन भी किया।

श्री चौहान ने आरिफ बेग का स्मरण करते हुए कहा कि वे चलती-फिरती पाठशाला थे। उन्होंने स्वयं श्री बेग से भाषण कला सीखी। स्वर्गीय श्री बेग एक व्यक्ति नहीं, बल्कि संस्था थे। वे दिलों पर राज करते थे। विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने अमूल्य सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने आपातकाल की अवधि में स्वर्गीय श्री बेग के साथ कारावास में बिताए वक्त को भी याद किया, जब अनेक बेकसूर लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कारावास में स्वर्गीय श्री बेग सभी का हौसला बढ़ाते थे। उनका संदेश यही होता था कि जुल्म के आगे झुकना नहीं है। उनकी शख्सियत स्वर्गीय ठाकरे जी, राजमाता जी और अटल जी के समकक्ष थी। कौमी एकता के लिए उन्होंने निरंतर कार्य किया। वे काफी विनम्र थे और खेलों में भी उनकी रुचि थी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वर्गीय श्री आरिफ बेग के सेवा कार्यों को उनके सुपुत्र श्री नुरूल हसन बेग द्वारा आगे बढ़ाने की पहल प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र शक्ति फाउंडेशन द्वारा मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने के प्रयास की भी सराहना की।

कार्य में लापरवाही होने पर अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

अग्रिम भुगतान की जांच के लिये गठित होगी समिति

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भोपाल में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, अधिकारियों की लापरवाही, नियम विरुद्ध काम और वित्तीय नुकसान होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होगी और आर्थिक हानि होने पर संबंधित दोषी अधिकारियों से राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी। विभाग की कार्य-प्रणाली को सुधारने के लिए सभी अधिकारी फील्ड में भ्रमण करें। ये बातें जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भोपाल स्थित मंत्रालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन. मिश्रा, अपर सचिव श्री विकास नरवाल, प्रमुख अभियंता श्री डावर और विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश के सभी बांध और नहर परियोजना की ड्राइंग और डिजाइन के लिए मुख्य अभियंता से विचार-विमर्श किया जाये। शिवपुरी जिले की सर्कुला परियोजना की ड्राइंग और डिजाइन को मंजूरी के लिए आईआईटी रुड़की को भेजने पर श्री सिलावट ने नाराजगी व्यक्त की है।

श्री सिलावट ने शिवपुरी जिले के बामोर कला में लोअर और कैनाल परियोजना में काम हुए बिना अग्रिम भुगतान होने और भुगतान की तुलना में काम कम होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर मुख्य सचिव को जांच के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। श्री सिलावट ने कहा कि किसी भी परियोजना का भौतिक सत्यापन होने के उपरांत ही वास्तविक भुगतान की कार्यवाही की जाये। काम से अधिक का भुगतान होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

श्री सिलावट ने निर्देश दिए हैं कि परीक्षण उपरांत 50 साल पुरानी नहरों का जीर्णोद्धार और नवीनीकरण करने के लिये काम शुरू कराया जाए। इसके लिए कार्य-योजना बनाकर आकलन करें और प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजे। उन्होंने कहा कि पुरानी नहरों के सीपेज को प्राथमिकता से दुरुस्त किया जाये, जिससे नहर टूटने की घटना से किसानों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विगत दिनों जितनी भी परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है, उनको समय-सीमा में शुरू करने और वार्षिक कैलेंडर के आधार पर प्रगति रिपोर्ट का चार्ट बनाकर मुख्यालय भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित समय-सीमा में सभी परियोजनाएं पूर्ण कराई जाएं। उन्होंने कहा कि विलंब होने से परियोजना की लागत बढ़ती है तो संबंधित अधिकारी की जांच की जाएगी।

श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में किसान चौपाल आयोजित करें और सिंचाई परियोजना के लाभान्वित किसानों से संवाद स्थापित कर इसका अलग से डाटा संकलित करें। संकलित डाटा का उपयोग भविष्य की योजनाओं में किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग की सभी निर्माणाधीन परियोजना का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन कर उसके औचित्यता का भी परीक्षण किया जाए।

किसानों को उन्नत कृषि तकनीक अपनाने के लिये करें प्रोत्साहित

जबलपुर, किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से निरंतर अवगत कराया जाये। उन्हें उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। यह बात किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने जबलपुर में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की कृषि इकाइयों के भ्रमण के दौरान कही।

श्री पटेल ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा चना, अलसी और विसिया (चारा) की तीन नई प्रजातियों के राष्ट्रीय स्तर पर अधिसूचित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत प्रत्येक विकासखंड में उन्नत फसलों की किस्मों का उत्पादन होना चाहिये। किसानों को उन्नत तकनीकों से अवगत कराना चाहिये। तकनीकों को अपनाने के लिये जागरूक करना चाहिये, जिससे कि किसान कम लागत में अधिक से अधिक उत्पादन कर सकें। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं से भी श्री पटेल ने सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कृषकों के अथक परिश्रम और सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों से कृषि उत्पादन में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। नये कृषि कानूनों से किसानों को नई सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से लाभान्वित होकर किसान वेयर-हाउसिंग, ग्रेडिंग, कोल्ड-स्टोरिंग और प्रोसेसिंग इत्यादि की यूनिट भी लगा सकेंगे।

कृषि मंत्री ने जबलपुर में प्रदेश की दूसरी कृषि ओपीडी का शुभारंभ किया। उन्होंने निर्देशित किया कि कृषि ओपीडी को प्रभावी रूप से संचालित किया जाये, ताकि किसानों की फसलों को खराब होने से बचाया जा सके। इसका व्यापक तौर पर प्रचार-प्रसार किया जाना भी सुनिश्चित करें। श्री पटेल ने कहा कि इससे लाभान्वित होकर किसान फसल संबंधी बीमारियों का समय रहते बेहतर उपचार कर सकेंगे।

कोविड 19 वैक्सीनेशन में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि कोविड 19 वैक्सीनेशन के पहले चरण में अब तक कुल पंजीकृत के विरुद्ध 68.5 प्रतिशत स्वास्थ्य कार्यकर्ता और फ्रंट लाइन वर्कर को कोविड 19 वैक्सीन का पहला डोज देकर मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में अब तक 5 लाख 99 हजार स्वास्थ्य और फ्रंट लाइन वर्कर को वैक्सीन की पहली डोज दी जा चुकी है।

डॉ. चौधरी ने कहा की वैक्सीनेशन अभियान में स्वास्थ्य, नगर निगम, पुलिस, राजस्व और पंचायत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद और विश्वास है कि आगे भी अभियान से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी इसी तरह पूरे मन से काम करेंगे और दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीनेशन अभियान के माध्यम से प्रदेश और देश को कोरोना मुक्त करने में योगदान देंगे।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बताया कि दूसरा डोज देने के लिये अगला चरण 22 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इसमें पहला डोज लेने वाले शत-प्रतिशत स्वास्थ्य कार्यकर्ता और फ्रंट लाइन वर्कर को दूसरा डोज तय समय अवधि में लगाना सुनिश्चित करने की व्यवस्थाएं की गई हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नागोजी ओकोंजो-इवेला

डब्ल्यूटीओ की अगली महानिदेशक होंगी

अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ का नेतृत्व करने के लिये

नाइजीरिया की नागोजी ओकोंजो-इवेला को अपना समर्थन दे दिया है। विश्व व्यापार संगठन के इतिहास में वे इस संगठन की महानिदेशक बनने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी होंगी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने म्योंग-ही को समर्थन देना चाहा था, लेकिन 5 फरवरी 2021 को म्योंग ने अपनी दावेदारी वापस ले ली, जिससे नागोजी के चयन का रास्ता साफ हो गया है।

स्टार ऑफ इंडिया

सबसे बड़ा नीलम प्रदर्शित

अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री में 'स्टार ऑफ

इंडिया' नाम का रत्न 'नीलम' प्रदर्शित किया गया है। दुनिया का यह सबसे बड़ा नीलम 563 कैरेट का है। यह नीलम करीब 200 करोड़ साल पुराना है। इसकी आभा नेचुरल लाइट की तरह दिखती है। इसका आधार गोलाकार और त्रिकोणीय ज्यामितीय की है।

गुजरात के

वड़नगर में खुदाई में मिली दीवार

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को गुजरात के

वड़नगर में खुदाई के दौरान प्राचीन अवशेष मिले हैं। वड़नगर के अमरथोल दरवाजा के पास दल को दो हजार वर्ष पुरानी दीवार मिली है। करीब 50 मीटर परकोटा खोलने में सफलता मिली है। अभी लगभग 200 मीटर और परकोटा खोला जायेगा। इसके अलावा एक हजार वर्ष से अधिक पुराने समय के अवशेष भी मिले हैं।

वैज्ञानिकों को

सरीसृप वर्ग का सबसे छोटा जीव मिला

मेडागास्कर और जर्मनी के वैज्ञानिकों ने गिरगिट की

एक ऐसी प्रजाति खोजी है, जो दुनिया में सरीसृप वर्ग का सबसे छोटा जीव हो सकता है। शोधकर्ताओं की टीम का हिस्सा रहे फ्रैंक ग्लॉव के मुताबिक इस नर प्रजाति की लंबाई 13.5 मिलीमीटर है, जो आधा इंच से थोड़ा ज्यादा है। इसे ब्रूकेशिया नाना नाम दिया गया है। माना जा रहा है कि मेडागास्कर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और खत्म होते जंगलों की वजह से यह प्रजाति खतरे में है।

टोक्यो इंटरनेशनल फोटो अवॉर्ड-2020

हमिंगबर्ड किसिंग स्नेक को मिला अवॉर्ड

फोटोग्राफर वुडी गुनावान की 'हमिंगबर्ड किसिंग स्नेक' को 2020 के टोक्यो इंटरनेशनल फोटो अवॉर्ड के लिये चुना गया है। इसे प्रोफेशनल और अमेच्योर नेचर फोटोग्राफी कैटेगरी में बेस्ट पिक्चर चुना गया है। वुडी ने इसे इंडोनेशिया में खींचा है। वहीं अमेरिका के

ब्राइस चिचर की मेक्सिको के गुआडालूप आइसलैंड में खींची ग्रेट वाइट शार्क की तस्वीर ने गोल्ड अवॉर्ड जीता है। इसमें शार्क दूसरी मछलियों का शिकार करती दिख रही है।

नासा ने

मोरक्को के पर्वतों की रंगीन तस्वीर साझा की

नासा ने सोशल मीडिया पर दक्षिण-पश्चिम मोरक्को के

एंटी-एटलस पर्वत की रंगीन तस्वीर पोस्ट की है। नासा के सैटेलाइट ने इन तस्वीरों को पृथ्वी की सतह से 708 किलोमीटर ऊपर से खींचा है। नासा ने लिखा है - तस्वीर इन्फ्रारेड लाइट से ली गई है, ताकि टाईडाई जैसी दिख रही चट्टानों और तल की विभिन्न परतें उभर आएं। यह पहाड़ 8 करोड़ साल पहले के बने हुये हैं।

पॉश स्पाइस

बेकहम की पत्नी के नाम की गाय बिकी

फुटबॉलर डेविड बेकहम की पत्नी और गायिका

विक्टोरिया बेकहम (स्पाइस गर्ल पॉप ग्रुप) के नाम वाली गाय 'पॉश स्पाइस' एक नीलामी में 2.61 करोड़ रुपये में बिकी है। स्पाइस एक अच्छी नस्ल की गाय की बछिया है जो लॉज फार्म (श्रॉपशर) में पैदा हुई थी। स्पाइस को मिली कीमत ने अब तक अपनी नस्ल की किसी भी गाय को मिली सर्वाधिक कीमत का रिकॉर्ड भी तोड़ा है। पॉश का जन्म नवंबर 2019 में हुआ था।

यूरोप की सबसे उम्रदराज महिला

सिस्टर आंद्रे ने कोरोना को मात देकर 117वां जन्मदिन मनाया

यूरोप की सबसे उम्रदराज महिला सिस्टर आंद्रे ने 116

साल की उम्र में कोरोना को मात दे दी। उन्होंने पिछले सप्ताह अपना 117वां जन्मदिन मनाया है। 1904 में जन्मीं आंद्रे पिछले माह टूलॉन स्थित केयर होम में संक्रमित हो गई थीं। सिस्टर आंद्रे ने संक्रमित होने के दौरान डेली रुटीन पर ज्यादा ध्यान दिया, उनके चेहरे पर बीमारी का डर नहीं दिखा।

क्लासिक हाउस बोट

75 साल पुरानी याच 14.5 करोड़ में बिकेगी

अमेरिका में 75 साल पुरानी एक क्लासिक हाउस बोट

बिकने जा रही है। इसे रॉल्स रॉयस ऑफ अमेरिकन यार्चिंग ने 1947 में बनाया था। उसके बाद जॉन ट्रम्पी नाम के डिजाइनर से इसे खरीदा और रेनोवेशन किया। इसमें तीन बेडरूम, दो केबिन, एक किचन और बड़े डाइनिंग एरिया समेत कई सुविधाएं हैं। यह 85 टन वजनी है। 22 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली इस बोट में 8 लोगों के रहने की सुविधा है।

सीएनजी ट्रैक्टर

देश का पहला ट्रैक्टर लॉन्च

देश का पहला सीएनजी से चलने वाला ट्रैक्टर

दिल्ली में लॉन्च हो गया है। इससे प्रदूषण कम होगा और डीजल के मुकाबले खर्च कम आयेगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने सीएनजी ट्रैक्टर के लिये मानक तय कर दिये हैं। इसी मानक के अनुसार ट्रैक्टर बाजार में मिलेंगे। ट्रैक्टर में सीएनजी किट लगाई जायेगी। यह स्टॉर्ट डीजल से होगा, लेकिन बाद में सीएनजी से चलेगा।

रूस में

केमिकल प्रदूषण से दिखे ब्लू डॉग

रूस के डेजरजिन्च के पास रासायनिक प्रदूषण का

मामला आया है। यहां रासायनिक प्रदूषण के कारण कुत्तों का रंग नीला (ब्लू डॉग) हो रहा है। डेजरजिन्च में 6 साल पहले ऑर्गेस्टेकलो नाम की फैक्ट्री बंद हो गयी थी। इस कंपनी में एसिड और प्लेक्सिग्लास का उत्पादन होता था। बताया जा रहा है कि अब इसी फैक्ट्री में प्रदूषण फैल रहा है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, ब्लू डॉग के पीछे की वजह जानने के लिये जांच हो रही है। कुत्तों के रंग में बदलाव के कारण 'ब्लू डॉग' को बचाने और ऑरिजनल रंग में रखने का अभियान छेड़ा गया है।

हिमा दास को

असम सरकार ने बनाया डीएसपी

भारतीय स्टार धावक हिमा दास को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट

ऑफ पुलिस (डीएसपी) नियुक्त किया गया है। असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवॉल की कैबिनेट ने यह निर्णय लिया है। हिमा को 2018 में अर्जुन अवॉर्ड मिल चुका है। हिमा 2018 में फिनलैंड में हुई अंडर-20 वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप की 400 मीटर रेस जीत चुकी हैं। उन्होंने ट्वीट कर मुख्यमंत्री (असम के) का आभार व्यक्त किया है।

सस्मिता लेंका

एशिया एनवायरमेंटल एनफोर्समेंट अवॉर्ड से सम्मानित

ओडिशा की सस्मिता लेंका भारत की ऐसी पहली

वन अधिकारी हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र का एशिया एनवायरोमेंटल एनफोर्समेंट अवॉर्ड मिला है। कटक के अथगढ़ में डिवीजनल वन अधिकारी लेंका प्रदेश में पैंगोलिन तस्करी रैकेट का पर्दाफाश करने के लिये 'जेंडर लीडरशिप एंड इम्पैक्ट' कैटेगरी के अंतर्गत विजेता चुनी गई हैं।

तमिल फिल्म पेबल्स ने

रोटरडैम फिल्म महोत्सव में जीता पुरस्कार

भारतीय फिल्म 'पेबल्स' को 50वें रोटरडैम

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के 'टाइगर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। तमिल भाषा की इस फिल्म का निर्देशन विनोदराज पीएस ने किया है। पुरस्कार मिलने पर विनोदराज ने बताया कि इसके तहत उन्हें 40,000 यूरो नकद दिया गया है। नियमानुसार यह राशि विजेता फिल्म के निर्माता और निर्देशक के बीच बांटी जाती है।

बोस्निया के

म्यूजिक बैंड में शामिल हुआ रोबोट

बोस्निया के सबसे लोकप्रिय रॉक बैंड डबियोजा

कोलेक्टिव ने अपने बैंड में रॉबी मेगावाइट नाम के रोबोट की भर्ती की है। रॉबी वाद्ययंत्र बजाने और गाने में माहिर है। रॉबी मेगावाइट एक ह्यूमनॉइड रोबोट है। पिछले वर्ष बैंड ने अपने कॉनसर्ट के लिये साराजेवो विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग स्कूल के छात्रों से रोबोट बनाने का आग्रह किया। छात्रों ने मिलकर इसे बना दिया।

इंडोनेशिया के

स्कूलों में 'हिजाब' नहीं होगा अनिवार्य

दुनिया की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश

इंडोनेशिया में स्कूल जाने वाली लड़कियों को हिजाब पहनने से आजादी मिल गई है। दरअसल, कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों ने हिजाब पहनने पर जोर दिया था। इसका जवाब देने के लिये सरकार ने यह निर्देश दिया है, कि जो स्कूल हिजाब के लिये मजबूर करेंगे उन्हें बैन कर दिया जायेगा।

स्मृति शेष

ऑस्कर विजेता क्रिस्टोफर प्लमर ने ली अंतिम सांस

ऑस्कर विजेता अभिनेता क्रिस्टोफर प्लमर का

91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने फिल्म 'बिगिनर्स' के लिये 2012 में ऑस्कर जीता था। शेक्सपियर के किरदारों को जीवंत करने वाले इस अभिनेता ने 65 साल से ज्यादा लंबे सफर में कई यादगार फिल्में दी हैं। उन्हें ऑस्कर सहित दो टोनी अवॉर्ड और दो एमी अवॉर्ड से नवाजा गया था।

भारतीय टेनिस के दिग्गज अख्तर अली का निधन

भारतीय टेनिस के बेहतरीन खिलाड़ियों में शुमार

और दिग्गज कोच 83 वर्षीय अख्तर अली का निधन हो गया। वे 1958 से 1964 तक भारतीय डेविस कप टीम का हिस्सा थे। उन्होंने एक कोच के रूप में रमेश कृष्णन, विजय अमृतराज और लिएंडर पेस जैसे खिलाड़ी तैयार किये थे।

अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज शुल्ट्ज का निधन

अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज शुल्ट्ज का

100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के कार्यकाल में शीत युद्ध को समाप्त करने के लिये किये गये महत्वपूर्ण प्रयासों के कारण चर्चा में आये थे। वे लंबे समय तक स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े रहे।

इंस्टेंट नूडल्स की जनक नूरैनी का निधन

इंस्टेंट नूडल्स की जनक कही जाने वाली नूनक

नूरैनी का 59 साल की उम्र में निधन हो गया। नूनक ने ही इंडोनेशिया में सबसे पहले इंस्टेंट नूडल्स की शुरुआत की थी, जो पूरी दुनिया में मशहूर हुआ। नूरैनी के नूडल्स की वजह से ही इंडोमी कंपनी का मी-गुरेंग ब्रांड मशहूर हो गया था।

पूर्व हैवीवेट चैंपियन लियोन का निधन

ओलिंपिक पदक जीतने के बाद मोहम्मद अली

को हराकर हैवीवेट खिताब हासिल करने वाले लियोन स्पिन्क्स का 67 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। स्पिन्क्स ने 1978 में यह खिलाब जीता था। वे लंबे समय से बीमार थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

जब चीजें काबू से बाहर हों, तब शांत रहने की कोशिश करना चाहिए – ब्रेंडा बारबोसा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म.प्र.)

विज्ञापन पत्र क्रमांक/443/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2021 सिवनी, दिनांक : 08.02.2021

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

निविदा सूचना क्र./दिनांक	ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	कार्य का नाम	कुल अनुमानित लागत (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
44/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 03.02.2021	2021_ PHED_ 127013_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा के ग्राम बिलकटा, बिहिरिया, देवगांव, दरबई, भटमतरा, दानीमेटा, खैरनारा, मुआरी, निवारी, घोघरी, सालीवाड़ा, घुंघसा, बवैया, माहुलपानी, खैरी, मनोगढ़ एवं सालीवाड़ा टोला में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य।	423.53	4,23,530/-	15,000/-	23.02.2021	23.02.2021	180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन	म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार

जी-18862/45202/2021 कार्यपालन यंत्री

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह (म.प्र.)

क्रमांक 584/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खंड दमोह दिनांक : 10.02.2021

निविदा सूचना क्रमांक - 173,174, 175, 176, 177/2020-21, दिनांक 10.02.2021 प्रकाशन बाबत।

(द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से दमोह जिले के विभिन्न विकासखण्डों के शासकीय स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य के अंतर्गत 150 मि.मी. 90 मी. गहराई के नल कूप खनन कार्य हेतु प्रपत्र "2.10" प्रतिशत दर पर, लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में "सी" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है।

नि. क्र.	ई-नि.क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक	ग्राम का नाम	मात्रा नग में	अनुमा. लागत रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	2020-21_PHED_116872	173/20-21	दमोह	17	12.75	25000	2000/-	1 माह
2.	2020-21_PHED_116873	174/20-21	पथरिया	56	42.00	84000	5000/-	1 माह
3.	2020-21_PHED_116874	175/20-21	हटा	73	54.75	55000	10000/-	1 माह
4.	2020-21_PHED_116875	176/20-21	पटेरा	69	51.75	52000	10000/-	1 माह
5.	2020-21_PHED_116877	177/20-21	बटियागढ़	40	30.00	60000	5000/-	1 माह

कोरे निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 22.02.2021** तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 23.02.2021 को 17.30 बजे तक प्राप्त की जावेगी। प्राप्त समस्त ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं दिनांक 25.02.2021 को लिफाफा अ पूर्वान्ह 11.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 25.02.2021 अपरान्ह 13.30 बजे खोली जावेंगी।
दस्तावेज कार्यालय में 24.02.2021 कार्यालयीन समय तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
नलकूप विहीन शालाओं/आंगनवाड़ियों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य शासकीय संस्थाओं में अधिकतम 90 मीटर की गहराई तक खनन कार्य कराये जावें। 90 मीटर से अधिक गहराई की आवश्यकता होने पर अधीक्षण यंत्री की अनुशंसा अनुसार मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर से पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात ही कार्य कराया जावे।

कार्यपालन यंत्री
जी-18912/45211/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 08/2020-21 शाजापुर, दिनांक : 08.02.2021

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	128073	शाजापुर	मार्ग निर्माण	मुड़लामैना से सेमलिया मार्ग लंबाई 2.45 कि.मी. एवं खेरखेड़ी से विरगढ़ मार्ग लंबाई 1.25 कि.मी. का निर्माण कार्य युटिलीटी शिफ्टिंग सहित।	प्रथम	283.61	दस्तावेज ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे।
2.	128074	शाजापुर	मार्ग निर्माण	डोंडी से खमलाय मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य युटिलीटी शिफ्टिंग सहित।	प्रथम	229.18	
				कुल योग		512.79	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27.02.2021, 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18888/45205/2021 लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह (म.प्र.)

क्रमांक 585/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खंड दमोह दिनांक : 10.02.2021

निविदा सूचना क्रमांक -178, 179, 180, 181, 182/2020-21, दिनांक 10.02.2021 प्रकाशन बाबत।

(द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से दमोह जिले के विभिन्न विकासखण्डों की आंगवाड़ियों में पेयजल व्यवस्था कार्य के अंतर्गत 150 मि.मी. 90 मी. गहराई के नल कूप खनन कार्य हेतु प्रपत्र "2.10" प्रतिशत दर पर, लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में "सी" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है।

नि. क्र.	ई-नि.क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक	ग्राम का नाम	मात्रा नग में	अनुमा. लागत रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	2020-21_PHED_116878	178/20-21	दमोह	30	22.50	45000	5000/-	1 माह
2.	2020-21_PHED_116879	179/20-21	पथरिया	54	40.50	81000	5000/-	1 माह
3.	2020-21_PHED_116880	180/20-21	हटा	31	23.25	46000	5000/-	1 माह
4.	2020-21_PHED_116882	181/20-21	पटेरा	43	32.25	64000	5000/-	1 माह
5.	2020-21_PHED_116883	182/20-21	बटियागढ़	27	20.25	40000	5000/-	1 माह

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 19 वर्ष 2020-21 भोपाल, दिनांक : 09.02.2021

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_ PWDRB_ 128311_1	भोपाल	सिविल कार्य	स्टेट हेंगर भोपाल में सुरक्षा हेतु नई बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण, लगैज रूम एवं रोलिंग गेट का निर्माण, ग्रिल बढ़ाने एवं चौकी का निर्माण, जी.आई. बारबैड वायर फेंसिंग का कार्य, फिक्सिंग कन्सलटिना स्वाईल फेंसिंग मय पंच टेम कन्सलटाईन स्वाईल का कार्य एवं स्टेट हेंगर के मैन रोड पर जी.आई. पाईप लाईन कार्य।	प्रथम	83.09
2.	2021_ PWDRB_ 128314_1	भोपाल	सिविल कार्य	स्वराज संस्थान कार्यालय भवन एवं शहीद भवन भोपाल में फॉस सिलिंग मरम्मत, जल अवरोधक व मरम्मत कार्य।	प्रथम	26.31
3.	2021_ PWDRB_ 128315_1	भोपाल	सिविल कार्य	शहीद भवन (कल्चर विभाग) में ऑडिटोरियम, चेयर लॉकर लगाने का कार्य।	प्रथम	42.72

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं जमा करने की **अंतिम तिथि 01.03.2021** सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18865/45203/2021 लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह (म.प्र.)

क्रमांक 583/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खंड दमोह दिनांक : 10.02.2021

निविदा सूचना क्रमांक - 168, 169, 170, 171, 172/2020-21, दिनांक 10.02.2021 प्रकाशन बाबत।

(द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से दमोह जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में पेयजल व्यवस्था कार्य हेतु प्रपत्र "2.10" प्रतिशत दर पर, लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में "सी" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है।

नि. क्र.	ई-नि.क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक	ग्राम का नाम	मात्रा नग में	अनुमा. लागत रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	2020-21_PHED_116866	168/20-21	दमोह	17	17.85	35000	2000/-	3 माह
2.	2020-21_PHED_116867	169/20-21	पथरिया	56	58.80	59000	10000/-	3 माह
3.	2020-21_PHED_116869	170/20-21	हटा	106	111.30	111000	12500/-	3 माह
4.	2020-21_PHED_116870	171/20-21	पटेरा	96	100.80	108000	12500/-	3 माह
5.	2020-21_PHED_116871	172/20-21	बटियागढ़	72	75.60	76000	10000/-	3 माह

कोरे निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 22.02.2021** तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 23.02.2021 को 17.30 बजे तक प्राप्त की जावेगी। प्राप्त समस्त ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं दिनांक 25.02.2021 को लिफाफा अ पूर्वान्ह 11.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 25.02.2021 अपरान्ह 13.30 बजे खोली जावेंगी।
दस्तावेज कार्यालय में 24.02.2021 कार्यालयीन समय तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
निविदा की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के उपरांत ही कार्यादेश किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-18907/45209/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कोरे निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 22.02.2021** तक क्रय किये जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 23.02.2021 को 17.30 बजे तक प्राप्त की जावेगी। प्राप्त समस्त ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं दिनांक 25.02.2021 को लिफाफा अ पूर्वान्ह 11.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 25.02.2021 अपरान्ह 13.30 बजे खोली जावेंगी।
दस्तावेज कार्यालय में 24.02.2021 कार्यालयीन समय तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
नलकूप विहीन शालाओं/आंगनवाड़ियों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य शासकीय संस्थाओं में अधिकतम 90 मीटर की गहराई तक खनन कार्य कराये जावें। 90 मीटर से अधिक गहराई की आवश्यकता होने पर अधीक्षण यंत्री की अनुशंसा अनुसार मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्वालियर से पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात ही कार्य कराया जावे।

कार्यपालन यंत्री
जी-18896/45207/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दमोह

कार्यालय अधिष्ठाता बुन्देलखण्ड शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सागर
शिवाजी वार्ड, तिली रोड, सागर (म.प्र.)

फोन नं. 07582-236270, फैक्स नं. 07582-236457

क्रमांक 766/भर्ती/2021 सागर, दिनांक : 10.02.2021

विज्ञप्ति प्रेस नोट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक एनएचएम/एच.आर./2020/9867 भोपाल दिनांक 28.07.2020 तथा पत्र क्रमांक/एनएचएम/एच.आर/2019/5418 भोपाल, दिनांक 28.05.2019 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा एवं अनुबंध शर्तों के आधार पर बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में सिक न्यूबोर्न केयर यूनिट (SNCU) के तहत शिशुरोग विभाग हेतु एम.ओ-पी.जी.एम.ओ. तथा आरबी.एस.के. हेतु एनेस्थेटिस्ट, स्टॉफ नर्स तथा ओ.टी. टेक्नीशियन के पद की रिक्तियां स्वीकृत की गई, जिस हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	पद का नाम	निश्चित संविदा वेतन	रिक्त पदों की संख्या			
			अनारक्षित (UR)	अनुसूचित जनजाति (ST)	अनुसूचित जाति (SC)	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)
01	पी.जी.एम.ओ. -एम.ओ.	पी.जी. डिप्री हेतु 1,25,000/- डिप्लोमा हेतु 1,00,000/- एम.ओ. - 60000/-	02	-	-	-
02	एनेस्थेटिस्ट	1,00,000/-	01	-	-	-
03	स्टाफ नर्स	20,000/-	01	01	01	01
04	ओ.टी. टेक्नीशियन	15,000/-	-	01	-	-

आवेदन प्राप्ति की **अंतिम दिनांक 01.03.2020** सायं 5.30 बजे तक महाविद्यालय की आवक शाखा में जमा किए जा सकेंगे। उपरोक्त विज्ञप्ति की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय सागर म.प्र. की वेबसाइट **www.bmcsagar.edu.in** पर चिकित्सा महाविद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जी-18904/45208/2021 **बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 11/ब.ले.लि./2020-21 **भोपाल, दिनांक 05.02.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB_127523	उपसंभाग क्रमांक-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 6 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में बाहर तरफ रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
2.	2021_PWDRB_127524	उपसंभाग क्रमांक-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 5, 6 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
3.	2021_PWDRB_127525	उपसंभाग क्रमांक-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में दरवाजे, खिड़कियां, वॉल डेडो एवं ग्रिल फेंसिंग पर पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
4.	2021_PWDRB_127526	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 16 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
5.	2021_PWDRB_127527	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 20 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
6.	2021_PWDRB_127529	आर.टी.सी. उपसंभाग लो.नि.वि भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 16 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में बाहर की तरफ रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
7.	2021_PWDRB_127530	आर.टी.सी. उपसंभाग लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 17 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में बाहर की तरफ रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	60.00
8.	2021_PWDRB_127532	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 16 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों दरवाजें, खिड़कियों, वालडेडो एवं ग्रील फेंसिंग पर पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
9.	2021_PWDRB_127533	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 17 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों दरवाजें, खिड़कियों, वालडेडो एवं ग्रील फेंसिंग पर पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
10.	2021_PWDRB_127535	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 20 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों दरवाजे, खिड़कियों, वालडेडो एवं ग्रील फेंसिंग पर पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
11.	2021_PWDRB_127536	नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत उपसंभाग क्रमांक-3, में अतिविशिष्ट अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के समारोह हेतु बेरिकेटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
12.	2021_PWDRB_127537	उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 11, 12 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
13.	2021_PWDRB_127538	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 21 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय गैर आवासीय भवनों में बाहर की तरफ रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00
14.	2021_PWDRB_127539	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 21 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
15.	2021_PWDRB_127541	उपसंभाग क्रमांक-02, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 10 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
16.	2021_PWDRB_127542	उपसंभाग क्रमांक-02, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 27 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
17.	2021_PWDRB_127543	जेल उपसंभाग क्रमांक-03, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत निर्माण भवन एवं अन्य गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत/अनुरक्षण/जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	30.00
18.	2021_PWDRB_127544	जेल उपसंभाग क्रमांक-03, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत केन्द्रीय जेल के यूनिट अ, ब के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत/अनुरक्षण/जमा कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
19.	2021_PWDRB_127545	जेल उपसंभाग क्रमांक-03, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत केन्द्रीय जेल के यूनिट अ, ब के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई जल अवरोधक सीमेंट पेंट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00
20.	2021_PWDRB_127546	निर्माण भवन भोपाल में सेनेटाइजेशन एवं डिस्इंफेक्शन कार्य।	प्रथम आमंत्रण	17.35
21.	2021_PWDRB_127714	उपसंभाग क्रमांक-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 05 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवासगृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत/अनुरक्षण/जमा कार्य।	द्वितीय आमंत्रण	25.00

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 01.03.2021 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18974/45214/2021 **नया भोपाल संभाग लो.नि.वि भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड रायसेन

दूरभाष क्र. 07482-222095, फैक्स क्र. 07482-223388, ईमेल - eephraj@nic.in

क्रमांक/753/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/रायसेन दिनांक : 11.02.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 22.02.2021 शाम 17.30 है एवं निविदा में होने वाले संशोधन केवल वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर ही देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. क्र.		निविदा क्र.	विकास खण्ड	कार्य का नाम	लागत राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PHED_127406_1	तृतीय	135	उदयपुरा	विकासखण्ड उदयपुरा में नलजल योजना के माध्यम से 10 ग्रामों में शत प्रतिशत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदाय कार्य।	220.00
2.	2021_PHED_127407_1	तृतीय	136	औबेदुल्लागंज	रायसेन जिले के विकासखण्ड औ.गंज में नलजल योजना के माध्यम से 05 ग्रामों में शत प्रतिशत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदाय कार्य।	206.00
3.	2021_PHED_127408_1	तृतीय	137	औबेदुल्लागंज	रायसेन जिले के विकासखण्ड औ.गंज में नलजल योजना के माध्यम से 06 ग्रामों में शत प्रतिशत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदाय कार्य।	237.20
4.	2021_PHED_127409_1	तृतीय	138	औबेदुल्लागंज	रायसेन जिले के विकासखण्ड औ.गंज में नलजल योजना के माध्यम से 06 ग्रामों में शत प्रतिशत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदाय कार्य।	208.33
5.	2021_PHED_128558_1	तृतीय	139	औबेदुल्लागंज	रायसेन जिले के विकासखण्ड औ.गंज में नलजल योजना के माध्यम से 05 ग्रामों में शत प्रतिशत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदाय कार्य।	224.63
6.	2021_PHED_128734_1	द्वितीय	140	उदयपुरा	विकासखण्ड उदयपुरा के अंतर्गत 150 स्कूल/आंगवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	251.15

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं
जी-18972/45213/2021 **कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायसेन**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, आगर-मालवा
छावनी नाका, सुसनेर रोड

फोन नंबर : 07362-259980, ई-मेल : eepheagar@yahoo.com

क्रमांक 203/लेखा/कार्य/लोस्वायां/2020-21 आगर-मालवा, दिनांक : 09.02.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर आगर जिले के विकासखण्ड बड़ौद के ग्रुप क्रमांक 2 के ग्रामों में आंगनवाड़ी, प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में पेयजल व्यवस्था कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार (तृतीय आमंत्रण) आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
38/2020-21/ 09.02.2021 (तृतीय आमंत्रण)	118925	बड़ौद ग्रुप-2	94.43	94434	10000	02 माह	नवीन केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि : 22.02.2021 17:30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 22.02.2021 17:30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 24.02.2021 11:00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर (टेण्डर डॉक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि एवं विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18858/45200/2021 **लो.स्वा.यां. खण्ड, आगर-मालवा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म.प्र.)

दूरभाष क्र. : 07732-252084, ई-मेल : eephedpan@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 64/2020-21 दिनांक 08.02.2021

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर पन्ना जिले के विकासखण्ड अजयगढ़ के अंतर्गत ग्रामीण शासकीय शालाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था संबंधी विभिन्न कार्यों हेतु नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं। जिनके फार्म ऑनलाइन क्रय करने एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 23.02.2021 शाम 5:30 तक** निर्धारित है तथा निविदा खोलने की तिथि 25.02.2021 प्रातः 11:00 बजे निर्धारित है। निविदा से संबंधित समस्त संशोधन उक्त वेवसाइट पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्र.	विकासखंड	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PHED_127952_1 (Group A-1)	अजयगढ़	129.75	129750	12500	
2.	2021_PHED_127965_1 (Group A-2)	अजयगढ़	115.65	115650	12500	दो माह
3.	2021_PHED_127969_1 (Group A-3)	अजयगढ़	164.43	164430	12500	
4.	2021_PHED_127974_1 (Group A-4)	अजयगढ़	127.44	127440	12500	

कार्यपालन यंत्री
जी-18874/45201/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, पन्ना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म.प्र.)

दूरभाष क्र. : 07732-252084, ई-मेल : eephedpan@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 66/2020-21 दिनांक : 09.02.2021

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर पन्ना जिले के विकासखण्ड गुनौर के अंतर्गत ग्रामीण शासकीय शालाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था संबंधी विभिन्न कार्यों हेतु नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं। जिनके फार्म ऑनलाइन क्रय करने एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 24.02.2021 शाम 5:30 तक** निर्धारित है तथा निविदा खोलने की तिथि 26.02.2021 प्रातः 11:00 बजे निर्धारित है। निविदा से संबंधित समस्त संशोधन उक्त वेवसाइट पर ही उपलब्ध होंगे, जिन्हें पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्र.	विकासखंड	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PHED_128188_1 (Group G-1)	गुनौर	133.30	133300	12500	
2.	2021_PHED_128193_1 (Group G-2)	गुनौर	110.86	110860	12500	
3.	2021_PHED_128218_1 (Group G-3)	गुनौर	116.88	116880	12500	दो माह
4.	2021_PHED_128403_1 (Group G-4)	गुनौर	129.40	129400	12500	
5.	2021_PHED_128405_1 (Group G-5)	गुनौर	148.87	148870	12500	

कार्यपालन यंत्री
जी-18911/45210/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, पन्ना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मैकेनिकल खण्ड, मोती महल, ग्वालियर

Ph. NO. : 0751-2452685, E-Mail : emphedgwa@mp.nic.in

ई-निविदा तृतीय आमंत्रण सूचना

क्रमांक/362/तक./का.यं./लो.स्वा.यां.वि./मैकेनिकल/खण्ड/2020-21 ग्वालियर, दिनांक : 10.02.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित मोहरबंद निविदा अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Appendix 2.10" पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्य का नाम :- Construction of Piped Water Supply Stand Alone Water supply Schemes with installation of 5000 or 2X5,000 liters Polyethylene Water Storage Tank at 5 meter high MS staging to provide drinking water through Functional Household Tap Connections in various Villages of District Gwalior of Madhya Pradesh with all allied Works and Successful 90 Days Trial run of the schemes. Complete work.

क्र.	जिला	ई-निविदा आई.डी. क्रमांक	निविदा क्रमांक/ दिनांक	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण अवधि
1.	ग्वालियर	2021_PHED_128596_1	56/2020-21 10.02.2021	243.10	243100/-	15000/-	150 दिवस

ई-निविदाएं ऑनलाइन खरीदने की अंतिम तिथि : 22.02.2021 समय 15:00 बजे तक।
ई-निविदा में बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 22.02.2021 समय 15:00 बजे तक।
ई-निविदा खोलने की तिथि व समय : 24.02.2021 समय 15:00 बजे के पश्चात।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
जी-18891/45206/2021 मैकेनिकल खण्ड, ग्वालियर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक : 01, होशंगाबाद
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 20/2020-21/e-Tender/Hbad दिनांक : 09.02.2021

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

स. क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (लाख में)
1.	2021_PWDRB_ 128462	होशंगाबाद	सड़क कार्य	सेमरी हरचंद में मारू नदी के पास नाले पर ह्यूम पाइप पुलिया का निर्माण।	प्रथम	4.46
2.	2021_PWDRB_ 128464	होशंगाबाद	भवन कार्य	सिवनी मालवा उपसंभाग के अतर्गत ग्राम दुधियाबड़ में चौपाल का निर्माण। (विधायक निधि)	प्रथम	2.23
3.	2021_PWDRB_ 128466	होशंगाबाद	भवन कार्य	मुख्यालय क्र. 2 होशंगाबाद के अंतर्गत गैर रहवासी आवास एवं गैर रहवासी भवनों में मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.95
4.	2021_PWDRB_ 128467	होशंगाबाद	भवन कार्य	मुख्यालय क्र. 1 होशंगाबाद के अंतर्गत गैर रहवासी आवास एवं गैर रहवासी भवनों में मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.95
5.	2021_PWDRB_ 128471	होशंगाबाद	नवीनीकरण	जिला चिकित्सालय होशंगाबाद पहुंच मार्ग पर वी.टी. नवीनीकरण कार्य।	प्रथम	6.16
6.	2021_PWDRB_ 128472	होशंगाबाद	भवन कार्य	सिवनी मालवा उपसंभाग में रहवासी, गैर रहवासी, विधायक निधि, सांसद निधि एवं जनभागीदारी के अंतर्गत मरम्मत कार्य।	प्रथम	19.87
7.	2021_PWDRB_ 128473	होशंगाबाद	सड़क कार्य	सिवनी मालवा उपसंभाग के अंतर्गत धमासा दतवासा मार्ग पर आर.सी.सी. नाली का निर्माण।	द्वितीय	19.09
				कुल योग रुपये		**91.71**

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 01.03.2021 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तोवज केवल ऑनलाइन ही प्राप्त किए जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-18992/45215/2021 लो.नि.वि., संभाग होशंगाबाद

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
मैकेनिकल खण्ड जबलपुर, मध्यप्रदेश

Phone - 0761-2977337, E-mail - eephmecjb@yahoo.com

निविदा सूचना क्र. 88 से 89/2020-21/JJM जबलपुर, दिनांक : 11.02.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-टेण्डरिंग पद्धति पोर्टल **(http://www.mptenders.gov.in)** ऑनलाइन निविदाएं एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल म.प्र. की जल जीवन मिशन के अंतर्गत नलकूप आधारित नल-जल प्रदाय योजना के कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण सूचना का विस्तृत विवरण एवं निविदा शर्तें आदि की जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेवसाइट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविड कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किया जा सकता है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का नाम :- जल-जीवन मिशन के अंतर्गत निम्नलिखित जिलों के विकासखण्डों के अंतर्गत 100 से 250 जनसंख्या वाले विभिन्न ग्रामों में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल पंप की स्थापना 2x5000 लीटर जल-क्षमता की 4/5 मीटर ऊंचाई की माईल्ड स्टील स्टेजिंग पर उच्चस्तरीय पोलीथिलेन वॉटर टैंक (पानी की टंकी) स्थापना कार्य, पाइप लाइन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री, मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायलरन सहित कार्य।

निविदा सूचना क्र./दि.	ई-टेण्डरिंग पोर्टल क्रमांक	जिले का नाम	योजना हेतु प्रस्तावित ग्रामों की संख्या	कुल अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन बिड खोलने की तिथि	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
88/ 11.02.21	2021_PHED_ 128741_1	बालाघाट	16	147.706	147706	12500	**27.02.2021**	01.03.2021	5 माह (वर्षाकाल सहित)
89/ 11.02.21	2021_PHED_ 128745_1	बालाघाट	13	133.729	133729	12500	**27.02.2021**	01.03.2021	5 माह (वर्षाकाल सहित)

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित किया जावेगा समाचार पत्र में नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-19033/45217/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, मैकेनिकल खण्ड, जबलपुर

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 773/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेण्डरिंग/भोपाल, दिनांक 12.02.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.03.2021** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_ 128839	सीतानगर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत (वटियागढ़ 132/33 ई.एच.वी. एस.एस. से सीतानगर पम्प हाउस बाया चकेरीघाट कुल 33 कि.मी.) 33 के.व्ही. नवीन विद्युत लाइन के विस्तार सहित भूमिगत क्रासिंग, व्ही.सी.बी. व उच्चदाव मीटरिंग उपकरणों के प्रस्तावित स्थल पर स्थापित किये जाने का कार्य, समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर/ दमोह	399.73
2.	2021_WRD_ 128840	चकरपुर मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध स्थल तक 11 के.व्ही. नवीन विद्युत लाइन (ओवर हेड + केबलिंग कार्य) के विस्तार सहित व्ही.सी.बी. एवं 200 के.व्ही.ए. ट्रान्सफार्मर के प्रस्तावित स्थल पर स्थापित किये जाने का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर	120.93
3.	2021_WRD_ 128842	मढ़िया मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध स्थल तक 33 के.व्ही. नवीन विद्युत लाइन के विस्तार सहित व्ही.सी.बी. एवं 315 के.व्ही.ए., ट्रान्सफॉर्मर के प्रस्तावित स्थल पर स्थापित किये जाने का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर	70.13
4.	2021_WRD_ 128845	चकरपुर एवं मढ़िया बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम दाउदपुर तहसील राजगढ़ में पुर्नवासित स्थल पर नवीन विद्युतीकरण कार्य सहित 03 नग 100 के.व्ही.ए. ट्रान्सफॉर्मर के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर	67.97

जी-19215/45219/2021 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म.प्र.)

दूरभाष क्र. : 07732-252084, ई-मेल : eephedpan@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 68/2020-21, दिनांक : 10.02.2021

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर पन्ना जिले के विकासखण्ड शाहनगर के अंतर्गत ग्रामीण शासकीय शालाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था संबंधी विभिन्न कार्यों हेतु नवीन पंजीयन प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं। जिनके फार्म ऑनलाइन क्रय करने एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 24.02.2021 शाम 5:30 तक** निर्धारित है तथा निविदा खोलने की तिथि 26.02.2021 प्रातः 11:00 बजे निर्धारित है। निविदा से संबंधित समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे, उन्हें पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्र.	विकासखंड	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PHED_128515_1 (Group S-1)	शाहनगर	164.08	164080/-	12500	
2.	2021_PHED_128529_1 (Group S-2)	शाहनगर	129.28	129280/-	12500	
3.	2021_PHED_128530_1 (Group S-3)	शाहनगर	153.30	153300/-	12500	दो माह
4.	2021_PHED_128533_1 (Group S-4)	शाहनगर	130.45	130450/-	12500	

कार्यपालन यंत्री
जी-19042/45218/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, पन्ना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, रायसेन

दूरभाष क्र. : 07482-222095, फैक्स क्र. : 07482-223388, ई-मेल : eephrai@nic.in
क्रमांक/807/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/ रायसेन, दिनांक : 12.02.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 26.02.2021 शाम 17:30 है एवं संशोधन केवल वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत राशि (रु. में)
1.	2021_PHED_128982_1	141	रायसेन जिले के विकासखण्ड सांची/गैरतगंज के ग्रामों में 60 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	5779155/-
2.	2021_PHED_128983_1	142	रायसेन जिले के विकासखण्ड बेगमगंज/सिलवानी के ग्रामों में 60 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	5779155/-
3.	2021_PHED_128986_1	143	रायसेन जिले के विकासखण्ड औबेदुल्लागंज के ग्रामों में 60 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	5779155/-
4.	2021_PHED_128988_1	144	रायसेन जिले के विकासखण्ड बाड़ी/उदयपुरा के ग्रामों में 60 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	5779155/-

कार्यपालन यंत्री
जी-18999/45216/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायसेन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, जबलपुर

ई-मेल : eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक : 0761-2344814
निविदा क्रमांक 122-131/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां.वि./2020-21 जबलपुर, दिनांक : 09.02.2021

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार कार्यों की ऑनलाइन डिजिटल मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका अवलोकन वेबसाइट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किए जा सकते हैं।

Name of Work :- Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e. 100% FHTC's) in District Jabalpur.

निविदा क्र./दिनांक	सिस्टम क्र.	विकासखण्ड का नाम	निविदा की कुल लागत रु. लाख	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य
122/09.02.2021	128154	Panagar	185.66	185660/-	12500/-
123/09.02.2021	128168	Panagar	135.47	135470/-	12500/-
124/09.02.2021	128172	Panagar	103.23	103230/-	12500/-
125/09.02.2021	128177	Shahpura	134.01	134010/-	12500/-
126/09.02.2021	128209	Patan	119.02	119020/-	12500/-
127/09.02.2021	128220	Patan	119.50	119500/-	12500/-
128/09.02.2021	128225	Jabalpur	198.20	198200/-	12500/-
129/09.02.2021	128236	Jabalpur	198.57	198570/-	12500/-
130/09.02.2021	128241	Jabalpur	127.31	127310/-	12500/-
131/09.02.2021	128243	Jabalpur	108.77	108770/-	12500/-

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि : 24.02.2021 समय 17:30 बजे तक।**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 24.02.2021 समय 17:30 बजे तक।
ऑनलाइन दर खोलने की अंतिम तिथि : 26.02.2021 समय 11:00 बजे।

जी-18971/45212/2021 कार्यपालन यंत्री

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक - 774/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेण्डरिंग/भोपाल, दिनांक 12.02.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.03.2021** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_129096	**टर्न की पद्धति पर :-** सांक नदी पर स्टॉप डेम क्र.-3 का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	ग्वालियर	206.90

जी-19221/45220/2021 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग-खण्डवा

क्र. 612/निविदा/लोस्वायांवि/2021 खण्डवा, दिनांक : 08.02.2021

निविदा सूचना क्रमांक-53/2020-21

जल जीवन मिशन अंतर्गत खण्डवा जिले के ग्रामों में स्थापित नलजल योजनाओं के पुनर्नवीनीकरण कार्य के क्रियान्वयन हेतु पाइप लाइन जोड़ना, बिछाना परीक्षण कार्य, आरसीसी उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल निर्माण कार्य, मोटर पम्प स्थापना, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय एवं विद्युत कार्य मय 03 माह परीक्षण अवधि हेतु ऑनलाइन निविदाएं-टेण्डर आई.डी. क्रमांक 2021_PHED_127950_1, 2021_PHED_127950_2 एवं 2021_PHED_127950_3 से आमंत्रित की जाती है, जिनमें निविदा दर डालने की अंतिम **तिथि दिनांक 22.02.2021 समय दोपहर 17:00 बजे तक** निर्धारित है। समस्त कार्यों की कुल अनुमानित लागत रु. 344.05 लाख है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर पोर्टल **www.mptenders.gov.in/nicegp/app** पर देखी जा सकती है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री एवं सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,
जी-18884/45204/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खण्डवा

SECTION 1
Notice Inviting Tender
Directorate of Health Services
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
National Health Mission, Division Bhopal and Jablapur
2nd Floor Satpura Bhawan Bhopal

NIT No.17/2020-21 e-tendering/3055 **Dated : 15.02.2021**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria: (Three Cover System)

S. No.	Tender No_ 2020_ DHS	Name of Work	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest money Deposit EMD (Rs.)	Tender Cost (Rs.)	Period of Completion (Including Rain Season)
1.	129253	Construction of 50 Bedded Hospital Building (Civil & Electrical work) including Lift. 06F, 06G, 06H, Type Staff Quarters, Approach Road and Development Work at CHC Budni District Sehore.	1268.70	10,00,000/-	30,000/-	24 Months
2.	129254	Construction/Upgradation of MCH Building (Civil & Electrical work) Drug Store, General Ward, ICU Including 04F, 04G, 04H Type Quarter at Civil Hospital Nasrullahganj District Sehore.	868.25	8,68,250/-	20,000/-	20 Months
3.	129255	Construction of PHC Building Civil and Electrical Work Including Tube Well and Approach Road at Village **Sanchet and Kharbai** Block Sanchi District Raisen.	133.92	1,33,920/-	12,500/-	15 Months
4.	129256	Construction of PHC Building Civil and Electrical Work Including Tube Well and Approach Road at Village **Pratapgarh** Block Silwani District Raisen.	66.96	66,960/-	10,000/-	12 Months

1. Interested bidders can view the detailed NIT on the website **https://mptenders.gov.in**
2. The Bid Document can be purchased only online from 18.02.2021 10:30AM to 05.03.2021 17:30.
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

Executive Engineer
National Health Mission
Division Bhopal and Jabalpur
G-19470/45225/2021 **2nd Floor Satpura Bhawan, Bhopal**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मैकेनिकल खण्ड
लहारपुर डेम के समीप बाग मुंगालिया, भोपाल पिनकोड : 462043

Phone No. 0755-2930001, E-Mail ID :- emphbpl@mp.nic.in
क्रमांक 518 तक/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./मैके. खण्ड/2020-21/भोपाल/दिनांक 15.02.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।
कार्य का नाम :- राजगढ़ जिले में नरसिंहगढ़ विकास खण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु 5 मीटर ऊंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चर पर पोलीथिलीन टंकी की स्थापना कर पाइप लाइन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य।

सिस्टम जनरेट आई.डी. क्र.	जिला	ग्रामों की संख्या	निविदा प्रपत्र की राशि रु.	ठेके की अनु. राशि रु.	अमानत राशि रु.	निविदा ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रमांक
2021_PHED_129373_1	राजगढ़	15	12500/-	15071000/-	150710/-	**02.03.2021**	(1) 05 माह (2) लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य। (3) द्वितीय आमंत्रण

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-19563/45226/2021 लो.स्वा.यां. मैके. खण्ड, भोपाल

जॉब अलर्ट

डाक विभाग, भारत, मुंबई

पद का नाम - वरिष्ठ प्रबंधक, मेल, मेल मोटर सर्विस मुंबई
पदों की संख्या - 12
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 मार्च 2021
www.indiapost.gov.in

नाविक भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, मुंबई

पद का नाम - कनिष्ठ सहायक
पदों की संख्या - 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 08 मार्च 2021
www.spfo.gov.in

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद, हरियाणा, भारत

पद का नाम - समूह प्रबंधक-प्रशासन नियंत्रक (एचआर), वित्त और लेखा और सामग्री प्रबंधन सेवाएं
पदों की संख्या - 03
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 27 फरवरी 2021
www.ncbindia.com

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद, भारत

पद का नाम - महाप्रबंधक (तकनीकी), महाप्रबंधक (एचआर)
पदों की संख्या - 06, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 26 फरवरी 2021
http://careers.ecil.co.in

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर

पद का नाम - प्रोफेसर, अपर प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर
पदों की संख्या - 27, 19, 29, 46
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 8 मार्च 2021
www.aiimsgorakhpur.edu.in

ललित कला अकादमी, नई दिल्ली

पद का नाम - अनुसंधान अधिकारी, फोटो अधिकारी, अधीक्षक, पर्यवेक्षक (मृतिका), सहायक कार्यक्रम अधिकारी
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 8 मार्च 2021, दूरवर्ती क्षेत्रों के लिए 23 मार्च 2021
www.lalitkala.gov.in

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली

पद का नाम - समूह 'ख' - स्टेनो ग्रेड-II पुस्तकाध्यक्ष, स्टाफ नर्स, तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला), वरिष्ठ तकनीकी सहायक (प्रलेखन), सहायक अनुसंधान अधिकारी (मानवता समूह), तकनीकी सहायक (प्रेस)
समूह 'घ' - फार्मासिस्ट, स्वागती, स्टेनोग्राफर ग्रेड-III, सहायक भंडारपाल, कॉपी होल्डर, फीडर, प्रयोगशाला परिचर, पशु परिचर, विविध कार्य कर्मचारी
पदों की संख्या - समूह 'ख' - 02, 01, 01, 01, 01, 01, 01
समूह 'घ' - 01, 01, 09, 01, 01, 01, 01, 01, 04
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 8 मार्च 2021
www.nihfw.org

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर

पद का नाम - तकनीकी सहायक/कनिष्ठ अभियंता/पुस्तकालय सूचना सहायक, तकनीशियन/कार्य सहायक, वरिष्ठ तकनीशियन/कार्य सहायक, अधीक्षक, कनिष्ठ सहायक, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय अटेंडेंट/प्रयोगशाला अटेंडेंट
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 5 मार्च 2021 तक आवेदन ऑनलाइन स्वीकार होंगे।
https://www.mnit.ac.in

एडमिशन अलर्ट

नीटी, मुंबई, राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी संस्थान

पाठ्यक्रम का नाम - औद्योगिक इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीआईई) 51वाँ बैच, औद्योगिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजी - डीआईएम) 28वाँ बैच, सतत् प्रबंधन (पीजीडीएसएम) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा - 21वाँ बैच, फेलो (डॉक्टोरल) कार्यक्रम 2021
योग्यता - पीजीडीआईई/पीजीडीआईएम/पीजीडीएसएम के लिए कुल 60 प्रतिशत अंक (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी (विकलांग सहित) उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत की छूट, किसी भी शाखा से इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिक स्नातक/अंतिम वर्ष इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी के छात्र आवेदन कर सकते हैं।
फेलो कार्यक्रम - स्नातक 60 प्रतिशत (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी (विकलांग सहित) 5 प्रतिशत की छूट, इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी/प्रबंधन/अर्थशास्त्र/वाणिज्य सामाजिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, शुद्ध विज्ञान में मास्टर्स या समकक्ष/पात्रता मानदंड प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण हो।
अंतिम तिथि - 1 मार्च 2021
https://www.nitie.ac.in/admission-2021

वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे

पाठ्यक्रम का नाम - प्रबंधन में स्नातकोत्तर पदविका - कृषि व्यवसाय और प्रबंधन पीजीडीएम-एबीएम (2021-23)
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक, एआईसीटीई के सीएटी/एमएटी/एक्सएटी/एटीएमए/जीएमएटी/सीएमएटी किसी एक में वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2021
www.vamnicom.gov.in

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र, मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी कार्यक्रम-2021
योग्यता - एम.एससी (किसी भी विषय से), एमई, एम.टेक (एम.ए./एम.एस. डब्ल्यू) किसी भी सामाजिक/व्यवहारिक/विज्ञान/मनोविज्ञान/भाषाविज्ञान/समाजशास्त्र/अर्थशास्त्र/मानवशास्त्र में एम.एड. विज्ञान अथवा सामाजिक विज्ञान/मानविकी पूर्व स्नातक डिग्री
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2021
http://www.hbcse.tifr.res.in/admissions

सैन्य नर्सिंग सेवा

पाठ्यक्रम का नाम - बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम - 2021 (4 वर्ष) (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 10 मार्च 2021
www.joinindianarmy.nic.in

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - यूजी और पीजी प्रोग्राम - बी.ए., बी.कॉम, बीएससी, डिप्लोमा, पीजी सर्टिफिकेट, सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स, अप्रेंटिस, अवेयरनेस लेवल प्रोग्राम्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 28 फरवरी 2021
www.ignou.samarth.edu.in

अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी)

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर ऑफ बिजनेस (एमबीए)
योग्यता - किसी भी विषय से स्नातक, जीएटी/सीएटी/एमईटी का वैलिड स्कोर कार्ड, विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
अंतिम तिथि - 28 फरवरी 2021
www.aud.ac.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

ध्रुपद गायन के प्रशिक्षण हेतु छात्रवृत्ति योजना

संस्था का नाम - उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, भोपाल
किसके लिए - गुरू-शिष्य परंपरा के अंतर्गत विधा में प्रशिक्षण (ध्रुपद गायन) के इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों के आवेदन आमंत्रित हैं।
योग्यता - दसवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं शास्त्रीय संगीत का प्रारंभिक ज्ञान, उम्र 18 से 30 वर्ष (प्रशिक्षण के दौरान अन्य विधा में प्रशिक्षण वर्जित)
अंतिम तिथि - 28 फरवरी 2021
www.kalaacademymp.com/dhrupad-scholarship2021.pdf

सिंधी साहित्य गौरव सम्मान, श्रेष्ठ कृति पुरस्कार एवं पाण्डुलिपि अनुदान योजना

संस्था का नाम - सिंधी साहित्य अकादमी, भोपाल
किसके लिए - संत शिरोमणि हिरदाराम सिंधी साहित्य गौरव सम्मान-2019 सिंधी साहित्य में आजीवन योगदान देने, श्रेष्ठ कृति पुरस्कार-गद्य एवं पद्य विधा 1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2019 के बीच प्रकाशित हुआ हो, आर्थिक अनुदान योजना के तहत सिंधी भाषा में पाण्डुलिपियां आमंत्रित हैं।
योग्यता - निर्देशानुसार
अंतिम तिथि - 5 मार्च 2021
www.sindhiacademy.com

पंजाबी गौरव सम्मान

संस्था का नाम - पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल
किसके लिए - पंजाबी साहित्य अकादमी द्वारा पंजाबी गौरव सम्मान, इस वर्ष सुदीर्घ पंजाबी पारंपरिक कला साधना/विशेष उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाएगा।
योग्यता - निर्देशानुसार
अंतिम तिथि - 10 मार्च 2021
www.culturemp.in

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सामान्य ज्ञान-खेल

1. **वर्ष 2014 में डेविस कप का खिताब किस देश ने जीता है?**
(अ) अमेरिका (ब) स्विट्जरलैंड
(स) स्पेन (द) क्रोएशिया

2. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) कपिल देव
(ब) जहीर खान
(स) अनिल कुंबले
(द) वेंकटेश प्रसाद

3. **वर्ष 2020 में किस खिलाड़ी को बीबीसी प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है?**
(अ) रॉनी ओश्सुलिवान
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) टायसन फ्यूरी
(द) जॉर्डन हैंडरसन

4. **इस वर्ष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया जायेगा?**
(अ) श्रीलंका
(ब) संयुक्त अरब अमीरात
(स) बांग्लादेश
(द) पाकिस्तान

5. **बाइचुंग भूटिया किस खेल में भारत के कप्तान रह चुके हैं?**
(अ) हॉकी (ब) क्रिकेट
(स) फुटबॉल (द) टेनिस

6. **वर्ष 2019 में ब्रिटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के चैम्पियन बने थे?**
(अ) डेरेन क्लार्क
(ब) रॉरी मैक्लेरॉय
(स) फिल मिकेलसन
(द) शेन लॉरी

7. **आईसीसी वन-डे वर्ल्डकप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज हैं?**
(अ) मार्टिन गुप्टिल
(ब) सौरव गांगुली
(स) रिकी पोंटिंग
(द) सईद अनवर

8. **टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) ऑस्ट्रिया (ब) क्रोएशिया
(स) स्विट्जरलैंड
(द) इनमें से कोई नहीं

9. **वर्ष 2018 में किस खिलाड़ी को फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
(अ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(ब) लियोनेल मैसी
(स) रॉबर्ट लेवानडोवस्की
(द) लुका मोड्रिक

10. **फीफा वर्ल्डकप-2014 फायनल में गोल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं?**
(अ) मारियो गोत्जे
(ब) थॉमस मुलर
(स) टोनी क्रूज
(द) इनमें से कोई नहीं

11. **आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं?**
(अ) जैक कैलिस
(ब) एंड्रयू फ्लिंटॉफ
(स) राहुल द्रविड़
(द) सौरव गांगुली

12. **जीतू राय किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं?**
(अ) कबड्डी (ब) निशानेबाजी
(स) मुक्केबाजी (द) तीरंदाजी

13. **वर्ष 2019 में किस टीम ने फीफा क्लब वर्ल्डकप का खिताब जीता है?**
(अ) रियल मैड्रिड
(ब) लिवरपूल
(स) बार्सिलोना
(द) बायर्न म्युनिख

14. **एशियन गेम्स-2018 में बैडमिंटन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) ताई जू यिंग
(ब) साइना नेहवाल
(स) पी.वी. सिंधु
(द) अकाने यामागुची

15. **नोवाक जोकोविच ने किस वर्ष फ्रेंच ओपन एकल खिताब जीता था?**
(अ) वर्ष 2020 (ब) वर्ष 2018
(स) वर्ष 2017 (द) वर्ष 2016

16. **प्रिंस ऑफ वेल्स कप खेल से संबंधित है?**
(अ) गोल्फ (ब) टेनिस
(स) क्रिकेट (द) मुक्केबाजी

17. **वर्ल्ड बॉस्केटबॉल चैम्पियनशिप पहली बार किस वर्ष आयोजित की गई थी?**
(अ) वर्ष 1946
(ब) वर्ष 1948
(स) वर्ष 1950
(द) इनमें से कोई नहीं

18. **फीफा वर्ल्डकप-2018 में किस खिलाड़ी को बेस्ट यंग प्लेयर चुना गया था?**
(अ) इवान रेकेटिक
(ब) लुका मोड्रिक
(स) गेब्रियल मरकेडो
(द) किलियन एम्बाप्पे

19. **दीपिका पल्लिकल किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) कुश्ती (ब) बैडमिंटन
(स) स्क्वॉश
(द) इनमें से कोई नहीं

20. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में शतक लगाने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं?**
(अ) विराट कोहली
(ब) रोहित शर्मा
(स) शिखर धवन
(द) के.एल. राहुल

21. **विकास गौड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2014 में किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) जेवलिन थ्रो
(ब) डिस्क थ्रो
(स) पोल वोल्ट
(द) इनमें से कोई नहीं

22. **टेनिस की मशहूर जोड़ी बॉब ब्रायन और माइक ब्रायन किस देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं?**
(अ) अमेरिका (ब) अर्जेंटीना
(स) जर्मनी (द) ऑस्ट्रेलिया

23. **एथेलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप-2019 में 10000 मीटर रेस में चैम्पियन बने थे?**
(अ) आंद्रे डि ग्रेस
(ब) क्रिस्टियन कोलमैन
(स) जोशुआ चेपतेगइ
(द) इनमें से कोई नहीं

24. **वर्ष 2018 में ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री फॉर्मूला वन रेस किसने जीती थी?**
(अ) लुइस हैमिल्टन
(ब) डेनियल रिकियार्डो
(स) फर्नांडो अलोंसो
(द) सबेस्टियन वेटल

25. **न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं?**
(अ) केन विलियमसन
(ब) रोस टेलर
(स) मार्टिन क्रो
(द) स्टीफन फ्लेमिंग

उत्तर

1. (ब), 2. (स), 3. (ब), 4. (अ), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (द),10. (अ), 11. (स), 12. (ब), 13. (ब), 14. (अ), 15. (द), 16. (अ), 17. (स), 18. (द), 19. (स), 20. (द), 21. (ब), 22. (अ), 23. (स), 24. (द), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण जानकारी

निबंध लेखन

मार्च 2021 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोजित होना संभावित है। इस परीक्षा में कुल 6 अनिवार्य प्रश्नपत्रों में अंतिम प्रश्नपत्र निबंध लेखन का होता है। इस प्रश्नपत्र में जहां एक वृहद निबंध 1000 शब्दों में लिखना होता है, वहीं 2 लघु निबंध 250-250 शब्दों में भी लिखने होते हैं। ये क्रमशः 50 और 25-25 अंकों के होते हैं। इस प्रश्नपत्र को 2 घंटे में हल करना होता है।

भारत की वर्तमान राजनीति में आ रहे परिवर्तनों का प्रभाव (वृहद निबंध)

भारत में पिछले दो दशकों से चल रहीं आमजन और सरकारी तंत्र की राजनीतिक, सामाजिक और जनकार्यक्रमों पर आधारित गतिविधियों से प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्तरोत्तर राजनीतिक परिवर्तन दृष्टिगोचर हुए हैं। इस क्रांतिकारी बदलाव के लिए नवोदित एवं चमत्कारी राजनेताओं, राजनयिकों (डिप्लोमेट्स), प्रवासी भारतीयों, समाजसेवियों, प्रशासकों और इनके करोड़ों समर्थकों की सतत् सक्रियता सराहनीय एवं उल्लेखनीय भूमिका उत्तरदायी रही है।

अतः वर्तमान भारतीय राजनीति में उभरती नवीन प्रवृत्तियों के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों तरह के अनेक प्रभाव परिलक्षित हो रहे हैं। देश राजनीति में आ रहे इन परिवर्तनों और प्रभावों की समीक्षा निम्नवत बिंदुओं में किया जाना समीचीन/उचित होगा-

1. गोपनीयता बनाम पारदर्शिता

भारत में शासन-प्रशासन द्वारा सामान्य जानकारी को भी गोपनीय सिद्ध करने वाले शासक और प्रशासकों को अब सूचना के अधिकार अधिनियम (2005) के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप मांगी गई जानकारी सप्रमाण देने हेतु बाध्य किया जा सका है। इससे प्रशासन में पारदर्शिता का संचार हुआ है। गोपनीयता बनाम पारदर्शितारूपी युद्ध में आमजन ही विजयी हो रहा है। अब यह आशा की जा सकती है कि प्रशासन में पारदर्शिता और निष्पक्षता आने से भारतीय लोकतंत्र सुशासन एवं जनकल्याण के नए प्रतिमान स्थापित करने की ओर लगातार अग्रसर हो रहा है।

2. चुनाव सुधारों में आती तीव्रता

एक समय था जब आम आदमी के लिये विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में खड़ा होना स्वप्न मात्र था, क्योंकि भारत में चुनावी प्रक्रिया इतनी महंगी थी कि गरीब और ईमानदार आदमी का उम्मीदवार बनना और उसके लिये चुनाव जीतना रेत से तेल निकालने के समान असंभव था। पिछले कुछ वर्षों से भारतीय राजनीति में आ रहे सकारात्मक परिवर्तनों के परिणामस्वरूप अब स्थिति बदली है और निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनती जा रही है। ईवीएम के बटन्स में नोटा का विकल्प अर्थात इनमें से कोई नहीं (NOTA-None of These Above) आने से मतदाता के लिये नया विकल्प खुला है। इसके सुखद परिणामस्वरूप विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में सकारात्मक मतदान व्यवहार परिलक्षित होने लगा है।

चुनाव आयोग और गैर सरकारी संगठनों (NGO-None Govt. Organization) के सतत् प्रयासों से अब न केवल मतदान का प्रतिशत बढ़ रहा है, बल्कि नोटा के रूप में मतदाताओं ने अयोग्य और भ्रष्ट प्रत्याशियों को लोकमंत्र के मंदिरों के रूप में लोक सदनों अर्थात संसद एवं विधानसभाओं में जाने से रोक लगनी प्रारंभ हो सकी है। इस सकारात्मक मतदान व्यवहार ने चुनावी प्रदूषण को दूर करने के सशक्त तथा कारगर उपकरण के रूप में कार्य किया है।

3. यथार्थवादी विदेश नीति पर क्रियान्वयन की शुरुआत

भारतीय राजनीति में आ रहे नये परिवर्तनों के परिणामस्वरूप अब न केवल राजनीतिक दल वरन् समाजसेवी और जनसाधारण भी क्रिकेट खेल की गहन समीक्षा के तरह ही कोविड-19 संकट के बाद से अब भारत की विदेश नीति पर खुले रूप में बातचीत करने लगे हैं। अतः विदेश नीति पर चिंतन-मनन की इस शुरुआत से स्पष्ट होता है कि अब आमजन राष्ट्रीय मामलों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भी अपनी यथासंभव भूमिका का निर्वहन करने हेतु इच्छुक हैं, क्योंकि वैश्विक पर्यावरण, मानव अधिकार, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और संबंधों का अप्रत्यक्ष प्रभाव जनता पर ही पड़ता है। इस नये बदलाव को भारतीय राजनीति के लिये शुभ एवं युगान्तकारी रूप में देखा जा सकता है। भारत ने कोविड-19 संकट के समय अनेक देशों को औषधि और कोरोना की वैक्सीन आदि उपलब्ध कराकर अपनी सशक्त धाक भी बनानी प्रारंभ कर दी है। भारत की इस नीति को वैक्सीन डिप्लोमेसी के रूप में देखा जा रहा है।

4. जवाबदेही की मिशाल बनती न्यायिक सक्रियता

जब सरकार के महत्वपूर्ण अंग व्यवस्थापिका या कार्यपालिका अपना कार्य सही ढंग से नहीं करती हैं तो न्यायपालिका को स्वयं जनता के हितार्थ सक्रियता बरतनी पड़ती है तब उसकी इस नई भूमिका को न्यायिक सक्रियता कहा जाता है। इससे न्यायालय की सकारात्मक भूमिका बढ़ जाती है। लंबे समय से भारत में न्यायिक सुधारों की मांग की जाती रही है।

न्यायिक सक्रियता की उपादेयता को देखते हुये विधि आयोग ने अपनी 230वीं रिपोर्ट में न्यायिक सुधारों के बारे में सलाह दी है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति समय पर हो। विभागीय अदालतों की संख्या और उनके काम के दिनों में भी पर्याप्त वृद्धि और ग्राम न्यायालय अधिनियम (2008) के संदर्भ में इसके क्रियान्वयन में सक्रियता लाकर अधिकतम ग्राम न्यायालयों की स्थापना की जाना चाहिए, जिससे कि ग्रामीणों के मुकदमें स्थानीय स्तर पर ही निपटाये जा सकें।

5. महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण

भारत की संसद में और राज्य विधानसभाओं में कुछ प्रतिशत महिलाएं ही जनप्रतिनिधि बन सकी हैं। इसके बावजूद महिलाओं ने स्थानीय, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में अपना विशिष्ट स्थान बनाया। अब बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायत राज संस्थाओं में छोटे-बड़े पदों को सुशोभित कर रहीं हैं। यह उपयुक्त अवसर है कि इन महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका को उत्तरोत्तर रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में जहां स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक संसद के दोनों सदनों लोक सभा एवं राज्य सभा सहित राज्य विधान सभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कुछ प्रतिशत ही बना हुआ है।

6. जनसाधारण की बढ़ती सक्रियता

अब जनसाधारण की बढ़ती राजनीतिक एवं प्रशासनिक सक्रियता ने भारत की राजनीति और प्रशासन को नये आयाम प्रदान किये। भविष्य में इस जनसाधारण की सक्रियता और भी तेज होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता कि वह सामाजिक स्तर से भी राजनीतिक क्षेत्र में सुधार करने के उद्देश्य से कई समाज सेवियों और सेवानिवृत्त वृद्धजनों ने भी भारत की राजव्यवस्था से भ्रष्ट राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों से मुक्ति प्राप्त करने का बीड़ा उठाया। इस पुनीत कार्य में भारतीय जनता ने भी अपना तन-मन और धन न्यौछावर करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

बदलती राजनीति का नकारात्मक पक्ष

देश में बदलती राजनीति के उपर्युक्त सकारात्मक प्रभावों की समीक्षा के उपरांत भारत की राजनीति में आ रहे क्रांतिकारी बदलावों के बावजूद अभी भी नकारात्मक तरह के दुष्प्रभाव रूपी कई अवरोध हमारे सामने खड़े हैं, जिन्हें हटाए बिना भारतीय लोकतंत्र की गाड़ी सुगमता से नहीं चल पा रही है।

भारतीय राजनीति को सृजनात्मक बनाने हेतु व्यावहारिक सुझाव

1. आधुनिक लोकतंत्र में राजनीतिक विकास की मूलवाहक 'शिक्षा' को ही माना गया है। अतः शिक्षा संबंधी समस्याओं का यथाशीघ्र हल खोजना होगा, तभी हमारे जनप्रतिनिधि अपने प्रतिनिधित्व को सार्थक सिद्ध कर सकते हैं। हमें निरक्षरता को समाप्त करने हेतु परिवार, पड़ोस, सरकार तथा समाज स्तर से गम्भीरता से कार्य करना होगा, तभी समाजसेवियों एवं नवोदित राजनीतिज्ञों के सुधारात्मक प्रयास सफल हो सकेंगे, जैसा कि योजना आयोग की पूर्व सदस्या मीरा सेठ ने कहा है "यदि भारतीय समाज का अधिकतर मतदाता एवं राजनीतिक नेतृत्व अशिक्षित बना रहेगा तो हमारा देश कभी भी वास्तविक रूप में विकसित नहीं बन सकता।"
2. हमारे जनप्रतिनिधियों को निर्वाचित होते ही उन्हें संसदीय कार्यप्रणाली, प्रशासनिक तंत्र एवं अनुशासन संबंधी अनिवार्य व वास्तविक प्रशिक्षण देना होगा, जिससे वे अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझते हुए संयमित एवं संसदीय आचरण का प्रदर्शन कर सकें।
3. सरकारी योजनाओं व पत्राचार की भाषा अत्यंत सरल व स्थानीय बोली में होनी चाहिए, जिससे कम पढ़े-लिखे जनप्रतिनिधि भी उसके सही अर्थ को समझा कर कार्य करते रहें और कोई उन्हें गुमराह न कर सकें।
4. महिला जनप्रतिनिधियों को निर्वाचित होते ही सहायक के रूप में महिलाकर्मी ही उपलब्ध करायी जानी चाहिए, जिससे वे स्वतंत्र एवं सहज रूप से कार्य कर सकें और महिला जनप्रतिनिधित्व सार्थक एवं जनकल्याणकारी बन सकें। नारियों के लिए नेतृत्व अभाव को दूर करने हेतु वर्तमान महिला नेत्रियों, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों को ही सक्रिय रहना होगा, क्योंकि पिछड़ी नारियों को सुविधाएं दिलवाने में यही महिलाएं परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती हैं और अपनी सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक समस्याओं का समाधान का रास्ता निकाल सकती हैं, जैसा कि डॉ. अम्बेडकर ने लिखा है- **"राजनीतिक शक्ति वह मास्टर चाबी है, जिससे समस्याओं रूपी तालों को खोला जा सकता है।"**
5. चुनावों के दौरान पीछे के दरवाजे से आ रहे कालेधन और उसके प्रयोग पर जांच एजेन्सियों को कड़ी नजर रखनी होगी। पकड़े गये दोषियों पर कठोर कार्यवाही करके कालेधन के प्रयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है।

निष्कर्ष

वस्तुतः भारत में पिछले कुछ वर्षों से चल रही राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों और जनकार्यक्रमों आदि से राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय राजनीति की स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार एवं सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर होने से समाज में अब समाजसेवी एवं नवोदित राजनीतिज्ञ अनुकरणीय भूमिका निभा पा रहे हैं। अब हर परिवार ही नहीं वरन् समाज के विभिन्न वर्गों में भी भारतीय राजनीति की बुराइयों को बाहर निकलने हेतु प्रेरक एवं उत्साहित वातावरण बन रहा है।

निःसंदेह राजनीतिक बदलाव के रूप में आ रही ये नूतन प्रवृत्तियां भारत को सभ्य एवं विकसित देश बनाने हेतु न केवल राजनीति, बल्कि सामाजिक व्यवस्था के लिए भी शुभ संकेत हैं, जिससे भविष्य में देश का चौतरफा सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकता है। इससे विश्व राजनीति में भी भारत की भूमिका को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाये जा सकने की प्रबल संभावनाएं भी निहित हैं। इस दिशा में हर वर्ग को हर स्तर पर अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिये सक्रियता और कर्तव्यों के समुचित निर्वहन में संतुलन स्थापित कर सतत् कार्य करना होगा।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

1. निम्न में विन्ध्यन शैल समूह का प्रदेश है?
(A) मध्यभारत का पठार
(B) मैकाल पठार
(C) बघेलखण्ड पठार
(D) राजपीपला की पहाड़ी
उत्तरः (A)
व्याख्या - नर्मदा के उत्तर में पूर्व से पश्चिम तक विन्ध्य शैल समूह विस्तारित है। कैमूर, रीवा तथा भाण्डेर सीरीज अपर विन्ध्य का विस्तार है।
- सतपुड़ा तथा बघेलखण्ड में गोण्डवाना शैल समूह का विस्तार है।

2. ज्वालामुखी क्रिया से निर्मित पठार है?
(A) मालवा पठार
(B) बुन्देलखण्ड पठार
(C) बघेलखण्ड पठार
(D) मैकाल पठार
उत्तरः (A)
व्याख्या - नर्मदा के उत्तर में दक्कन ट्रैप से आवृत भू-भाग मालवा पठार के नाम से जाना जाता है। मेसोजोइक युग में प्रायद्वीपीय भारत में ज्वालामुखी विस्फोट हुआ जिसके उद्गारस्वरूप लावा उत्पन्न हुआ जिसने दक्कन के पठार की मुख्य आकृति को जन्म दिया।
- दक्कन के पठार की उत्तरी सीमा सतपुड़ा और विंध्याचल पर्वत श्रृंखला द्वारा निर्धारित होती है। दक्कन का पठार एक लावा पठार का उदाहरण है।

3. भारत के प्राचीनतम् आदिमानव का अवशेष कहां से प्राप्त हुआ है?
(A) आदमगढ़
(B) हथनोरा
(C) सनखेड़ा
(D) पाटनी
उत्तरः (B)
व्याख्या - 1982 में नर्मदा घाटी के गांव हथनोरा (सीहोर) में लगभग 05 लाख वर्ष पुरानी मानव खोपड़ी (कपाल) की खोज डॉ. अरुण सोनकिया ने की। इस खोज से मध्यप्रदेश क्षेत्र की प्राचीनता उजागर हुई।

4. ताम्र पाषाण संस्कृति की धरोहर के लिये समृद्ध प्रदेश है?
(A) बघेलखण्ड क्षेत्र
(B) मध्यभारत पठार
(C) सतपुड़ा क्षेत्र
(D) मालवा क्षेत्र
उत्तरः (D)
व्याख्या - मध्यप्रदेश में ताम्र पाषाण युग के अवशेष कायथा (उज्जैन), नवदाटोली, महेश्वर (खरगोन), वेसनगर (विदिशा), एरण (सागर) तथा आवरा (मन्दसौर) से प्राप्त हुए हैं। उक्त स्थल मालवा का हिस्सा हैं।

5. किस नगर को प्रतिकल्पा कहा गया है?
(A) इन्दौर
(B) जबलपुर
(C) अमरकंटक
(D) उज्जैन
उत्तरः (D)
व्याख्या - भारत की अनादि नगरी उज्जयिनी को पुराणों में कनकश्रंगा, अवंतिका, अमरावती, प्रतिकल्पा तथा कुमुद्वती आदि नामों से उल्लेखित किया गया है।

6. महाभारत कालीन राजा नील का शासन कहां था?
(A) अवंति
(B) महेश्वर
(C) शिवपुरी
(D) ग्वालियर
उत्तरः (B)

7. चेदि राज्य किस भू-क्षेत्र से संबंधित है?
(A) बघेलखण्ड
(B) बुन्देलखण्ड
(C) मालवा
(D) निमाड़
उत्तरः (B)
व्याख्या - महाभारत काल में चेदि राज्य उल्लेखित है जिसका विस्तार पश्चिम में बेतवा, उत्तर में यमुना नदी तक था जिसमें बुन्देलखंड का भू-भाग आता था। चेदि देश में शिशुपाल राजा था जिसकी राजधानी चन्देरी थी।

8. तेवर किस क्षेत्र का बोध कराता है?
(A) इन्दौर (B) जबलपुर
(C) भोपाल (D) ग्वालियर
उत्तरः (B)
व्याख्या - तेवर का प्राचीन नाम त्रिपुरी था। त्रिपुरी कलचुरी साम्राज्य की राजधानी रही है।

9. महिष्मति नाम किसकी देन है?
(A) हैहय वंश
(B) कलचुरी वंश
(C) नाग वंश
(D) शुंग वंश
उत्तरः (A)
व्याख्या - महिष्मति क्षेत्र को अनूप, महेश्वर तथा ओंकारेश्वर नाम से निरुपित किया गया है। वर्तमान में महिष्मति से महेश्वर (खरगोन) का बोध होता है।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस - 21 फरवरी

व्यक्ति के संस्कारों और भावनाओं की संवाहक है मातृभाषा

मातृभाषा यानि वह भाषा जो मनुष्य पैदा होने के बाद बचपन से मृत्यु तक बोलता है। जिस परिवार में बच्चा जन्म लेता है, उसमें बोली जाने वाली भाषा ही मातृभाषा होती है। भाषा दो लोगों के बीच संप्रेषण का एक माध्यम होती है, जिसके द्वारा वे अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और अपनी मन की बात साझा करते हैं। भाषा के बिना मनुष्य जानवर के समान है, जो देख तो सकता है पर अपने अन्दर छुपी भावनाओं को अभिव्यक्त नहीं कर सकता। जन्म से हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं, वही हमारी मातृभाषा होती है और सभी संस्कार एवं व्यवहार इसी के द्वारा हम पाते हैं। इसी भाषा से हम अपनी संस्कृति के साथ जुड़कर उसकी धरोहर को आगे बढ़ाते हैं। कोई भी व्यक्ति सबसे ज्यादा खुश तभी होता है, जब वह अपनी मातृभाषा में बात करता है इसीलिए कहा जाता है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में ही शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि वे बिना किसी तनाव के सीख सकें। पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. अब्दुल कलाम ने स्वयं के अपने अनुभव के आधार पर एक बार कहा था कि वे अच्छे वैज्ञानिक इसलिए बन पाए, क्योंकि उन्होंने गणित और विज्ञान की शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त की थी।

इस बात को वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया गया और कोशिश की गई कि दुनियाभर में बोली जाने वाली मातृभाषाओं के अस्तित्व को बचाए रखा जाए। इसी क्रम में वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र ने एक दिन तय करते हुए 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (इंटरनेशनल मदर लैंग्वेज डे) घोषित किया था। इससे पहले यूनेस्को ने सन् 1952 में हुए भाषा आंदोलन में अपनी मातृभाषा के लिए जान लुटा देने वाले युवाओं की स्मृति में 1999 में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का ऐलान किया था। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले। इस संदर्भ में भारत का उत्तरदायित्व और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि यहां तो सबसे ज्यादा भाषाई विविधता है। ऐसे दिवसों का आयोजन लोगों में अपनी तथा अन्य जनों की मातृभाषाओं के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना उत्प्रेरित करते हैं। यूनेस्को की इस पहल ने विश्व में यह संदेश देने का प्रयास किया है कि मातृभाषा ही व्यक्ति के संस्कारों और भावनाओं की संवाहक है। मातृभाषा ही शिशु, माता, समाज, राष्ट्र और विश्व को आपस में जोड़ती है।

बांग्ला भाषा को आधिकारिक दर्जा दिलाने के लिए शहीद हुए युवाओं को समर्पित है यह दिन

21 फरवरी 1952 में ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन पाकिस्तान सरकार की भाषाई नीति का विरोध करते हुए आंदोलन किया था। उनका प्रदर्शन अपनी मातृभाषा के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए था। पाकिस्तान सरकार ने पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा बनाने की घोषणा की थी। ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने सरकार के इस फैसले के विरोध में विश्वविद्यालय परिसर में सभा शुरू की। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि उनकी मातृभाषा बांग्ला को आधिकारिक दर्जा दिया जाए। पाकिस्तान की पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां भी बरसाईं, जिसमें कई छात्रों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी, लेकिन विरोध नहीं रुका और अंततः सरकार को बांग्ला भाषा को आधिकारिक दर्जा देना ही पड़ा। इसके बाद यूनेस्को ने इस भाषायी आंदोलन में शहीद हुए युवाओं को श्रद्धांजलि देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का फैसला किया और 21 फरवरी की तारीख तय की गई। जिसके बाद से हर साल दुनिया भर में इस दिन अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाने लगा। यह दिन दुनियाभर के विभिन्न देशों, राज्यों की मातृभाषाओं का सम्मान करने और भाषायी तथा सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता का प्रसार करने को समर्पित है। कहते हैं कि भाषा किसी बंधन, सीमा, धर्म या जाति की गुलाम नहीं होती। भाषा उसकी होती है जो उसे बोलता है। विभिन्न भाषाएं अपने भौगोलिक, सांस्कृतिक इतिहास को बयां करती हैं। किसी भी स्थान के असली महत्व को समझने के लिए वहां की मातृभाषा से बेहतर माध्यम कुछ नहीं हो सकता। यह दिन हमें इस बात के लिए प्रेरित करता है कि हम अपनी मातृभाषा से प्रेम करें और दूसरी भाषाओं को भी उतना ही सम्मान दें। आज के समय में दुनिया भर में करीब 6500 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें 90 फीसदी भाषाओं को बोलने वालों की संख्या 1 लाख से कम है। अलग-अलग स्थानों पर लोगों के संवाद करने के तरीके में बदलाव ही भाषायी विविधता है।

हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा

भारत के लिए एक बड़ी ही मशहूर कहावत है, कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर वाणी। यानी भारत में हर चार कोस पर भाषा बदल जाती है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि भारत में कितनी अधिक भाषाएं प्रचलन में हैं। साल 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में 1652 बोली तथा भाषाएं बोली जाती थीं, लेकिन इनमें से कई विलुप्त हो गईं और पिछले दिनों हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार फिलहाल 1365 मातृभाषाएं हैं, जिनका क्षेत्रीय आधार अलग-अलग है। सिर्फ मातृ शब्द की वजह से मातृभाषा का सही अर्थ और भाव समझने में हमेशा से दिक्कत हुई है। मातृभाषा बहुत पुराना शब्द नहीं है, मगर इसकी व्याख्या करते हुए लोग अक्सर इसे बहुत प्राचीन मान लेते हैं। हिन्दी का मातृभाषा शब्द दरअसल अंग्रेजी के मदरटंग का शाब्दिक अनुवाद है। वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के 22वें संस्करण इथोनोलॉज के मुताबिक दुनियाभर की 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं, जिनमें हिंदी तीसरे स्थान पर है। दुनिया भर में 61.5 करोड़ लोग हिंदी भाषा का इस्तेमाल करते हैं। हिंदी के बाद बंगाली दुनियाभर में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 7वें स्थान पर है। दुनियाभर के करीब 26.5 करोड़ लोग बंगाली भाषा का प्रयोग करते हैं। 17 करोड़ लोगों के साथ 11वें नंबर पर उर्दू का स्थान है। 9.5 करोड़ लोगों के साथ 15वें स्थान पर मराठी, 9.3 करोड़ के साथ 16वें नंबर पर तेलगू और 8.1 करोड़ लोगों के साथ 19वें स्थान पर तमिल भाषा आती है।

मातृभाषा में शिक्षण को प्रोत्साहन की आवश्यकता

अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर अंग्रेज़ी के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। किन्तु वैश्विक दौड़ में आज हिंदी कहीं भी पीछे नहीं है। यह सिर्फ बोलचाल की भाषा ही नहीं, बल्कि सामान्य कार्यालयीन कामों से लेकर इंटरनेट तक के क्षेत्र में इसका प्रयोग बखूबी हो रहा है। इसी तरह अन्य मातृभाषाएं भी अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही हैं, यह विविधता बनी रहे इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। आज अधिकांश बच्चे अपनी मातृभाषा में गिनती करना भूल चुके हैं। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना होगा कि वे अपनी मातृभाषा सीखें, प्रयोग करें और इस धरोहर को संभाल के रखें। तमाम अध्ययन कहते हैं कि बच्चों को मातृभाषा में दी गई शिक्षा ज्यादा कारगर और स्थाई होती है। इसलिए स्वयं गांधीजी ने इस बात पर बहुत जोर दिया था कि बच्चों की शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो लेकिन बहुत प्रयासों के बाद भी गांधी जी की सिफारिश को शिक्षा में दाखिला नहीं मिल सका और यह स्थिति है कि आज भी शिक्षा का माध्यम हमारी मातृभाषाएं नहीं बन सकीं। यही कारण है कि देश के लाखों युवा परीक्षाओं में दूसरी तथा तीसरी भाषा में उत्तर लिखते वक्त सहज महसूस नहीं करते।

कोई भी व्यक्ति जितनी अधिक भाषाएं जानेगा, सीखेगा वह उसके लिए उतना ही अधिक उपयोगी होगा। आप जिस किसी भी प्रांत, राज्य से हैं कम से कम आपको वहां की बोली तो अवश्य आनी चाहिए। आपको वहां की बोली सीखने का कोई भी मौका नहीं गंवाना चाहिए। कम से कम वहां की गिनती, बाल कविताएं और लोकगीत तो सीखने ही चाहिए। भारत के हर प्रांत में बेहद सुन्दर दोहावली उपलब्ध है और यही बात विश्व भर के लिए भी सत्य है। उदाहरण के लिए एक जर्मन बच्चा अपनी मातृभाषा जर्मन में ही गणित सीखता है न कि अंग्रेजी में क्योंकि जर्मन उसकी मातृभाषा है। इसी प्रकार एक इटली में रहने वाला बच्चा भी गिनती इटैलियन भाषा में और स्पेन का बालक स्पैनिश भाषा में सीखता है। किन्तु भारतीय बच्चे अपनी लोकभाषा जिसमें हमें कम से कम गिनती तो आनी चाहिए उसे भूलते जा रहे हैं। इससे हमारे मस्तिष्क पर भी गलत असर पड़ता है और हमारी लोकभाषा में गणित करने की क्षमता कमजोर हो जाती है। लोकभाषा, मातृभाषा में बच्चों का बात ना करना अब एक फैशन हो गया है। इससे गांव और शहर के बच्चों में दूरियां बढ़ती हैं। गांव, देहात के बच्चे जो सब कुछ अपनी लोकभाषा में सीखते हैं अपने को हीन और शहर के बच्चे जो सब कुछ अंग्रेजी में सीखते हैं स्वयं को श्रेष्ठ, बेहतर समझने लगते हैं। इस दृष्टिकोण में बदलाव आना चाहिए। हर प्रांत की कुछ न कुछ अपनी अनूठी विशेषता होती है - वहां का भोजन, संस्कृति, बोली, संगीत, नृत्य इत्यादि का मान करना चाहिए और उस धरोहर को संभाल के रखना चाहिए। यही तो विविधता है, जिसका हमें आदर करना चाहिए और प्रोत्साहित करना चाहिए। देश के लिए पिछले साल तैयार की गई नई शिक्षा नीति में भी बहुत ज्यादा जोर मातृभाषा, सभी भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के साथ ज्यादा से ज्यादा भाषाओं के सीखने पर है। भाषा को विवाद का विषय नहीं बनाना चाहिये। हमें जितना हो सके उतनी भाषाओं को सीखना चाहिये। अब तो वैज्ञानिक अन्वेषण भी यह बता रहे हैं कि दो से अधिक भाषा जानने वाले अपनी वृद्धावस्था में कई मानसिक बीमारियों से सुरक्षित हो जाते हैं। मातृभाषा के महत्व को ख्यात कवि स्व. केदारनाथ सिंह की यह कविता बखूबी रेखांकित करती है-**मातृभाषा**

जैसे चींटियाँ लौटती हैं
बिलों में
कठफोड़वा लौटता है
काठ के पास
वायुयान लौटते हैं एक के बाद एक
लाल आसमान में डैने पसारे हुए
हवाई-अड्डे की ओर
ओ मेरी भाषा
मैं लौटता हूँ तुम में
जब चुप रहते-रहते
अकड़ जाती है मेरी जीभ
दुखने लगती है
मेरी आत्मा

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

10. नागवंशीय राजाओं की राजधानी थी?
(A) पद्मावती (B) एरण
(C) उज्जैन (D) त्रिपुरी
उत्तरः (A)
व्याख्या - ग्वालियर के पास स्थित पवाया (पद्मवती) नागवंशियों की राजधानी थी। यहां नागवंशी राजाओं द्वारा राज्य करने का उल्लेख मिलता है।

11. निम्न स्थापत्य मंदिर और संबंधित स्थल के जोड़े में असम्बद्ध है?
(A) तिगवा मंदिर जबलपुर - गुप्त काल
(B) ग्वालियर अभिलेख - चन्देल वंश
(C) भरहुत शिला लेख - शुंग वंश
(D) रूपनाथ लेख - सम्राट अशोक
उत्तरः (B)
व्याख्या - आठवीं सदी में गुर्जर प्रतिहारों का अवंति पर शासन था। इसी वंश के शासक मिहिरभोज के अभिलेख ग्वालियर से प्राप्त हुए हैं।

12. मध्यप्रदेश के 'गोंड़' साम्राज्य का शिल्पी किसे कहा गया है?
(A) संग्राम शाह
(B) हृदय शाह
(C) मदन शाह
(D) दुर्गावती
उत्तरः (A)
व्याख्या - राजा यादवराय के 62 वंशजों में प्रतापी राजा संग्राम शाह (48वें) हुए, जिन्होंने 52 गढ़ स्थापित किए। संग्राम शाह की पुत्रवधू महारानी दुर्गावती की वीरता की कहानी बेमिसाल है।

13. पन्ना को राजधानी बनाया?
(A) रुद्रप्रताप बुन्देला
(B) छत्रसाल बुन्देला
(C) चम्पतराय बुन्देला
(D) वीरसिंह बुन्देला
उत्तरः (B)

14. माण्डू में अवस्थित नहीं है?
(A) रेवा कुण्ड
(B) जहाज महल
(C) बाज बहादुर महल
(D) जहांगीर महल
उत्तरः (D)
व्याख्या - ओरछा के राजा वीर सिंह देव ने अपने मित्र जहांगीर के लिए जहांगीर महल बनवाया।

15. मध्यप्रदेश में अधिकतम अनुसूचित जाति प्रतिशत वाले जिले हैं?
(A) दतिया, टीकमगढ़, उज्जैन
(B) झाबुआ, अलीराजपुर, मण्डला
(C) उज्जैन, अशोकनगर, मुरैना
(D) भिण्ड, मुरैना, दतिया
उत्तरः (A)
व्याख्या - मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या में 15.6 प्रतिशत अनुसूचित जाति की जनसंख्या है। अधिकतम प्रतिशत वाले जिले निम्नवत् हैं -
1. उज्जैन 26.4 प्रतिशत
2. दतिया 25.5 प्रतिशत
3. टीकमगढ़ 25 प्रतिशत
4. शाजापुर 23.4 प्रतिशत

16. वैनगंगा नदी की सहायक नदी है?
(A) माही (B) नर्मदा
(C) ताप्ती (D) वर्धा
उत्तरः (D)
व्याख्या - सिवनी जिले से उद्गमित वैनगंगा की सहायक नदियां हैं - वर्धा, पेंच, कन्हान आदि।

17. निम्न में असम्बद्ध है?
(A) मान्धाता गार्ज - नर्मदा नदी
(B) सोन नदी - शहडोल
(C) चूलिया जलप्रपात - चम्बल नदी
(D) काकरी बरड़ी पहाड़ी - शिप्रा
उत्तरः (B)
व्याख्या - सोन नदी का उद्गम अनूपपुर जिले में स्थित अमरकंटक से होता है।

18. निम्न में लोकनाट्य का प्रकार नहीं है?
(A) मनसुखा - बघेलखण्ड
(B) स्वांग - बुन्देलखण्ड
(C) गम्मत - निमाड़
(D) करमा - महाकौशल
उत्तरः (D)
व्याख्या - गोंड़ जनजाति का जातीय लोकनृत्य करमा का प्रमुख लोकवाद्य मांदर है। कर्म की मूल भावना से प्रेरित यह नृत्य गीत प्रधान होता है। लहकी, झूमर, ठाड़ा आदि करमा के भेद हैं।

19. निम्न में असम्बद्ध (बेमेल) है?
(A) थापटी नृत्य - कोरकू
(B) बिलमा - बैगा जनजाति
(C) लहंगी नृत्य - कोल
(D) भड़म नृत्य - भारिया
उत्तरः (C)
व्याख्या - सहरिया जनजाति द्वारा किया जाने वाला नृत्य है - लहंगी।

20. 'रागिनी' किस अंचल की लोकनाट्य विद्या है?
(A) ग्वालियर
(B) बघेलखण्ड
(C) भोपाल
(D) पूर्वी मध्यप्रदेश
उत्तरः (A)

21. निम्न में असम्बद्ध है?
(A) अगरिया जनजाति - लौह शिल्प
(B) कंधी कला - बंजारा जनजाति
(C) खराद कला - बुधनी घाट
(D) गुड़िया शिल्प - डिण्डोरी
उत्तरः (D)
व्याख्या - भीली गुड़ियों का केन्द्र झाबुआ है। इसी तरह ग्वालियर का गुड़िया शिल्प भी ख्यात है।

22. 'मसाण्या गीत' किस अंचल का है?
(A) मालवा
(B) निमाड़
(C) मध्यभारत
(D) बघेलखण्ड
उत्तरः (B)
व्याख्या - मसाण्या निमाड़ अंचल का मृत्युगीत है। निमाड़ अंचल के अन्य लोकगीत हैं- कलगी तुर्रा, निरगुणिया, गरबा-गरबी गीत, नाथपंथी गायन तथा सिंगाजी भवन आदि।

- जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी लेखन करते हैं।)

भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग होगी

भोपाल, प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास श्री अशोक शाह ने वल्नरेबल क्षेत्रों में निवासरत भिक्षावृत्ति, अखबार वितरित करने जैसे कार्य में संलग्न बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग के निर्देश दिए हैं। श्री शाह ने राज्य बाल संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में देख-रेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिये कार्यरत सभी संस्थाओं का किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

श्री शाह ने अधिकारियों को बाल संरक्षण से संबद्ध मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के बारे में जागरुकता के लिये अंतर्विभागीय समन्वय के माध्यम से प्रयास, जोखिमपूर्ण अवस्था में पाये जाने वाले बच्चों के संरक्षण एवं देख-रेख के आवश्यक उपाय, बाल अपराधों के आंकड़ों के संबंध में अद्यतन जानकारी साझा करने के लिये गृह विभाग से समन्वय स्थापित करने, शासकीय चिकित्सालयों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में पालना स्थापित करने, बाल देख-रेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों की व्यक्तिगत देख-रेख योजना तैयार कर बच्चों के पुनर्वास के लिये विशेष प्रयास किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन के लिये विभिन्न संबद्ध विभागों द्वारा अपेक्षित कार्यवाही पर चर्चा कर आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. निबंध कितने प्रकार के होते हैं?
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6
उत्तर : (B) 4
व्याख्या : 1. वर्णनात्मक, 2. विचारात्मक 3. व्याख्यात्मक, 4. भावात्मक

2. जिन निबंधों में प्रकृति-विशेष, नदी-विशेष, वस्तु-विशेष, पशु-विशेष आदि का सजीव या आँखों देखा वर्णन किया जाता है उसे कौन सा निबंध कहते हैं?
(A) भावात्मक निबंध
(B) विचारात्मक निबंध
(C) वर्णनात्मक निबंध
(D) व्याख्यात्मक निबंध
उत्तर : (C) वर्णनात्मक निबंध

3. विचार की दृष्टि से शैली कितने प्रकार की होती है?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5
उत्तर : (C) 4
व्याख्या : 1. समास शैली, 2. व्यास शैली 3. विक्षेप शैली, 4. प्रलाप शैली

4. मुहावरा मूलतः किस भाषा का शब्द है?
(A) हिन्दी (B) अंग्रेजी
(C) उर्दू (D) अरबी
उत्तर : (D) अरबी

5. 'अंगार सिर पर धरना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) असहाय गर्मी पड़ना
(B) अत्यंत दुःख सहना
(C) खतरनाक कार्य करना
(D) गुस्से में जलना
उत्तर : (B) अत्यंत दुःख सहना

6. 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ है?
(A) अक्ल गायब हो जाना
(B) बुद्धिजीवी होना
(C) मूर्खता करना
(D) बुद्धि भ्रष्ट होना
उत्तर : (D) बुद्धि भ्रष्ट होना

7. 'अपना - सा मुँह लेकर रह जाना'?
(A) अपनी ही बात कहते रहना
(B) विफल मनोरथ रह जाना
(C) किसी बात की चिन्ता न करना
(D) अपनी स्थिति से संतुष्ट रहना
उत्तर : (B) विफल मनोरथ रह जाना

8. 'शोले भड़काना' मुहावरे का अर्थ है?
(A) शरारत करना
(B) शुभारम्भ करना
(C) अशान्ति फैलाना
(D) सुनने में आना
उत्तर : (C) अशान्ति फैलाना

9. 'तिल का ताड़ बनाना' का अर्थ है?
(A) छोटी बात को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कहना
(B) छोटी बात को छोटा करके कहना
(C) छोटी बात को किसी से न कहना
(D) तिल को ताड़ के पास रख देना
उत्तर : (A) छोटी बात को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कहना

10. आ बैल, मुझे मार?
(A) बैल को बुलाकर मारना
(B) जान-बूझकर विपत्ति मोल लेना
(C) बैल को जबरदस्ती पीटना
(D) विपत्ति को बुलाकर भाग जाना
उत्तर : (B) जान-बूझकर विपत्ति मोल लेना

11. लकीर का फकीर?
(A) अनुगमन कर्ता
(B) गतानुगतिक
(C) अनुगतिक
(D) अनागतिक
उत्तर : (B) गतानुगतिक

12. सबसे आगे रहने वाला?
(A) अग्रवती
(B) अग्रगामी
(C) अग्रसर
(D) शीघ्रगामी
उत्तर : (C) अग्रसर

13. जो जन्म से अंधा हो?
(A) नेत्र - उन्मीलन
(B) प्रान्ध
(C) जन्मांध
(D) नेत्ररहित
उत्तर : (C) जन्मांध

14. पसीने से उत्पन्न जीव?
(A) वस्पुजामा
(B) स्वदेज्
(C) उष्णजाया
(D) सर्वजायाजीव
उत्तर : (B) स्वदेज्

15. जानने की इच्छा रखने वाला?
(A) तितीर्षा
(B) जिज्ञासु
(C) जानसु
(D) शब्दान्वेषी
उत्तर : (B) जिज्ञासु

निर्देश - नीचे शब्दों के 4-4 आशय दिये गये है। सही उत्तर का चयन करें।

16. चन्द्रशेखर?
(A) चन्द्रमा के समान किरण वाले
(B) चन्द्रमा की आशा वाले
(C) चन्द्र है शिखर पर जिसके अर्थात शिव
(D) चन्द्रमा की आभा वाले विष्णु
उत्तर : (C) चन्द्र है शिखर पर जिसके अर्थात शिव

17. चरित्र-चित्रण?
(A) चरित्र का चित्रण
(B) चरित्र को चारित्रक करना
(C) चित्र विचित्र होना
(D) चरित्र को लिखना
उत्तर : (A) चरित्र का चित्रण

18. सप्ताह?
(A) सात दिन
(B) दिनों का समूह
(C) सात और दिन
(D) सात दिनों का समूह
उत्तर : (D) सात दिनों का समूह

19. आजीवन?
(A) जीवन के साथ
(B) जीवन के सदृश
(C) जीवन भर
(D) जीवनापेक्षी
उत्तर : (C) जीवन भर

20. रामकृष्ण?
(A) राम के साथ
(B) राम ही कृष्ण
(C) कृष्ण के राम
(D) राम और कृष्ण
उत्तर : (D) राम और कृष्ण

निर्देश - नीचे संधियों के विच्छेद दिये गये हैं : उपयुक्त का चयन करें।

21. सदैव?
(A) सदे + ऐव
(B) सदा + एव
(C) सदा + अव
(D) सदा + ऐव
उत्तर : (B) सदा + एव

22. रामाधार?
(A) राम + अधार
(B) राम + आधार
(C) रमा + अधार
(D) रामा + आधार
उत्तर : (B) राम + आधार

23. सर्वोदय?
(A) सर्व + उदय
(B) सर्वो + ऊदय
(C) सर्वान + औदय
(D) सर्वो + उदय
उत्तर : (A) सर्व + उदय

24. दुष्कर्म?
(A) दुः + कर्म
(B) दुष्य + कर्म
(C) दु + कर्म
(D) दुः + कर्म
उत्तर : (A) दुः + कर्म

25. निरोग?
(A) निर + रोग
(B) निः + रोग
(C) नि + रोगः
(D) निर + योग
उत्तर : (B) निः + रोग

26. दिगन्त?
(A) दिक + अन्त
(B) दिग + अन्त
(C) दिक् + अन्त
(D) दिक + आन्त
उत्तर : (C) दिक् + अन्त

निर्देश - प्रथम शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए द्वितीय समानार्थी शब्द का आशय चार विकल्पों में से किसी उत्तर के अंतर्गत दिया गया है। सही उत्तर की पहचान कीजिए

27. अनुपम-अद्वितीय
अनुपम का आशय जिसकी उपमा किसी अन्य से न की जा सके, वहीं अद्वितीय का आशय?
(A) जिसके समान दूसरा न हो
(B) दूसरे के समाने पहला
(C) पहले के समान दूसरा न हो
(D) पहला और दूसरा एक सदृश
उत्तर : (A) जिसके समान दूसरा न हो

28. अनुभूति-अनुभव
अनुभूति यानी जिसका ज्ञान हमें इन्द्रियों द्वारा प्राप्त हो सके। वह ज्ञान क्षणिक होता है। किन्तु अनुभव का आशय?
(A) जिसका ज्ञान हमें आत्मा द्वारा प्राप्त हो
(B) जिसका ज्ञान हमें सर्वेक्षण, साक्षात्कार अथवा प्रयोग - द्वारा स्वयं प्राप्त हो। यह स्थायी होता है।
(C) जिसकी आत्मा ज्ञान से प्रकाशित हो।
(D) जिसका ज्ञान स्वतः स्फूर्त हो
उत्तर : (B) जिसका ज्ञान हमें सर्वेक्षण, साक्षात्कार अथवा प्रयोग द्वारा स्वयं प्राप्त हो। यह स्थायी होता है।

29. अनुमोदन-स्वीकृति
अनुमोदन का अर्थ किसी आलेख, टिप्पणी, कार्यवाही अथवा कथन पर सहमति प्रकट करना किन्तु स्वीकृति का आशय?
(A) किसी का प्रस्ताव अनुमोदन करना
(B) किसी प्रस्ताव को स्वीकार करना
(C) किसी वात को आत्मसात करना
(D) किसी वात को हृदयंगम करना
उत्तर : (B) किसी प्रस्ताव को स्वीकार करना

30. अनुरोध-आग्रह
अनुरोध विनयपूर्वक याचना तो आग्रह का आशय?
(A) अधिकार - भावना से उद्भूत याचना
(B) अधिकार - भावना से सहृदय याचना करना
(C) अधिकार - भावना को स्वीकार करना
(D) इसका कदापि उपेक्षा न करना
उत्तर : (A) अधिकार - भावना से उद्भूत याचना

31. अन्वेषण-आविष्कार
अन्वेषण का अर्थ किसी वस्तु अथवा देश की खोज, जो पहले से ही विद्यमान हो। आविष्कार का आशय?
(A) कोई वस्तु जो पूर्व विद्यमान थी
(B) किसी वस्तु का सर्जन जो पहले विद्यमान थी
(C) वह वस्तु, जिसको उद्भासित कर देना
(D) ज्ञान की पराकाष्ठा पर पहुँच जाना
उत्तर : (B) किसी वस्तु का सर्जन जो पहले विद्यमान थी

निर्देश - निम्नलिखित प्रश्नों के अन्तर्गत प्रत्येक प्रश्न में एक शुद्ध तथा उसके चार संभावित विपरीतार्थक शब्द दिये हैं। जिनमें से एक शुद्ध है। शुद्ध का चयन कीजिए -

32. 'अवनि'?
(A) रसातल (B) भूचाल
(C) पाताल (D) अम्बर
उत्तर : (D) अम्बर

33. अथ?
(A) उत् (B) इति
(C) सद्यः (D) अन्त
उत्तर : (B) इति

34. मूक?
(A) मूर्ख (B) अमूक
(C) वाचाल (D) बधिर
उत्तर : (C) वाचाल

35. हर्ष?
(A) सन्ताप (B) विषाद
(C) दुःख (D) निराशा
उत्तर : (B) विषाद

36. कृपण?
(A) अपत्यवी
(B) उदार
(C) दाता
(D) महात्मा
उत्तर : (B) उदार

37. समर्थन?
(A) विद्वेष
(B) तिरस्कार
(C) अस्वीकार
(D) विरोध
उत्तर : (D) विरोध

38. आगामी?
(A) प्रगामी (B) भविष्य
(C) विगत (D) दूरगामी
उत्तर : (C) विगत

39. उपकार?
(A) परोपकार
(B) तिरस्कार
(C) अपकार
(D) वंचना
उत्तर : (C) अपकार

नीचे दिए गये प्रश्नों के अन्तर्गत प्रत्येक प्रश्न में एक शब्द दिया गया है तथा उसके चार पर्यावाची शब्द दिये है। जिनमें से कोई एक गलत है। गलत शब्द का चयन कीजिए?

40. नेत्र
(A) आँख (B) दृग
(C) चक्षु (D) मोक्ष
उत्तर : (D) मोक्ष

41. कमल
(A) पंकज (B) नीरज
(C) सरोज (D) मनोज
उत्तर : (D) मनोज

42. अग्नि
(A) प्रस्तर (B) पावक
(C) आग (D) अनल
उत्तर : (A) प्रस्तर

43. उत्सव
(A) पर्व (B) समारोह
(C) जश्न (D) मातम
उत्तर : (D) मातम

44. अतिथि
(A) अधिगत (B) अभ्यागत
(C) आगन्तुक (D) मेहमान
उत्तर : (A) अधिगत

45. असुर
(A) राक्षस (B) दैत्य
(C) पीयूष (D) दानव
उत्तर : (C) पीयूष

46. आनन्द
(A) मोद (B) प्रमोद
(C) आमोद (D) मानन्द
उत्तर : (D) मानन्द

47. इन्द्र
(A) अमरकेन्द्र (B) पुरन्दर
(C) सुरेश (D) सुरपति
उत्तर : (A) अमरकेन्द्र

48. इन्द्रिय
(A) गो (B) इंद्री
(C) कर्मेन्द्रिय (D) जन
उत्तर : (D) जन

49. एकान्त
(A) अनन्त (B) निर्जन
(C) शून्य (D) एकाकी
उत्तर : (A) अनन्त

50. कल्पवृक्ष
(A) देवतरु (B) कल्पतरु
(C) कल्पद्रुम (D) कल्पभू
उत्तर : (D) कल्पभू

- राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक हैं)

मनरेगा का वार्षिक लक्ष्य बढ़ कर हुआ 33 करोड़ मानव दिवस

भोपाल, भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए मनरेगा अंतर्गत मध्यप्रदेश का वार्षिक लेबर बजट रिवाइज कर 33 करोड़ मानव दिवस का किया है। मनरेगा अंतर्गत अब प्रदेश में 33 करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य हो गया है, जिसे 31 मार्च 2021 तक पूरा करना होगा।

अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में वर्ष 2020-21 के लिए भारत सरकार द्वारा 20 करोड़ 50 लाख मानव दिवस का लक्ष्य रखा गया था। प्रदेश में कोराना काल में मनरेगा श्रमिकों को हर हाथ को काम मुहैया कराकर इस लक्ष्य को माह सितम्बर 2020 में प्राप्त कर लिया था। जिसे भारत सरकार ने पुनरीक्षित कर 28 करोड़ 50 लाख मानव दिवस कर दिया था। प्रदेश द्वारा 28 करोड़ 50 लाख मानव दिवस के लक्ष्य को 25 जनवरी 2021 तक हासिल कर लिया। भारत सरकार द्वारा पुनर्लक्षित करते हुए 31 करोड़ मानव दिवस का कर दिया था। मध्यप्रदेश में 18 फरवरी की स्थिति में 30 करोड़ 63 लाख मानव दिवस सृजित हो चुके हैं।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ आयोजित हुयी वीडियो कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश में मनरेगा के पूर्व लक्ष्य 31 करोड़ मानव दिवस को संशोधित करते हुए 33 करोड़ मानव दिवस कर दिया है। दो करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य बढ़ जाने से प्रदेश के ग्रामीण परिवारों को जहां रोज़गार के अतिरिक्त अवसर मुहैया होंगे वहीं मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों को 380 करोड़ रुपये मजदूरी के रूप में अतिरिक्त प्राप्त होंगे।

प्रदेश में मनरेगा अन्तर्गत ग्रामीण जॉब-कार्डधारी परिवारों को हर हाथ को काम मुहैया कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 अंतर्गत 52 लाख 47 हजार परिवारों के 98 लाख 79 हजार श्रमिकों को 30 करोड़ 63 लाख मानव दिवस का रोज़गार मुहैया कराया जा चुका है। कोविड काल में मनरेगा अंतर्गत सृजित मानव दिवस योजना प्रारंभ से अब-तक के वर्षों में रिकॉर्ड सर्वाधिक है।

मनरेगा के तहत कोविड काल, वर्ष 2020-21 में 6 लाख 45 हजार हितग्राही-मूलक और सामुदायिक कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। वर्तमान में 6 लाख 74 हजार कार्य प्रगतिरत हैं।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)

1. Samir can play ..... guitar well.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. ..... Amazon is the longest river in the world.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. I saw ..... one eyed man on the road.
(a) the (b) an
(c) a (d) no article

4. His father is ..... honourable man in the village.
(a) an (b) a
(c) no article (d) an

5. Tamil is ..... difficult language to learn.
(a) the (b) an
(c) a (d) no article

Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)

6. His proposal is not acceptable ..... me.
(a) on (b) with
(c) in (d) to

7. Raju does all his duties ..... great care.
(a) of (b) about
(c) by (d) with

8. This film is based ..... real life stories.
(a) from (b) in
(c) on (d) at

9. Where did you come .....
(a) on (b) of
(c) by (d) from

10. Sanju left his mobile ..... the sofa.
(a) of (b) off
(c) in (d) on

11. I spent a week ..... my uncle in Goa last month.
(a) of (b) by
(c) to (d) with

12. This line appears ..... the chapter six.
(a) on (b) by
(c) of (d) in

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)

13. His father ..... in car accident last year.
(a) was dying (b) dies
(c) died (d) has died

14. His mother and sister ..... temples frequently.
(a) will not visit
(b) are visiting
(c) visit
(d) has visited

15. I ..... to Goa last month.
(a) has gone
(b) went
(c) did went
(d) would have gone

16. Rahim ..... in this company since 2017.
(a) is working
(b) was working
(c) is worked
(d) has been working

17. Seema ..... herself in the wedlock in 2018.
(a) tie (b) tied
(c) has tied (d) is tied

18. Children .....chocolates and sweets.
(a) have loved
(b) love
(c) was loving
(d) are loving

Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)

19. Sanitize your hands please.
(a) Let me sanitize your hands.
(b) Let your hands be sanitized.
(c) You are requested to sanitize your hands.
(d) You must sanitize your hands.

20. The customers are purchasing cheap materials.
(a) Cheap materials are purchased by the customers.
(b) Cheap material is purchased by the customers.
(c) Cheap materials are being purchased by the customers.
(d) Cheap materials are being sold by the customers.

21. The peon cleans all rooms daily.
(a) Daily are cleaned all rooms by the peon.
(b) All rooms are cleaned by the peon daily.
(c) All rooms daily is cleaned by the peon.
(d) All rooms are cleaned by the peon.

22. The minister attended book release ceremony.
(a) The minister releases the book at the ceremony.
(b) Book release ceremony was attended by the minister.
(c) Book release ceremony was observed by the minister.
(d) The ceremony of book release was attended by the minister.

23. His ATM is blocked by the bank.
(a) The bank was blocked by his ATM.
(b) The bank blocks his ATM.
(c) The bank is blocking his ATM.
(d) The bank is blocked with his ATM.

24. England defeated India in ODI cricket match series.
(a) India defeated England in ODI cricket match series.
(b) In ODI cricket match series was defeated India by England.
(c) India was defeated by England in ODI cricket match series
(d) India is defeated by England in ODI cricket match series.

25. This NGO saves environment.
(a) Save environment by this NGO.
(b) Environment saves this NGO.
(c) Environment was being saved by this NGO.
(d) Environment is saved by this NGO.

Idioms and phrases. (Question Nos. 26 to 30)

26. Achilles' hill
(a) Someone's strength
(b) Someone's weakness
(c) Someone's target
(d) Someone's idea

27. Apple of my eye
(a) A weak person
(b) An adored person
(c) An enemy
(d) A man in hate

28. Foot the bill
(a) Check the bill
(b) Order something
(c) Pay for something
(d) Deny paying

29. Heavy heart
(a) Gladness
(b) Joyful
(c) Sadness
(d) Lovable

30. Old hand
(a) Inexperienced person
(b) Novice in any field
(c) Experienced person
(d) None of the above

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)

31. Ally
(a) Friend
(b) Helper
(c) Enemy
(d) None of these

32. Blame
(a) Guilt (b) Praise
(c) Charge (d) Fine

33. Deceptive
(a) Misleading
(b) Honest
(c) Illusory
(d) Unreliable

34. Clumsy
(a) Awkward (b) Gauche
(c) Inept (d) Dainty

35. Detest
(a) Loathe (b) Hate
(c) Abhor (d) admire

Synonym (Question Nos. 36 to 40)

36. Awful
(a) Pleasant (b) Lovely
(c) Careful (d) Terrible

37. Parched
(a) Fertile (b) Lush
(c) Green (d) Arid

38. Abate
(a) Swell (b) Increase
(c) Decrease (d) Raise

39. Useless
(a) Useful
(b) Constructive
(c) Futile
(d) Practical

40. Lucid
(a) Difficult (b) Complex
(c) Tricky (d) Coherent

One word substitutions. (Question Nos. 41 to 45)

41. A song designed to put babies to sleep.
(a) Lyrics (b) Ballad
(c) Ode (d) Lullaby

42. A person who talks much.
(a) Gluttonous
(b) Loquacious
(c) Greedy
(d) None of these

43. A combination of diverse elements.
(a) Homogeneous
(b) Homicide
(c) Heterogeneous
(d) None of these

44. The practice of having many wives at the same time.
(a) Monogamy
(b) Polygamy
(c) Monopoly
(d) Polyglot

45. An eight sided figure.
(a) Pentagon
(b) Triangle
(c) Octagon
(d) Square

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Question Nos. 46 to 50)

46. (a) Madicine
(b) Mediacin
(c) Medisin
(d) Medicine

47. (a) Liberty (b) Liebarty
(c) Libarty (d) Lebarty

48. (a) Univercity
(b) University
(c) Univarsity
(d) Unievercity

49. (a) Campany
(b) Company
(c) Compony
(d) Campony

50. (a) Nautice (b) Notice
(c) Notiec (d) Noutice

ANSWERS

1. b, 2. c, 3. c, 4. d, 5. c, 6. d, 7. d, 8. c, 9. d, 10. d, 11. d, 12. d, 13. c, 14. c, 15. b, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. b, 27. b, 28. c, 29. c, 30. c, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. d, 36. d, 37. d, 38. c, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. b, 45. c, 46. d, 47. a, 48. b, 49. b 50. b.

EXPLANATION

1. Article 'the' is used before the names of musical instruments.
2. Article 'the' is used before the names of rivers. As Amazon is the name of a river, article 'the' is used before its name.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र की होगी महत्वपूर्ण भागीदारी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों के हित में खेती को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिये अनेक नवाचार किये हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। कृषि उत्पादन को बढ़ाना, उत्पादन की लागत को कम करना, कृषि उपज के उचित दाम दिलाना और प्राकृतिक आपदा या अन्य स्थिति में उपज को हुए नुकसान में किसान को पर्याप्त क्षतिपूर्ति देना, सरकार के प्रयासों में शामिल है।

प्रदेश के किसानों को सरकार से मिल रहे संबल से किसानों ने प्रमुख रूप से गेहूं उत्पादन में रिकॉर्ड कायम किया। मध्यप्रदेश गेहूं उपार्जन में पूरे देश में अव्वल रहा। किसानों के हित में कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन करते हुए ई-ट्रेडिंग का प्रावधान किया गया और किसानों को उपार्जन केंद्र के साथ ही मंडी के अधिकृत निजी खरीदी केंद्र और सौदा-पत्रक व्यवस्था के माध्यम से भी फसल बेचने की सुविधा प्रदान की गई। गेहूं, धान एवं अन्य फसलों के उपार्जन की 33 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में अंतरित की गई।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को मिल रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष किसानों को 6-6 हजार रुपये दिए जाते हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री किसान कल्याण सम्मान निधि योजना की शुरुआत कर किसानों को मध्यप्रदेश शासन की ओर से प्रतिवर्ष 4 हजार रुपये दो बराबर किश्तों में दिये जाना शुरू किया गया। इस प्रकार किसानों को अब कुल 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि मिल रही है।

प्राकृतिक आपदा या किसी अन्य परिस्थिति में किसान की उपज को हुए नुकसान में राहत पहुंचाने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लंबित प्रीमियम जमा कर प्रदेश सरकार ने किसानों को राहत पहुंचाई। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता में आते ही बीमा योजना का लंबित प्रीमियम भरा और प्रभावित किसानों को फसल बीमा राशि दिलवाई गई। लॉकडाउन की विकट स्थिति में एक करोड़ 29 लाख टन गेहूं 16 लाख किसानों से खरीद कर उनके खातों में 27 हजार करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की गई।

किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण योजना को पुनः चालू करते हुए किसानों को राहत पहुँचाई गई। इसके लिये सहकारी बैंकों को 800 करोड़ रुपये की राशि भी उपलब्ध करवाई गई, जिससे सहकारी बैंक किसानों को आसानी से कृषि ऋण उपलब्ध करवा सके।

किसानों की आय को बढ़ाने के लिये बेहतर प्रबंधन और सिंचाई परियोजनाओं पर कार्य किया गया। प्रदेश में अधिक से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। वर्ष 2020 तक लगभग 40 लाख 27 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं विकसित की गईं। प्रदेश में 19 वृहद, 97 मध्यम और 5344 लघु सिंचाई योजनाओं का कार्य पूर्ण किया गया। इसके साथ ही 27 वृहद, 47 मध्यम और 287 लघु सिंचाई योजनाएं प्रगति पर हैं। प्रदेश में अगले 5 वर्षों में 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत मंडला, डिंडौरी, शहडोल, उमरिया एवं सिंगरौली जिलों में 1707 करोड़ की लागत से 24 हजार 364 भू-जल संरचनाओं का निर्माण कर सीमांत एवं लघु किसानों की 62 हजार 133 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित की गई।

कोरोना काल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं में 57 हजार 653 जल संरचनाओं का निर्माण किया गया। इन जल संरचनाओं में रोज़गार गारंटी योजनान्तर्गत 1835 करोड़ से अधिक लागत के 1007 स्टॉपडेम, 4467 चेक डैम, 19 हजार कपिलधारा कूप, 2588 सार्वजनिक कूप, 1667 परकोलेशन टैंक, 14 हजार 907 हितग्राहीमूलक खेत, 2365 सामुदयिक खेत तालाब तथा 4393 नवीन तावाब बनवाए गए। साथ ही 3115 बावड़ी, तालाब और सामुदायिक जल-संरचनाओं का जीर्णोद्धार तथा सामुदायिक टांका निर्माण सहित 53 हजार 517 जल-संरचनाओं के कार्य किये गये। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में 237 करोड़ की लागत से 2697 खेत तालाब, 726 तालाब, 305 परकोलेशन तालाब, 299 चेक डैम, स्टॉप डेम और 109 नाला बंधान के कार्य किये गये। इन सभी जल संरचनाओं से जहां एक ओर स्थानीय लोगों को कोरोना काल में रोज़गार मिला, वहीं भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी के साथ किसानों को खेती में सिंचाई के लिये पानी भी मिल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा विगत कई वर्षों से सिंचाई बजट में निरंतर वृद्धि भी की जा रही है।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दर्ज की सबसे बड़ी टेस्ट जीत

चेन्नई, पहले टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार पलटवार करते हुये दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 317 रनों से हराया है। यह टेस्ट क्रिकेट में भारत की इंग्लैंड के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पहले दिन से स्पिन के लिये मुफीद पिच पर रोहित शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 161 रनों की पारी खेली। रोहित के अलावा अजिंक्य रहाणे (67) और ऋषभ पंत (58) ने भी उपयोगी पारी खेली। भारत ने पहली पारी में 329 रन बनाये।

पहले टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज इस मैच में अपना प्रदर्शन नहीं दोहरा पाये। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को टिकने नहीं दिया। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 134 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिये बेन फोक्स ने सर्वाधिक 42 रन तथा ओली पोप ने 22 रनों की पारी खेली। भारत के लिये रविचंद्रन अश्विन ने सर्वाधिक 5 विकेट लिये।

पहली पारी में मिली 195 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। भारतीय टीम के 6 विकेट महज 106 रन पर गिर गये। इसके बाद कप्तान विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिये 96 रनों की साझेदारी की। विराट 62 रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद अश्विन ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। अश्विन ने बल्लेबाजी के लिये प्रतिकूल परिस्थितियों में 106 रनों की शानदार पारी खेली। भारत ने दूसरी पारी में 286 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने जीत के लिये 482 रनों का लक्ष्य रखा।

- **टेस्ट क्रिकेट में भारत की यह रनों के हिसाब से पांचवीं सबसे बड़ी जीत है।**
- **भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 337 रनों की सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।**
- **विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने पांचवीं बार 300 से अधिक रन से जीत दर्ज की है।**
- **अक्षर पटेल ने दूसरी पारी में पांच विकेट लिये। वे पदार्पण टेस्ट मैच में पारी में पांच विकेट लेने वाले नौवें भारतीय हैं।**
- **रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में पांचवां शतक बनाया है। इससे पहले उन्होंने चार शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाये थे।**

चौथी पारी में मुश्किल लक्ष्य के सामने इंग्लिश बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही जीत की उम्मीद छोड़ दी। इंग्लैंड के लिये जो रूट (33), डेन लॉरेंस (26) और रोरी बर्न्स (25) ने अच्छी, लेकिन नाकाफी पारी खेली। पारी के अंतिम समय में मोइन अली ने विस्फोटक बल्लेबाजी कर 27 गेंदों में 5 छक्के और 3 चौके के साथ 43 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को बड़ी हार से नहीं बचा पाये।

खेल चर्चा

इलावेनिल और दिव्यांश ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, भारत की उदयीमान निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान ने निशानेबाजी चयन ट्रायल के दौरान 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। चयन ट्रायल में इलावेनिल ने 253 अंक अर्जित कर अपनी हमवतन अपूर्वी चंदेला (252.9 अंक) का रिकॉर्ड तोड़ा है। अपूर्वी ने दो साल पहले निशानेबाजी विश्वकप में यह रिकॉर्ड बनाया था। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दिव्यांश सिंह पवार ने भी विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। स्पर्धा के फाइनल में दिव्यांश ने 253.1 अंक अर्जित कर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है, इससे पहले यह रिकॉर्ड चीन के निशानेबाज (252.8 अंक) के नाम था।

लुईस हैमिल्टन ने मर्सिडोज के साथ करार आगे बढ़ाया

लंदन, ब्रिटेन के दिग्गज फॉर्मूला-वन रेसर और वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने मर्सिडीज के साथ अपना करार एक वर्ष के लिये आगे बढ़ाया है। मर्सिडीज के साथ हैमिल्टन का यह नौवां सीजन होगा। हैमिल्टन वर्ष 2013 में मर्सिडीज के साथ जुड़े थे। हैमिल्टन ने कहा कि मैंने टीम मर्सिडीज के साथ मिलकर शानदार उपलब्धि अर्जित की है। हम इस सफलता को आगे ले जाना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि हैमिल्टन सात बार फॉर्मूला-वन चैंपियन रह चुके हैं। हैमिल्टन ने मर्सिडीज के लिये 74 रेस और 6 वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती हैं। मर्सिडीज से पहले हैमिल्टन मैक्लेरेन के लिये कार रेसिंग कर चुके हैं।

टोक्यो ओलिंपिक आयोजन समिति के अध्यक्ष का इस्तीफा

टोक्यो, जापान में आयोजित होने वाले टोक्यो ओलिंपिक-2020 खेल की आयोजन समिति के अध्यक्ष योशिरो मोरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मोरी को महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी के कारण इस्तीफा देना पड़ा है। मोरी की टिप्पणी को लेकर जापान में लैंगिक समानता को लेकर बहस छिड़ गई थी। हालांकि बाद में मोरी ने अपने बयान पर खेद प्रकट किया था, लेकिन देशभर में उनके खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के बाद मोरी ने पद छोड़ दिया है। जापान के प्रधानमंत्री योशिहिडे सुगा ने कहा कि टोक्यो ओलिंपिक आयोजन समिति के नये प्रमुख को पारदर्शी तरीके से चुना जायेगा।

नमन ओझा ने क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के धुरंधर विकेट कीपर नमन ओझा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। 37 वर्षीय नमन ने भारत के लिये एक टेस्ट, एक वन-डे और 2 ट्वेंटी-ट्वेंटी मैच खेले हैं। नमन ने वर्ष 2010 में जिम्बाब्वे दौरे पर वन-डे सीरीज के दौरान अपना अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर का आगाज किया था। नमन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहद कम मौके मिले हैं, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। नमन ने 146 प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 22 शतक और 55 अर्धशतक सहित 9753 रन बनाये हैं। वहीं 143 लिस्ट ए क्रिकेट में 9 शतक सहित 4278 रन बनाये हैं। नमन ओझा के नाम रणजी ट्रॉफी में बतौर विकेट कीपर सर्वाधिक खिलाड़ियों को आउट करने का रिकॉर्ड है।

मोहम्मद रिजवान

क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले दूसरे विकेट कीपर

लाहौर, पाकिस्तान के विकेट कीपर मोहम्मद रिजवान ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में बड़ा कारनामा किया है। रिजवान ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले दूसरे विकेट कीपर बन गये हैं। रिजवान ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज के पहले मैच में हासिल की। मैच में रिजवान ने 104 रनों की नाबाद पारी खेली। रिजवान पाकिस्तान के लिये ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं, उनसे पहले अहमद शहजाद ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया था। न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैक्कुलम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले पहले विकेट कीपर हैं।

वेस्टइंडीज ने 2-0 से जीती टेस्ट सीरीज

ढाका, युवा खिलाड़ियों से सजी वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को उसी के घर में टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया है। टेस्ट सीरीज के दूसरे तथा अंतिम मैच में वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में 17 रन से हराया। मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 409 रन बनाये, इसके जवाब में बांग्लादेश पहली पारी में 296 रन ही बना सका। दूसरी पारी में बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 117 रन पर समेट कर मैच रोमांचक बना दिया। बांग्लादेश को दूसरी पारी में 231 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन टीम 213 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता

प्रणय खरे ने ग्रेड वन शो-जम्पिंग में जीता रजत पदक

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ी प्रणय खरे ने सीनियर नेशनल इक्विस्ट्रियन चैंपियनशिप ग्रेड वन शो जम्पिंग में अपने अश्व बनीला स्कॉय पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को रजत पदक दिलाया। प्रणय खरे ने नई दिल्ली में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता ग्रेड वन (140 से.मी.) शो जम्पिंग में देश के टॉप घुड़सवारों को पीछे छोड़ते हुए यह पदक अर्जित किया है। प्रणय खरे सीनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता ग्रेड वन (एडवांस) में उपलब्धि हासिल करने वाले मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के पहले खिलाड़ी वन गए हैं।

खेल मंत्री ने की सराहना

खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने सीनियर नेशनल इक्वीस्ट्रियन चैम्पियनशिप ग्रेड वन शो-जम्पिंग में अकादमी के प्रतिभाशाली घुड़सवार प्रणय खरे के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रणय ने सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में देश के श्रेष्ठ घुड़सवारों को हरा कर रजत पदक अर्जित कर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है।

प्रणय खरे की उपलब्धियां

अकादमी के घुड़सवार प्रणय खरे ने अंतर्राष्ट्रीय इक्विस्ट्रियन चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित पांच पदक देश को दिलाए हैं। जबकि उन्होंने जूनियर नेशनल इक्विस्ट्रियन चैंपियनशिप में 17 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कांस्य सहित 24 पदक और सीनियर में 2 स्वर्ण, 4 रजत और एक कांस्य सहित सात पदक मध्यप्रदेश को दिलाए हैं। इसके अलावा रीजनल एवं प्रीमियर इक्विस्ट्रियन लीग तथा हॉर्स शो में अब तक 51 स्वर्ण, 44 रजत और 32 कांस्य पदक अर्जित किए हैं। प्रणय खरे घुड़सवारी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन भागीरथ के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं।

पाकिस्तान सौ ट्वेंटी-20 मैच जीतने वाला पहला देश बना

लाहौर, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से अपने नाम किया है। पाकिस्तान ने सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका को 4 विकेट से हराया। इस जीत के साथ पाकिस्तान मेन्स टीम ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100 मैच जीतने वाली विश्व की पहली टीम बन गयी है। आईसीसी ने ट्वीट कर पाकिस्तान की उपलब्धि की जानकारी दी। पाकिस्तान ने सीरीज का पहला मैच 3 रन से तथा दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा मैच 6 विकेट से जीता है।

तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी को तहस-नहस करते हुये महज 65 रन पर 7 विकेट झटक लिये। दक्षिण अफ्रीका के लिये डेविड मिलर ने अकेले संघर्ष करते हुये 85 रनों की नाबाद पारी खेली और जानेमन मलान (27) तथा पीट वान विल्जोन (16) के साथ उपयोगी साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका को 164 रनों के स्कोर तक पहुंचाया।

जीत के लिये मिले 165 रनों के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान ने ठोस शुरुआत कर पहले विकेट के लिये 51 रन जोड़े। पाकिस्तान के लिये मोहम्मद रिजवान ने 42 तथा बाबर आजम ने 44 रनों की पारी खेल पाकिस्तान की जीत आसान कर दी। हालांकि पाकिस्तान को लक्ष्य हासिल करने तक 6 विकेट गंवाने पड़े। पाकिस्तान ने 18.4 ओवर में जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर ली।

- **पाकिस्तान ने अब तक सर्वाधिक 164 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं, इनसे 99 मैचों में सीधी जीत तथा एक मैच सुपर ओवर में जीता है।**
- **सबसे ज्यादा ट्वेंटी-20 मैच जीतने वाली सूची में भारत दूसरे स्थान पर है।**
- **भारत ने 137 ट्वेंटी-20 मैचों में 85 मैच में सीधी जीत दर्ज की, वहीं 2 मैच सुपर ओवर तथा एक मैच बॉल आउट में जीता है।**

फीफा क्लब विश्वकप

बायर्न म्यूनिख ने दूसरी बार जीता खिताब

दोहा, जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख ने फीफा क्लब विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। बायर्न म्यूनिख ने दूसरी बार यह खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में बायर्न म्यूनिख ने मैक्सिकन क्लब टाइगर्स को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराया।

फाइनल मुकाबले में बायर्न म्यूनिख को जीत का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन मैक्सिकन क्लब ने बायर्न म्यूनिख को कड़ी टक्कर देकर मैच को रोमांचक बना दिया। मैच का पहला हाफ बिना किसी गोल के समाप्त हो गया। दूसरे हाफ में बायर्न म्यूनिख की टीम आक्रामक रणनीति के साथ उतरी। टीम को इसका फायदा जल्द ही मिल गया। मैच के 59वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल बेंजामिन पेवर्ड ने किया और बायर्न म्यूनिख को बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के मौके बनाये, लेकिन मैच 1-0 की स्कोर लाइन पर समाप्त हुआ। मैच में बायर्न म्यूनिख ने सबसे ज्यादा समय तक गेंद पर नियंत्रण रखा और सबसे ज्यादा पास किये।

- **बायर्न म्यूनिख ने वर्ष 2013 में भी जाता है फीफा क्लब विश्वकप।**
- **बायर्न ने पिछले 12 महीने में छठवां बड़ा खिताब जीता है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला दूसरा क्लब बना।**
- **बार्सिलोना भी वर्ष 2009 में यह उपलब्धि हासिल कर चुका है।**

संजय बांगड़ बने आरसीबी के बल्लेबाजी सलाहकार

बेंगलुरु, आईपीएल की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ को टीम का बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया है। आरसीबी ने ट्विटर के जरिये बांगड़ की नियुक्ति की जानकारी दी। बांगड़ के पास कोचिंग का बड़ा अनुभव है। बांगड़ वर्ष 2014 से 2019 तक भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। इसके अलावा बांगड़ आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब तथा कोच्चि टस्कर्स केरेला टीम के कोच भी रह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि संजय बांगड़ बेहतरीन ऑल राउंडर के रूप में पहचाने जाते हैं। बांगड़ ने भारत के लिये 12 टेस्ट तथा 15 वन-डे मैच खेले हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

सांस्कृतिक धरोहर के जीर्णोद्धार के लिये भारत देगा नेपाल को धन राशि

भारत ने नेपाल की मदद करने के लिये एक सौ बयालीस करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता पर करार किया है। नेपाल की राजधानी काठमांडु में बीते दिनों दोनों देशों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुये। करार के तहत भारत द्वारा नेपाल की तीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक इमारतों के पुनर्निर्माण में सहायता की जायेगी। इन इमारतों के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी भारतीय निर्माण कंपनी इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज इंटेक को दी गई है।

- **भारत ने नेपाल की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की 3 इमारतों के जीर्णोद्धार के लिये वित्तीय सहायता मंजूर की है।**

तमिलनाडु में

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित की तेल और गैस क्षेत्र की प्रमुख परियोजनाएं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तमिलनाडु में तेल और गैस क्षेत्र की प्रमुख परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और कुछ की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने रामनाथपुरम - थुथुकुडी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मनाली में गैसोलीन डीसल्फसराइजेशन इकाई राष्ट्र को समर्पित की। उन्होंने नागपट्टीनम में कावेरी बेसिन रिफाइनरी की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल और मुख्यमंत्री और केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए काम कर रहा है, यह हमारी ऊर्जा आयात निर्भरता को कम कर रहा है और आयात स्रोतों में विविधता ला रहा है। इसके लिए क्षमता निर्माण किया जा रहा है। 2019-20 में,

रिफाइनिंग क्षमता में भारत दुनिया में चौथे स्थान पर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग 65.2 मिलियन टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया गया है। यह संख्या और भी अधिक बढ़ने की उम्मीद है। भारतीय तेल और गैस कंपनियों की 27 देशों में उपस्थिति के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इनमें लगभग दो लाख सत्तर हजार करोड़ रुपये का निवेश है।

बन नेशन बन गैस ग्रिड के दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा "हमने पांच वर्षों में तेल और गैस बुनियादी ढांचे को बनाने में साढ़े सात लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। 407 जिलों को शामिल करके शहर के गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार पर जोर दिया गया है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि रामनाथपुरम से तूतिकोरिन तक इंडियन ऑयल की 143 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइप लाइन का आज शुभारंभ हो रहा है जो ओएनजीसी गैस क्षेत्रों से गैस का उपयोग करेगी। यह 4,500 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही एक बड़ी प्राकृतिक गैस पाइप लाइन परियोजना का एक हिस्सा है। इससे एन्नोर, थिरुवल्लूर, बेंगलुरु, पुदुचेरी, नागपट्टीनम, मदुरै और तूतिकोरिन को लाभ मिलेगा।

- **पिछले छह वर्षों में, तमिलनाडु में तेल और गैस परियोजनाओं के लिए 50,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।**
- **नागपट्टीनम में सीपीसीएल की नई रिफाइनरी में सामग्री और सेवाओं की 80 प्रतिशत स्वदेशी सोर्सिंग का अनुमान लगाया गया है।**

इसरो ने

पहली बार निजी कंपनियों के लिये खोला सैटेलाइट केंद्र

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पहली बार निजी कंपनियों के लिये सैटेलाइट सेंटर खोला है। भारतीय स्टार्टअप्स के दो सैटेलाइट स्पेसकिड्ज इंडिया और पिक्सल का इसरो के यूआर राव सैटेलाइट केंद्र में परीक्षण हुआ। ज्ञात रहे कि भारत ने पिछले साल जून में अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिये खोलने का ऐलान किया था। इसरो के चेयरमैन के. सिवन के अनुसार उनके पास 26 प्रपोजल हैं, जिनमें अमेरिका स्थित वेव सर्विसेज, भारती ग्रुप के सपोर्ट से चलने वाली यूके स्थित वन वेब के प्रस्ताव भी हैं।

- **50 साल में पहली बार निजी कंपनियों के लिये खोला गया सैटेलाइट सेंटर।**
- **डिजिटल मैप बनाने वाली कंपनी मैप आई इंडिया ने इसरो के साथ करार किया है।**
- **कंपनी की घोषणा के अनुसार वह इसरो के साथ मिलकर देश में सबसे अच्छा और स्वदेशी मानचित्रण पोर्टल स्थापित करेगी।**

रूस का

मालवाहक यान अंतरिक्ष स्टेशन के लिये हुआ रवाना

रूस के मानवरहित मालवाहक यान को सफलतापूर्वक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिये प्रक्षेपित किया गया है। प्रोग्रेस MS-16 मालवाहक यान को रूसी लीज वाले कजाकिस्तान के बैकनूर प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित कर दिया गया। यह पानी, प्रणोदक और अन्य सामान लेकर गया है।

अंतरिक्ष स्टेशन का संचालन नासा के केट रूबिन्स, माइकल हॉपकिन्स, विक्टर ग्लोवर और शैनन वाकर, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री सोएची नोगुची और रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमॉस के सर्गेई राइजीकोव और सेर्गे कुड-स्वेर्चकोव कर रहे हैं।

2021 इंडियास्पोरा गवर्नमेंट लीडर्स

भारतीय मूल के 200 लोग शीर्ष पदों पर हैं काबिज

दुनियाभर के भारतीय अचीवर्स की लिस्ट '2021 इंडियास्पोरा गवर्नमेंट लीडर्स' जारी हो गयी है। इस लिस्ट में शामिल नाम बताते हैं कि भारतीय मूल के लोग दुनियाभर में अपनी योग्यता का डंका बजा रहे हैं। सूची के जरिये बताया गया है कि भारतीय मूल के 200 से अधिक नेता दुनियाभर के 15 देशों में नेतृत्व पदों पर काबिज हैं।

लिस्ट में अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस, सीनेटर अमी बेरा और ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक का भी नाम है। यह लिस्ट सरकारी वेबसाइटों और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अन्य संसाधनों के आधार पर तैयार की गई है।

इंडियास्पोरा के संस्थापक और उद्योगपति एम.आर. रंगास्वामी ने बताया कि भारतीय मूल के लोगों ने जिन बड़े देशों में दबदबा कायम किया है उनकी जीडीपी करीब 28 ट्रिलियन डॉलर के आसपास है।

- **इनमें 60 लोग विभिन्न देशों की कैबिनेट में भी शामिल हैं।**
- **शीर्ष पदों पर नियुक्त डिप्लोमेट, सांसद और बैंक के प्रमुख भी लिस्ट में शामिल हैं।**

न्यूजीलैंड

अफगानिस्तान में सैनिकों की तैनाती खत्म करेगा

न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा ऑर्डन ने कहा है कि उनका देश अपने सैनिकों को अफगानिस्तान से जल्द ही वापस बुला रहा है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की आंतरिक शांति प्रक्रिया ने अशांत देश में स्थायी राजनीतिक समाधान के लिये बेहतर तरीके से काम किया। उन्होंने माना कि अब न्यूजीलैंड रक्षा बल का वहां कोई काम शेष नहीं है।

ऑर्डन ने कहा कि अफगानिस्तान में तैनाती लंबे समय तक चलने वाली रिकॉर्ड तैनाती है। उन्होंने शहीद हुये 10 रक्षकों को श्रद्धांजलि भी दी।

- **सैनिक दो दशक से ज्यादा अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया के लिये तैनात थे।**
- **2001 से अफगानिस्तान में कुल 3,500 न्यूजीलैंड सैनिकों ने अपनी सेवायें दी हैं।**

ईरान ने अत्याधुनिक मिसाइल का परीक्षण किया

ईरान की सेना ने एक कम दूरी की मिसाइल का परीक्षण किया है। आर्म्स ग्राउंड फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल किओमार्स हैदरी ने कहा कि इस मिसाइल को ईरान ने स्वदेशी तकनीक से बनाया है। यह एक स्मार्ट मिसाइल है जो किसी भी मौसम में मार करने में सक्षम है। वहीं ईरानी सेना के उप-प्रमुख एडमिरल हबीबुल्लाह सैय्यारी ने बताया कि ईरान और रूस निकट भविष्य में हिंद महासागर के उत्तरी हिस्से में एक संयुक्त नौसैनिक ड्रिल करेंगे, ड्रिल में सुरक्षा को मजबूत रखने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे पहले ईरान 2019 में नौसैनिक ड्रिल कर चुका है।

भारतीय सांकेतिक भाषा

शब्दकोश का तीसरा संस्करण जारी

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री थावरचंद गहलोत ने 10,000 शब्दों (6,000 शब्द पहले से मौजूद) के साथ 'भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) के शब्दकोश का तीसरा संस्करण' जारी किया। इसे भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) द्वारा तैयार किया गया है। आईएसएलआरटीसी सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग व्यक्तियों के विभाग (दिव्यांगजन सशक्तिकरण) के तहत एक स्वायत्त संस्थान है। श्री थावरचंद गहलोत ने इस तरह के मूल्यवान शब्दकोश को लाने के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) की सराहना करते हुए कहा आईएसएलआरटीसी शब्दकोश का पहला संस्करण 23 मार्च 2018 को 3000 शब्दों के साथ और दूसरा संस्करण 6000 शब्द के साथ (पहले 3000 शब्द सहित) 27 फरवरी 2019 को लॉन्च किया गया था। जारी किए गए तीसरे संस्करण में रोजमर्रा के उपयोग के शब्द, अकादमिक शब्द, कानूनी और प्रशासनिक शब्द, चिकित्सा शब्द, तकनीकी शब्द और कृषि से संबंधित 10 हजार शब्द शामिल हो गए हैं।

तेजी से विश्व शक्ति के रूप में उभरने पर भारत का स्वागत : अमेरिका

अमेरिका ने माना है कि भारत तेजी से विश्व शक्ति के रूप में उभरा है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि हम भारत के विश्व की एक प्रमुख शक्ति के रूप में उदय का स्वागत करते हैं। अमेरिका ने भारत को हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में अपना सबसे अहम साझेदार करार दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। पिछले दिनों वाशिंगटन में क्वॉड वार्ता के दौरान यह मुलाकात हुई।

म्यांमार पर चर्चा करते हुये ब्लिंकन ने कहा कि सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार की जनता के हितों को सर्वापरि रखना है।

ब्लिंकन और एस. जयशंकर ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग के महत्व सहित अन्य घटनाक्रमों पर भी विचार विमर्श किया। अमेरिका के विदेश मंत्रालय प्रवक्ता नेड प्राइस ने वार्ता के बाद कहा कि अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी व्यापक होने के साथ-साथ बहुआयामी है।

- **बाइडेन प्रशासन ने 'क्वॉड' को स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र की स्थापना के लिये भारत सहित अन्य निकटतम सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया।**
- **क्वॉड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का अनौपचारिक सुरक्षा समूह है। इसका मकसद सामरिक रूप से अहम हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है।**

म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ प्रदर्शन जारी

म्यांमार में जब से सैन्य तख्तापलट हुआ है तब से जनता का विद्रोह तेज हो गया है। तख्तापलट के बाद प्रदर्शनों को कुचलने के लिये सड़कों पर टैंक तैनात कर दिये गये हैं। बख्तरबंद गाड़ियां सड़कों पर गश्त लगाती रहती हैं। कुछ इलाकों में गोलीबारी की खबरें भी आयी हैं। इस बीच सेना ने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी है कि अगर सेना की कार्रवाई में किसी ने भी अड़चन डाली तो सीधे 200 साल की जेल की सजा भुगतनी होगी। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सैन्य नेताओं के खिलाफ घृणा या अवमानना के लिये उकसाने वालों पर भी लंबी अवधि की सजा और जुर्माना भी लगाया जायेगा। ज्ञात रहे कि म्यांमार की सर्वोच्च नेता आंग सान सू की रिहाई और लोकतांत्रिक सरकार को बहाल करने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन सेना के खिलाफ चल रहा है। हालांकि सेना ने आंग सान सू की पर आरोप लगाते हुये फैसला किया है कि उन्हें कोर्ट की अनुमति के बिना हिरासत में अनिश्चितकाल के लिये रखा जा सकता है और साथ ही सेना ने फिर से इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी है।

- **यूरोपीय यूनियन, ब्रिटेन और कनाडा सहित कई देशों ने अपील की है कि म्यांमार के सुरक्षाबल सशस्त्र कार्रवाई से परहेज करें।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अपने पर भरोसा करने से असंभव भी संभव हो जाता है – नीतिवचन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार | मध्यप्रदेश शासन

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन

सुमन

suman.nhp.gov.in

आदर सम्मान के साथ
मुफ्त उपचार, सुमन के साथ
मिलेंगी खुशियाँ अपार

- ऐम्बुलेंस सेवा - 108
- कम से कम 4 प्रसवपूर्ण जाँच सेवा यूएसजी सहित
- डिलीवरी नार्मल या ऑपरेशन (सी-सेक्शन) से
- माँ के लिए लैब टेस्ट, दवाएं (गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के 6 महीने बाद तक) और शिशु के लिए (1 साल तक)
- आदर सम्मान के साथ देखभाल
- शिकायत निवारण सुविधा (टोल-फ्री नंबर 104)

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन "सुमन" अभियान
के अंतर्गत निःशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाएं।

अगर कोई असुविधा हो, तो कॉल करें - **104**

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2021

M.P. Madhyam/99999/R-45224/2021

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।